# टीबीटी अवार्ड समारोह में सम्मानित हुए सैकड़ों शिक्षक

● मिथिलेश कुमार

पटना लॉ कॉलेज (पटना विश्वविद्यालय,पटना) के शताब्दी भवन के सभागार में बिहार के 38 जिलों से लगभग ढाई सौ सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया, यह शिक्षक स्वत:प्रेरित होकर ,नि:शुल्क ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्कृष्टता के आधार पर चयनित होते हैं । बिहार के सभी 38 जिलों के शिक्षक का चयन टीबीटी अवार्ड 2024 के लिए किया गया था। यह शिक्षक सालों भर ऑनलाइन शिक्षक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में जुड़कर, सृजनात्मक तरीके से बच्चों के भविष्य निर्माण का कार्य कर रहे हैं। टीबीटी-द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर के द्वारा पटना लॉ कॉलेज पटना के सभागार में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । यह प्लेटफार्म सोशल मीडिया नवाचार शिक्षा का बहुत बड़ा प्लेटफार्म है, जो सदैव सरकारी शिक्षकों के माध्यम से बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यों को संपादित करता रहा है और करता रहेगा । उन्ही शिक्षकों को जिन्होंने इस कार्य में एक पहचान बनाई है, को बिहार के विभिन्न ख्याति प्राप्त विभूतियों के द्वारा उनके कर कमल के द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों के द्वारा सभी ढाई सौ चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता श्री अवधेश नारायण सिंह सभापति बिहार विधान परिषद तथा अन्य विशिष्ट अतिथि महान गणितज्ञ प्रोफेसर के.सी. सिन्हा (पूर्व कुलपति नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी पटना), डॉ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (पूर्व डीन, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय), बी.के.चौधरी जी (निदेशक, सीआईडी पटना,बिहार), एससीईआरटी के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र सिन्हा तथा अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर स्टेट ऐडमिन अरविन्द कुमार ने बताया कि सभी स्टेट ऐडमिन द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा एंकरिंग टीम की अध्यक्षता कर रहे स्टेट कुमार मदन मोहन झा, , लोकगीत टीम की अध्यक्षता कर रहे धर्मेंद्र कुमार, लोकनृत्य टीम की अध्यक्षता कर रहे रश्मिबाला वर्णवाल, कव्वाली टीम की अध्यक्षता कर रहे रीता कुमारी, नाटक टीम की अध्यक्षता कर रहे डॉ शिव कुमार प्रसाद तथा फुडींग टीम की अध्यक्षता कर रहे राजन कुमार का भरपूर सहयोग रहा । वहीं कार्यक्रम की सफलता के लिए अतिथियों के आमंत्रण हेतु आमंत्रण टीम की अध्यक्षता करने का दायित्व टीबीटी मंच से जुड़े 38 हजार शिक्षकों में प्रफुल्लित शिक्षक सुरेश कुमार को दिया गया जिसे उनके द्वारा सहर्ष स्वीकार भी किया गया। विभिन्न टीमों की अध्यक्षता कर रहे स्टेट ऐडमिन व शिक्षक साथी को निरंतर मार्गदर्शन दे रहे स्टेट एडमिन अरविन्द कुमार द्वारा बताया गया कि स्टेट एडमिन रजनीश कुमार और टीबीटी की सोच के संस्थापक डॉक्टर कुमार गौरव के स्नेहिल परामर्श से ही कार्यक्रम सफलता की चरम पराकाष्ठा को पार कर पाया। उनके द्वारा आगे बताया गया कि इस सम्मान कार्यक्रम के बहाने शिक्षकों का उत्साहववध न करते हुए उनके नवाचार को एक-दूसरे के मध्य साझा करना और आईसीटी फ्रेंडली बनाना है जो कि वर्तमान समय की मांग भी है।●




# 'बतकही' कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

● मिथिलेश कुमार

विश्व मगही परिषद् और मगध न्यूज चैनल 'मगध के आवाज, भारत के आवाज' के संयुक्त तत्वावधान में मगही भाषा के विकास हेतु आयोजित 'बतकही' कार्यक्रम का आज सफल आयोजन हुआ। इस विशेष कार्यक्रम का प्रसारण मगध न्यूज चैनल पर दोपहर 2 बजे किया गया, जिसमें मगही भाषा और उसकी सांस्कृतिक धरोहर के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नवादा (बिहार) जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार, पत्रकार और 'मगही रत्न' श्री राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनकी गरिमामयी उपस्थति में 'बतकही' एक नये कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। उन्होंने मगही भाषा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा, मगध का इतिहास समृद्ध और गौरवशाली है। यदि हम भारत के इतिहास से मगध को हटा दें, तो शेष इतिहास अधूरा रह जाएगा। मगध साम्राज्य ने बिना किसी युद्ध के अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। उन्होंने जरासंध और भगवान श्रीकृष्ण के बीच हुई ऐतिहासिक घटनाओं को भी रेखांकित किया और मगध की सांस्कृतिक समृद्धि की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालमणि विक्रांत भी उपस्थित थे। उन्होंने मगही भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए संगठनों के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अगर सभी संगठन एक साथ कार्य करें, तो मगही भाषा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया जा सकता है। कविवर लालमणि विक्रांत ने अपनी 'मगही भाषा' शीर्षक मगही कविता का पाठ भी किया। कविता की पंक्ति है-

**मगही ज्ञानभूमि के भाषा,**
**जेकर धजा उड़ल अकासा,**
**हइ पताल में पसरल एकर सोर हो भैया।**

कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी सहयोग प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण, अंतरराष्ट्रीय महासचिव, विश्व मगही परिषद् द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि 'बतकही' एक नया कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मगही भाषा को प्रोत्साहित करना नहीं है, बल्कि इसकी सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करना है। उन्होंने मगही भाषा के विकास के लिए अनोखी पहल, विश्व मगही परिषद् नई दिल्ली और मगध न्यूज चैनल के नये कार्यक्रम 'बतकही' को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि मगही भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। इस कार्यक्रम ने मगही भाषा प्रेमियों के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया और इसकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि मगही भाषा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है।●



# बच्चों के बीच जिला स्तरीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन

● अमित कुमार सिंह

राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले बच्चों के बीच जिला स्तरीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन बड़ी ही कुशलता पूर्वक किया गया। इस टैलेंट हंट प्रतियोगिता में चयनित बच्चों का सम्मान समारोह नगर भवन नवादा में माननीय सांसद श्री विवेक ठाकुर जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। जिले भर से लगभग 800 परीक्षार्थी आज इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों से आए बच्चों में प्रतियोगिता के प्रति बहुत ही उत्साह देखा गया। बच्चों के साथ आए अभिभावक भी बहुत ही खुश नजर आए। राष्ट्रीय कवि संगम के प्रत्येक सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना योगदान दिया। राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार ने परीक्षा का शुभारंभ करवाया उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय कवि संगम के महामंत्री नितेश कपूर ने बताया कि बच्चों में परीक्षा के प्रति बहुत ज्यादा उत्साह देखा गया और उन्होंने बताया कि आने वाले समय में हर वर्ष इस तरह की बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सुनील आनंद ने परीक्षा में सम्मिलित हुए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। वही टैलेंट हंट प्रतियोगिता में ग्रुप ए से अमित कुमार पुलकित राज, सुभानी कुमारी ग्रुप बी से तरुण कुमार ,ऋतुराज ,अभिज्ञान भास्कर, ग्रुप सी से केशव कुमार ,सूरज कुमार और शुभम कुमार,ग्रुप डी से काजल कुमारी, प्रिया कश्यप ,ओंकार भास्कर ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ग्रुप से 20-20 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक



कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसके लिए संस्था के लोगों ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पाठशाला,दिल्ली सेंट्रल स्कूल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआ ,दून पब्लिक स्कूल, फिजिक्स फॉर यू संस्था के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बच्चों एवं शिक्षकों और मीडिया का सम्मान समारोह नवादा सांसद श्री विवेक ठाकुर जी के द्वारा किया गया। सांसद महोदय का सम्मान संस्था के लोगों ने पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर किया। सांसद महोदय ने कार्यक्रम को लेकर सभी बच्चों एवं अभिभावकों का अभिवादन किया और नवादा में बेहतर शिक्षा प्रणाली की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को बच्चों को उनके द्वारा संसद भवन घुमाने की घोषणा की।विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे राज नर्सिंग पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट पटना से पहुंचे डॉक्टर एनपी प्रियदर्शी और राजेश जी का सम्मान कार्यक्रम संयोजक सुनील आनंद और कवि संगम के उपाध्यक्ष श्री उत्पल भारद्वाज ने अंग वस्त्र और मोमेंट देकर किया। राष्ट्रीय कवि संगम के महामंत्री नितेश कपूर ने माननीय सांसद को उनके नाम पर अपनी स्व रचित कविता मोमेंटो के रूप में सप्रेम भेंट किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से नालंदा से आए कवि एवं शेयर नवनीत कृष्ण ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अन्य कवियों के रूप में गौतम कुमार सरगम, प्रो रतन मिश्रा, उत्पल भारद्वाज, कवि दयानंद प्रसाद गुप्ता, वीणा मिश्रा, एस के सिद्धार्थ, रेजा तस्लीम, श्याम सुंदर, सागर इंडिया, इत्यादि ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। राष्ट्रगान जन गण मन से कार्यक्रम की समाप्ति हुई। यह कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय कवि संगम के उपाध्यक्ष श्री उत्पल भारद्वाज, सक्रिय सदस्य एवं शिक्षक राजेश खन्ना, रंजन सर, श्याम सुंदर सर, गौतम सरगम, राजेश सर, अनुज कुमार, सुमित, सूर्यकांत, रजनीश, गुड्डू, इशांत, आरती, संजीव, आशुतोष पांडे, नम्रता, विश्वभूषण, रितेश, आर के रौशन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।●






# बलात्कारियों व हत्यारों को फांसी की सजा मिले : डॉ. के.पी. सिंह

● अमित कुमार सिंह/अनिता सिंह

पूर्वी चम्पारण में वालिका निशा कुमारी के साथ दुष्कर्म व हत्या का मामला तुल पकड़ने लगा है पुरे बिहार में विरोध प्रदर्शन जारी है अध्यक्ष डॉ० के. पी. सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन एवं कैडिल मार्च निकाला गया उन्होने कहा ि कइस घटना से मूलय अति पिछड़ा समाज बहुत दुखी है मैं भी मर्माहत ह। मै सरकार से मांग करता है। कि दुष्कर्मी के विरूद्ध शख्त कानुनी कारबाई की जाय इस मामले सरकार को गंभीरता से संज्ञान में लेनी चाहिए उन्होने कहा कि कड़ी निंदा कहते हुये कहा कि मूल अतिपिछड़ा अनुसूचित जाति जन जाति, बंचित आरोपित एवं किसी समाज कि महिलाओं के साथ इस तरह की घटना होती है। तो हम न्याय के लिए आवाज उठाते रहेगे। इस घटना के दोषियों को अविलम्ब गिरफतार किया जा। सरकार इस जध्न्य अपराध की लिए फासी की सजा दिलाए। मंच के उपाध्यक्ष कमलेश सैनी ने मॉग किया कि जिसतरह एस. सी. एस. टी. बनाया गया उसी तरह मूल अपिपिछड़ा समाज



के लिए एक्ट बनाया जाय। जो घटना हुये बहुत ही निदनीय है नंदबंशी समाज अकेला नही 110 जाति साथ है जवतक न्याय नही मिलेगा तव तक संघर्ष जारी रहेगा। दोषियों को कडी से कड़ी कानूनी करवाई की जाय। ताकि भविष्य में ऐसी घटना ना है। नंदबंशी चेतना मंच. के अध्यक्ष डॉ रवि शंकर शर्मा ने कहा कि बालिका के साथ दुष्कर्म व हत्या की धटना को अंजाम देने बाले बदमासों को सरकार कडी से कड़ी सजा दे। मूल अति पिछड़ा वर्ग के नंदवंशी समाज की मोतिहारी जिले में मधुवन थाना क्षेत्र के रूपनी पंचायत के गुरमिया गाँव मे पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुये दिन में ही ग्रेजुऐट की छाघ्त्रा निशा कुमारी को मामा के घर में घुसकर वलत्कार कर कुलहाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दिया गया। बुद्धिजीवी मंच इसकी न्याय तक सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यकर्ता ने कहा नंदवंशी समाज मत घबराना, 110 जाति मूल अतिपिछड़ा समाज आप कंधा से कंधा मिलकर हर मोड़ पर तैयार है। साथ ही इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर भ्रमण कर दोषियों को फासी की सजा दो अन्य नारे लगाते रहे मौके पर बंटी शर्मा, नंदकिशोर चंद्रवंशी, सुनील पंडित, उमेश शर्मा, उपेन्द्र शर्मा, प्रमोद चंद्रवंशी, पंकज शर्मा, अरविंद अदरखी, अनिल मंडल, प्रमोद चंद्रवंशी, पप्पू कानू, पवन चंद्रवंशी, राजकुमार मालाकार, भोला मिस्त्री, प्रभाकांत शर्मा यूवा दिलों यूवा नेता लब कुश चन्द्रबंशी अनवर भट्ट मिलन सिंह चन्द्रबंशी, मुन्ना कुमार, अजय सिंह, रवि शंकर चन्द्रबंशी समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।●

## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेल:- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**

# IPS आइए हमरा बिहार में... बना देंगे दो लाख तीस हजार में!

● संदीप कुमार

जी हाँ, यह बिहार है जहाँ दो लाख तीस हजार रूपये में आईपीएस बिना युपीएससी पास किये बनाये जाते हैं। सुनने में थोड़ा अजीब जरूर है लेकिन ऐसा हुआ है। हाँ बनाया तो जाता है लेकिन असली नहीं नकली। सोशल मिडिया पर बीते दिनों ट्रेंड हो रहें यह खबर विभिन्न न्यूज चैनलों और प्रिंट मिडिया में सुर्खियों में रही है। बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में एक बाइक पर आईपीएस की वर्दी और टोपी में एक अठारह बर्ष का लड़का बाजार का भ्रमण करता है और उसे स्थानीय पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछ ताछ करने थाने लाती है। उसके कमर में एक पिस्टल भी होता है जो भी नकली ही होता है। हैरत अंगेज करने वाली बात यह होती है की आखिर यह है कौन और ऐसा करने के लिये इसे किसने इजाजत दी है। हिरासत में लिये गए युवक की पहचान फर्जी आईपीएस मिथलेश मांझी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि एक व्यक्ति ने 2 लाख तीस हजार रुपये में उसे आईपीएस अधिकारी बनाया है. मतलब साफ है कि मिथलेश मांझी बड़ी ठगी का शिकार हो गया. पुलिस ने उसकी वर्दी जब्त कर ली और उसे जेल नही भेजते हुए बॉन्ड भरवा कर छोड़ दिया. खाकी वर्दी छीनने के बाद मिथलेश मांझी अब नए रास्ते पर निकल चुका है. अब उसने पुलिस अधिकारी का सपना छोड़कर डॉक्टर बनने का फैसला किया है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में मिथिलेश कह रहा है कि अब वह पुलिस नहीं बनेंगे. बनेंगे तो डॉक्टर बनेंगे. इस सवाल पर कि डॉक्टर बनकर क्या करोगे? इस पर जवाब में कहता है कि सबको बचाएगा. धोखाधड़ी के बाद मिथिलेश का यह वीडियो जैसे ही सोशल मिडिया पर आया तो लोग कमेंट करके मजे भी लेने लगे। बता दें कि फर्जी आईपीएस अधिकारी के रूप में गिरफ्तार युवक का नाम मिथलेश कुमार है. वह लखीसराय जिले के हलसी इलाके गोवर्धनबीघा का रहने वाला है. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तब पता चला कि उससे 2.3 लाख में नौकरी देने का झांसा दिया गया था. वह 2 लाख रुपये का भुगतान भी कर चुका है. फर्जी आईपीएस ने बताया कि किसी मनोज सिंह नामक शख्स ने 2 लाख रुपये लेकर उसके शरीर का नाप लिया और आईपीएस की वर्दी, आईपीएस का बैच और एक टॉय पिस्टल थमा कर कहा कि आज से तुम आईपीएस अधिकारी बन गए हो.





☞ **2.30 लाख में वर्दी से लेकर पिस्टल देने तक हुई पूरी डील :-** ऐसा लगता है जैसे 'नकली' की दुनिया हो गई है. कई लोग दूसरे को 'चूना' लगाने की फिराक में रहते हैं. अब बिहार में 'चूने' वाले आईपीएस की कहानी जान लोग हैरान है लड़का आजकल सुर्खियों में है. वजह है 18 साल की उम्र में आईपीएस बन जाना, वह भी बिना यूपीएससी की परीक्षा पास किए हुए. नाम है मिथिलेश कुमार. कंधे पर आईपीएस का बैच, तीन स्टार और सिर पर आईपीएस की टोपी.

☞ **मिथिलेश को मनोज ने 'चूना' लगा दिया :-** ये तो हर किसी को पता है कि बिहार में अक्सर ही लोगों को 'चूना' लगा दिया जाता है, पर आईपीएस का 'चूना' शायद ही कोई शातिर लगाया हो. खैर, मिथिलेश कुमार जब पूछा गया कि तुम पुलिस अधिकारी कैसे बने, तो उसने मनोज सिंह का नाम लिया। मिथिलेश ने बताया कि 2 लाख रुपये मनोज सिंह को दिए हैं, तब जाकर यह वर्दी मिली है. पिस्टल मिला है, 30 हजार देना अभी बाकी है. यही नहीं रौब जमाने के लिए मिथिलेश मांझी ने महंगी बाइक भी रखी थी. जिसपर पुलिस का स्टीकर चिपका हुआ था.

☞ **कब क्या बोलता है, पते नहीं चलता है :-** जब उसकी मां से पूछा गया बाइक कहां से मिला तो उनका जवाब था, दहेज में मोटरसाइकिल मिला है. वो भी किस्त पर. 'पिंकी देवी कहती हैं, बेटा कब क्या बोलता है, पते नहीं चलता है. मेरे पति ईंट भट्ठा पर काम करते हैं. बेटा पढ़ाई करता है. पता नहीं ये सब कैसे हुआ. मिथलेश मांझी लखीसराय के हलसी थाना क्षेत्र के गोवर्धन बीघा गांव का रहना वाला है. जमुई के खैरा चौक पर वह अपनी रौब दिखा रहा था. लोगों को जब शक हुआ तो पुलिस में शिकायत की. इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ ले गई.

☞ **मनोज सिंह की खोज में जमुई पुलिस :-** सवाल उठता है कि, आखिर मनोज सिंह कौन है जो लोगों को गुमराह कर रहा है. युवाओं को फर्जी आईपीएस बना रहा है. वर्दी से लेकर नकली पिस्टल तक मुहैया करा रहा है. खैर पुलिस अब इस तहकीकात में जुट गई है। हालांकि मिथिलेश मांझी आईपीएस नहीं बना लेकिन सोशल मिडिया ने इसे सुर्खियों में ला दिया हैं। भोजपुरी लोक गायक शिवेश मिश्रा सहित कई लोगों ने उसे आर्थिक मदद के साथ उसके सपनो को पूरा करने के लिये मेहनत करने की नसीहत दिया। बहरहाल बिहार में साइबर अपराध के बाद फर्जी दारोगा, इंस्पेक्टर और आईपी एस बनने की होड़ लगी है।●

# आई.जी. शिवदीप लांडे ने किया पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

## ड्रग्स कारोबारियों को गिरफ्तार करने का दिया निर्देश

● अब्दुल कैय्यूम



पूर्णिया रेंज के आईजी शिवदीप लांडे पहुंचे अररिया पहुँच कर जिला मुख्यालय स्थित एसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक की। इस के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस वक्त सबसे ज्यादा युवक ड्रग्स के नशे के गिरफ्त में हो रहे हैं। जो एक जनरेशन को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि इस जैसे धंधे के छोटे-मोटे काम करने वाले को गिरफ्तार कर कुछ नहीं होगा। इसके सरगना को पकड़ने की जरूरत है। तब जाकर इसमें कुछ अंकुश लग सकेगा। उन्होंने कहा कि अररिया जिला में मैंने काफी समय एसपी के रूप में काम किया है। यहां की स्थिति से पूरी तरह से वाकिफ हूं। यहां उस समय जमीन के विवाद जैसे मामले काफी फैले हुए थे। जिस पर मैंने अंकुश लगाने का काम किया था। उन्होंने कहा कि अभी सबसे ज्यादा जरूरत नशे के कारोबारी पर अंकुश लगाने की है। इसके लिए मैंने यहां के एसपी सहित पुलिस पदाधिकारी को कई निर्देश दिए हैं। और उन्होंने कहा कि मैं चार जिले को देखता हूं लेकिन मैंने सारे एसपी को निर्देश दे रखा है कि मैं एक अभिभावक के रूप में आपके साथ हर समय उपस्थित रहूंगा और जैसी भी सहयोग चाहिए मैं उसे मुहैया कराऊंगा। इसके उपरांत आईजी शिवदीप लांडे पुलिस लाइन के निर्माणाधीन स्थल पर हाड़ियाबाडा पंचायत पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस लाइन के निर्माण कार्य का जायजा लिया और उन्होंने बताया कि 53 करोड़ की लागत से यह पुलिस लाइन बन रहा है। जहां पुलिस परिवार को अपने रहने का पूरा इंतजाम होगा। यहां सारी आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी। इस निर्माण कार्य को जल्दी पूरा कर लिया जाएगा ताकि अररिया पुलिस लाइन यहां शिफ्ट हो सके। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह हैप्पी मोमेंट है कि पुलिस लाइन बन रहा है। हम लोग सोसायटी के लिए काम तो करते हैं। लेकिन अपने लिए कुछ काम नहीं हो पाता लेकिन यह एक बड़ा काम हो रहा है ये जल्द ही पूरा हो जायेगा। ●



# एसपी किशनगंज के साथ आई.जी. का क्राइम कंट्रोल को लेकर बैठक

● धर्मेन्द्र सिंह

पूर्णिया आईजी का पदभार ग्रहण करने के बाद शिवदीप वामन राव लांडे 11 सितंबर को किशनगंज पहुंचे और क्राइम कंट्रोल को लेकर किशनगंज एसपी सागर कुमार के साथ बैठक की। किशनगंज पहुंचने पर सबसे पहले आईजी शिवदीप लांडे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद बैठक खत्म होने के बाद वो मीडिया से रू-ब-रू हुए और किशनगंज एसपी सागर कुमार द्वारा किशनगंज में अपराध नियंत्रण की दिशा में किए जा रहे कामों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षो के मुकाबले जहां हत्याओं का अनुपात घटा है, वहीं, अन्य अपराधों में भी कमी आयी है। शिवदीप लांडे ने कहा कि जमीन विवाद की वजह से हत्याओं का दौर बढ़ा था



लेकिन अब थानों में जमीन विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई प्रोपर तरीके से हो रही है, जिस वजह से लैंड डिस्प्यूट से हो रही हत्याएं कम हुई है। वहीं, उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में जब वो किशनगंज में एसपी के रूप में अतिरिक्त प्रभार में थे तो इंट्री माफियाओं को सबक सिखया था। वहीं अवैध तरीके से गिट्टी की ढुलाई होती थी, जिस वजह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता था लेकिन अब उसकी भी बंदोबस्ती कर दी गई है और इससे भ्रष्टाचार और अपराध में कमी आयी है। साथ ही साथ उन्होंने नॉनबैंकिंग और प्राइवेट बैंकों द्वारा लोगो का आर्थिक शोषण रोकने के दिशा में कदम उठाने पर भी बल दिया।सीमांचल में बढ़ रहे स्मैक के नशे को रोकने के लिए उन्होंने मजबूत और ठोस रणनीति बनाने की बात कही। कुल मिलाकर किशनगंज में निरीक्षण के दौरान वो एसपी सागर कुमार के कार्यो से संतुष्ट दिखे।●

# स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान की सफलता को लेकर डीएम ने की बैठक

● अब्दुल कैय्यूम

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2024 अभियान अररिया जिला में दिनांक 17.09. 2024 से 02.10.2024 तक आयोजित किया जाना है। इसके सफल संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी अररिया अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणलय स्थित आत्मन सभागार में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उक्त अभियान से संबंधित प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन भी किया गया। बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण के स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अन्तर्गत SBM के कारण स्वच्छता के क्षेत्र में आए बदलाव एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाया जाना है, जिसका थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' है। स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2024 अभियान का शुभारंभ दिनांक 17.09.2024 को जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निदेशित किया गया कि जांच शिविर का आयोजन कर स्वच्छता कर्मीयों का स्वास्थ्य जांच तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार शिक्षा विभाग को



सभी विद्यालयों की सफाई, स्वच्छता से संबंधित निबंध, चित्रकला आदि प्रत्योगिता का आयोजन विद्यालय/प्रखंड/जिलास्तर पर सुनिश्चित कराने, जीविका डीपीएम को जीविका के सभी समुदाय अधारित संगठनों में सफाई अभियान, स्वच्छता पर चर्चा, सूखा-गीला कचरा पृथक्करण का प्रदर्शन सुनश्चित कराने, साथ ही कचरा/अपशिष्ट पदार्थो से उपयोगी वस्तु के निर्माण की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को सभी पानी की टंकी की सफा-सफाई सुनिश्चित कराने हेतु निदेशित किया गया। सभी कार्यपालक पदधिकारी नगर परिषद को अपने-अपने क्षेत्र में यदि कचरा डपिंग यार्ड चिन्हित नहीं किया गया तो इसे अविलम्ब चिन्हित करें तथा चिन्हत स्थल पर ही कचरा का संग्रह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही श्रमदान अभियान हेतु भी सभी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत विभिन्न माध्यमों द्वारा जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया ताकि ताकि स्वच्छता को लेकर एक बेहतर संदेश दिया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त अररिया, सिविल सर्जन अररिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी अररिया, जिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अररिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका अररिया, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।●

# अररिया सांसद का हुआ नागरिक अभिनंदन



● अब्दुल कैय्यूम

अररिया के नवनिर्वाचित सांसद प्रदीप सिंह का शुक्रवार को पलासी मोहनियां चौक पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि हारून रसीद के नेतृत्व में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर हारून रसीद, इमरान अजीम, संतोष मंडल, बिहारी ठाकुर आदि ने उन्हें माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस क्रम में मोहनियां चौक पर अभिनंदन सांसद का स्वागत में अभिनानंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अभिनानंदन समारोह की अध्यक्षता कलियागंज मंडल अध्यक्ष बिहारी ठाकुर ने की। जब कि मंच का संचालन हारून रसीद ने की। अभिननंदन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद प्रदीप सिंह ने कहा कि आज देश मोदी के नेतृव में  आगे बढ़ रहा हैं। चारो ओर विकास की गंगा बह रही हैं। आज अररिया जिला में भी विकास की गाड़ी तेजी से चल रहे है। उन्होंने बताया कि अररिया जिला में यूके कार्यकाल में 400 से अधिक पुल पुलिया के निर्माण हुआ हैं। अररिया में पॉलिटेक्निक कॉलेज, आई आई टी कॉलेज का निर्माण किया गया हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में अररिया में दो मेडिकल कॉलेज, व मजदूरों की पलायन को रोकने के लिये  उधोग धंधों का स्थापना कराया जयगा। सांसद प्रदीप सिंह ने बताया कि अररिया जिला को बाढ़ से निजात दिलाने के दिशा में कदम उठाया जा रहा हैं। सांसद प्रदीप सिंह ने कहा कि वे जात की नही जमात की राजनीति करता है। उन्होंने आम लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी से डरने की जरूरत नही हैं। बल्कि उनके साथ जुड़ कर देश व अररिया को आगे बढ़ाने मैंङ् कार्य करे। उन्होंने पूर्व मुखिया हारून रसीद द्वारा दिये गए बलुआ फीडर को पलासी से जोड़ने, बलुआ पावरग्रिड के समीप लोहे के पुल को आरसीसी पुलिया सहित अन्य  मांगों को शीघ्र पूरा किया जयगा। उन्होंने कहा कि पलासी को शीघ्र भ्रष्ट्राचार से मुक्त किया जयगा। इस से पूर्व हारून रसीद, इमरान अजीम बिहारी ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष संतोष मंडल, मुरली ठाकुर, रामानंद साह ने माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया। इस अवसर पर अमर कुमार सिंह सदानंद मंडल, राजू ठाकुर, मोहम्मद जुन्नुरेन, सिब्तेन रजा, शमीम आलम, प्रमोद साह, स्वराज ठाकुर, वासिल रसीद,दयानंद चौधरी आदि मौजूद थे।●

# राधिकापुर सिलीगुड़ी डीएमयू ट्रेन में लगी आग

● धर्मेन्द्र सिंह



किशनगंज रेलवे स्टेशन से सटे तेघरिया रेलवे गुमटी के पास 15 सितंबर को करीब साढ़े बारह बजे राधिकापुर सिलीगुड़ी डीएमयू पैसेंजर ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। आग इंजन के आगे के हिस्से में लगी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ट्रेन करीब 12 बजकर 10 मिनट पर किशनगंज रेलवे स्टेशन से खुली। ट्रेन जैसी ही तेघरिया रेल गुमटी के पास पहुंची ट्रेन के इंजन के आगे हिस्से से धुआं निकलने लगा। इंजन के उपरी हिस्से से धुंआ निकलते देख ट्रेन के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। डीएमयू ट्रेन में लगी आग से अफरातफरी मच गई। यात्री ट्रेन से कूदने लगे जिससे मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। आग बुझाने की कोशिश में रेल कर्मी जुट गए। आग लगने की सूचना रेल कर्मी ने स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। वहीं, मिली जानकारी के अनुसार जान-माल की क्षति होने की सूचना नहीं है। गौर करे कि ट्रेन किशनगंज से सिलीगुड़ी जा रही थी तभी इंजन से धुआं उठता देख इसकी सूचना यात्रियों ने रेल अधिकारी को दी। हालांकि इस आगलगी की घटना में अभी तक जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। एसएसबी के जवान भी आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। किशनगंज गौहाटी अप लाइन पर फिलहाल ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह रुक गया है। इससे इस रूट के पैसेंजरों की परेशानी बढ़ गई है।●

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध निकाली जायेगी हिंदू जागरण यात्रा

● धर्मेन्द्र सिंह



बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी हिंसा हत्या और अमानवीय कृत्य के विरुद्ध में आगामी 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024 के बीच सीमा क्षेत्र में निकलेगी हिंदू जागरण यात्रा जिसकी अगुवाई प्रमुख साधु संत के साथ केंद्रीय मंत्री व जेएसएफ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक गिरिराज सिंह करेंगें। उक्त आशय की जानकारी 09 सितंबर को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष व हिन्दू जागरण यात्रा के सह समन्वयक यहां आयोजित किशनगंज जिला समन्वय सह संचालन समिति के बैठक के उपरांत दी। जारी प्रेस बयान में यात्रा के सह समन्यवक श्री कुमार, सहित जिला समन्वय सह संचालन समिति के सदस्य भाजपा जिला महामंत्री मनीष सिन्हा, नगर अध्यक्ष अरविंद मंडल, धर्म जागरण के विभाग प्रमुख नंद मोहन सिंह, जिला संयोजक भुनेस्वर सिंह, बजरंग दल के सुनील तिवारी, विहिप के रोहित चौधरी, अभाविप के जिला संयोजक दीपक चौहान, अमित मंडल राम सेना के चंद्र किशोर राम, राज पासवान, अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता शिशिर दास, अजित दास जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित कौशिक, जिलाध्यक्ष हरिकिशोर साह, जिला संयोजक विशाल स्वर्णकार, महिला जिला अध्यक्ष सरस्वती देवी, सोशल मीडिया प्रभारी जय किशन प्रसाद, अमर शर्मा, बलवीर सिंह, रवि कुमार आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि यह यात्रा 18 अक्टूबर को भागलपुर से प्रारंभ होकर सीमा क्षेत्र के कटिहार पुर्णिया अररिया जिला होते हुए 22 अक्टूबर को किशनगंज में समाप्त होगी। समन्वय समिति के सदस्यों ने बताया कि 21 अक्टूबर के संध्या यह यात्रा किशनगंज जिला मुख्यालय में प्रवेश करेगी। सदस्यों ने कहा कि यात्रा के भव्य स्वागत और इस मौके पर होने वाले सार्वजनिक सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक जन संपर्क अभियान हेतु शीघ्र ही तैयारी समिति गठित कर शुरू की जाएगी। मौके पर बड़ी संख्या में हिन्दू जागरण यात्रा समिति के सदस्य मौजूद थे।●

# जिलाधिकारी ने किया चशमा वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन

● धर्मेन्द्र सिंह

14 सितंबर को बुनियाद केंद्र में सरकार की महत्वाकांक्षी 'उज्जल दृष्टि योजना' के तहत चश्मा के वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी विशाल राज , विशिष्ट अतिथि उप-विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी (प्रशिक्षु आईएएस) प्रद्युम्न सिंह यादव, सहायक निर्देशक बाल संरक्षण इकाई रविशंकर तिवारी, जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र, नूरी बेगम सम्मिलित हुए। डीपीएम द्वारा सभी को पुष्पगुच्छ एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री उज्ज्वल दृष्टि योजना' अंतर्गत 50 वर्ष से ऊपर की आयु के सभी व्यक्ति, जिन्हें चश्मे की आवश्कता है, को मुफ्त चश्मा उपलब्ध कराया जाता है। इस हेतु बुनियाद केंद्र पर तकनीकी कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई है जो राज्य द्वारा तैयार दृष्टि मोबाइल एप के माध्यम से नेत्र की जांच करते हैं, उसकी ऑनलाइन प्रविष्टि करते हैं और तत्काल उपयुक्त पावर का चश्मा लाभुक को नि:शुल्क उपलब्ध कराते हैं। इसी क्रम में इस उद्घाटन समारोह में कुल 21 लाभूकों को चश्मा वितरण किया गया। साथ ही आए हुए सभी जनप्रतिनिधि एवम अन्य उपस्थित लाभुकों को इस योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया, ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभुक ले सकें। डीएम ने उपस्थित लाभुकों एवं जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि बुनियाद केंद्र में कई सुविधाएं हैं, जानकारी के अभाव में लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं, अत: उपस्थित सभी लोग सभी परिचित से यह जानकारी साझा करें, ताकि अधिकाधिक लोग सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सकें। उप विकास आयुक्त ने भी जानकारी दी की वृद्ध, विधवा, दिव्यांग के लिए स्थापित बुनियाद केंद्र में आकर वृद्धजन, दिव्यांग फिजियोथेरेपी कराएं, नेत्र जांच, कान जांच की सुविधा के साथ साथ पेंशन आदि के संबंध में भी जानकारी, सहयोग प्राप्त करें। जिलाधिकारी द्वारा बुनियाद केंद्र का निरीक्षण भी किया गया एवं रिक्त पदों, खराब उपकरण को ठीक कराने के संबंध में वस्तुस्थिति की भी जानकारी ली गई। इस संबंध में तत्काल सक्षम कार्यालय, पटना से पत्राचार करने का निर्देश भी दिया गया। बुनियाद संजीवनी सेवा वाहन के लिए भी यथाशीघ्र पत्राचार करने हेतु निर्देश दिया गया।●



# जिले में लंबित विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना नए डीएम के लिए चुनौती

● धर्मेंद्र सिंह

किशनगंज जिले के नए जिलाधिकारी विशाल राज ने 11 सितंबर की सुबह योगदान कर लिया। ये जिला के 28वें डीएम होंगे। इन्होंने निवर्तमान जिलाधिकारी तुषार सिंगला से पदभार लिया। गौर करे कि पूर्णिया जिले के मूल निवासी विशाल राज 2017 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वर्ष 2008 में पहले प्रयास में इन्होंने आईआईटी निकाला। आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री ली। वहीं महज 11 माह का कार्यकाल पूरा करने के बाद किशनगंज के डीएम तुषार सिंगला का तबादला कर दिया गया। इन्होंने 2 अक्टूबर 2023 को किशनगंज डीएम का पदभार ग्रहण किया था। इनका तबादला बेगुसराय डीएम के पद पर किया गया है। वहीं सरकार ने जिले की कमान भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के युवा अधिकारी विशाल राज को सौंपी है। किशनगंज डीएम बनने से पहले वे राज्य परिवहन आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। इस मौके पर नए डीएम विशाल राज ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ निचले तबके तक पहुंचे ये मेरी प्राथमिकता रहेगी। जिले में जो भी लंबित परियोजनायें हैं उसे पूरा कराया जायेगा। अधिकारियो व कर्मी के साथ समन्वय स्थापित कर काम काज किया जायेगा। 27 वें डीएम के रुप में महज 11 महीने के कार्यकाल में डीएम तुषार सिंगला ने जिले में कई विकास की लकीरें




खींची हैं। वहीं शहर के सौंदर्यीकरण व सड़क जाम से निपटने के लिए कई विकास योजनाएं तैयार की है। जो कागजी प्रक्रिया में हैं। इन योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाना नए युवा डीएम के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगी। बात करें डीएम तुषार सिंगला के कार्यकाल की तो कलेक्ट्रेट परिसर का सौंदर्यीकरण से लेकर कलेक्ट्रेट सभागार का जीर्णोद्धार, डीएम के कार्यालय वेश्म का सौंदर्यीकरण, सभी सरकारी कार्यालयों में लाइटिंग बोर्ड लगाना सब उनके विकसित सोच की देन है। बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण के तहत सेल्फी प्वायंट बनवाना, शहर के चौक-चौराहों पर लाइटिंग, शहर के सौंदर्यीकरण का भी प्लान इन्होंने तैयार किया है। जिसमें शहर में सिलीगुड़ी की सिटी सेंटर की तर्ज पर मॉल निर्माण की योजना, शहर के एनएच 27 सर्विस रोड के चौड़ीकरण की योजना, नया टाउन हॉल का निर्माण सहित कई योजनाओं का खाकाखींच दिया है। इसे नए युवा डीएम किस तरह अमलीजामा पहनाते हैं यह देखने वाली बात होगी। सबसे बड़ी बात कि किसी तरह की समस्या की जानकारी उन्हें व्हाट्सअप पर मिल जाती थी तो वे उसका त्वरित निदान करवाते थे। अपनी इसी खूबी के कारण वे लोगों के चहेते बन गए। इससे इतर बात करें तो विकास के तमाम दावों व प्रयासों के बावजूद कमोबेश हर साल बाढ़ की त्रासदी झेलनेवाला यह जिला अब भी कई समस्याओं के मकड़जाल में फंसा हुआ है। कागज पर तो सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त दिखती है। लेकिन हकीकत है कि सिस्टम अब भी बहुत लुंज पुंज है।●

# स्टेशन मास्टरों ने सौंपा सांसद जावेद को ज्ञापन

● धर्मेंद्र सिंह

भारतीय रेलवे के पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत आने वाले कटिहार रेलवे मंडल में ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन द्वारा स्टेशन मास्टरों की लंबित मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन 08 सितंबर को किशनगंज के सांसद डा. मो. जावेद आजाद को स्टेशन मास्टरों द्वारा दिया गया। ज्ञापन में पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली, गहन ड्यूटी रोस्टर के लिए साप्ताहिक कैलेंडर विश्राम, पैनल रूम में एसी और हीटर की व्यवस्था, शौचालय की सुविधा, और कंटीन्यूअस ड्यूटी रोस्टर लागू करने जैसी कई मांगें प्रमुखता से उठाई गई हैं। इसके अलावा, स्टेशन इमरेस्ट केस को सीधे डीएचआर अनुभाग के स्टेशन प्रभारी को सौंपने, डबल लाइन बी रूट और नवनिर्मित सेक्शनों में अतिरिक्त स्टेशन मास्टरों की तैनाती, एमएसीपी निर्धारण और एरियर का समय पर भुगतान, स्टेशन मास्टरों की पदोन्नति और कैडर पुनर्गठन की मांगें भी ज्ञापन में शामिल थीं। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन ने आशा व्यक्त की कि किशनगंज सांसद डा. जावेद उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेंगे और शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। सांसद ने इन मांगों को रेलवे अधिकारियों के समक्ष प्राथमिकता के साथ उठाने का आश्वासन दिया।●



# ईद मिलाद उन नबी एवं विश्वकर्मा पूजा को लेकर दंडाधिकारी एंव पुलिस पदाधिकारी की हुई प्रतिनियुक्ति

● धर्मेन्द्र सिंह



जिलाधिकारी विशाल राज एंव पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के अध्यक्षता में आगामी ईद मिलाद-उन-नबी एंव विश्वकर्मा पूजा को लेकर विधि व्यवस्था से संबंधित ब्रीफिंग किया गया। ईद मिलाद-उन-नबी 16 सितंबर एंव विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर को मनाए जाने की सूचना है। ईद मिलादख्उनखनबी का पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के सम्मान में जलसा आयोजन, कुरान शरीफ का पाठ किया जाता है तथा एक जगह एकत्रित होकर पैगंबर साहब के संबंध में चर्चाएं की जाती है। इस अवसर पर कहीं-कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जुलूस का भी आयोजन किया जाता है। विश्वकर्मा पूजा में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है। कहीं कहीं पंडाल भी लगाए जाते हैं। पूजा उपरांत अगले दिन स्थापित मूर्ति का विसर्जन निकटवर्ती तालाबों, पोखरों, एंव नदियों में जुलूस के रूप में गाजे बाजे के साथ किया जाता है। उक्त पर्वों के अवसर पर जुलूस में कतिपय असामाजिक तत्वों के द्वारा धार्मिक उन्माद वाले नारे लगाने से इंकार नहीं किया जा सकता है। विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक द्वारा विधि व्यवस्था कायम रखने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आदेश से कुल 316 स्थलों पर दंडाधिकारी एंव पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष को पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु अपने-अपने क्षेत्र में स्थिति पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारी, दंडाधिकारी को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले तथा अफवाह फैलाने वाले तत्वों, संस्थाओं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। जिला संयुक्त आदेश में उल्लेखित है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उक्त पर्व के अवसर पर गुप्त सूचना संग्रहण करना स्थानीय पदाधिकारी का महत्वपूर्ण दायित्व होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त होती है तो उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी सूचना तुरंत एसडीएम एवं डीएसपी को देना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी को अपने-अपने प्रभार के प्रखंड में उक्त पर्व को प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष से संपर्क स्थापित करते हुए शांतिपूर्ण संपन्न करना सुनिश्चित करेंगे। अगर किसी भी प्रकार के तनाव, घटना होने की सूचना मिलती है अविलंब स्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करेंगे। उक्त पर्व के मौके पर समाहरणालय में 15 से लेकर 19 सितंबर तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा जिसका दूरभाष संख्या 06456-225152 है। ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर 02 जुलूस निकाला जा रहा है जिसका रूट मैप तैयार कर लिया गया है। जुलूस जिन जिन जगहों से गुजरेगी वहां सुरक्षा कारणों से बिजली कट कर दी जाएगी। उक्त पर्व के मौके पर वरीय प्रभारी पदाधिकारी के रूप में अमरेंद्र कुमार पंकज, अपार समाहर्ता तथा अशोक कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुव) रहेंगे।●

# दस वर्ष की उम्र में संस्कृति ने लिखा पुस्तक

● धर्मेन्द्र सिंह




दस वर्ष की उम्र में संस्कृति चौधरी ने एक पुस्तक लिखी है जिसमें पच्चीस बाल कथाओं का संग्रह है जो बच्चों के नैतिक मूल्यों पर आधारित है। संस्कृति इतनी कम उम्र में पुस्तक लिखने वाली बिहार की पहली छात्रा है। संस्कृति अभी कक्षा पांचवी में नया प्राथमिक विद्यालय सुहागी में पढ़ रही है। बचपन से ही संस्कृति की रुचि कहानियों में रही है। और इसी कड़ी के तहत संस्कृति ने बाल कथा लिखने की शुरुआत की और पच्चीस बाल कथाएं लिख कर एक पुस्तक बना डाली। गौर करे कि संस्कृति की कहानियों से प्रभात प्रकाशन वितनी प्रभावित हुई कि उनके द्वारा नि:शुल्क ही पुस्तक का प्रकाशन किया गया है। जिलाधिकारी ने संस्कृति को बधाई दी है और क्षेत्र के अन्य छात्राओं को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भी संस्कृति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पुस्तक लोकार्पण के कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव मिक्की साह, महिला हेल्प लाइन से शशि शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नासिर हुसैन, प्रेम कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।●

# 13 ग्राम संभावित MDMA के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

● फरीद अहमद

आज के अधिकांश युवा किसी न किसी नशे की लत की गिरफ्त में हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकार की ओर बढ़ता जा रहा है। सभी को यह समझना आवश्यक है कि किसी भी प्रकार का नशा करने से आप न केवल अपने आप को बल्कि अपने परिवार, रिश्तेदारों को धोखा दे रहे हैं। पढ़े लिखे होने के बावजूद युवा यह भी जानते हैं कि नशा कोई भी हो जानलेवा होता है, फिर भी नशे की ओर खीचें चले जाते हैं। नशा का कारोबार करने वाले लोग युवाओं को इस दलदल में धकेल कर खुद मोटी रकम कमा रहे हैं और मालामाल हो रहे हैं और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसा ही एक मामला किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड से सामने आया है जहां एसएसबी द्वारा नशा के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान 31 अगस्त को स्वर्ण जीत शर्मा , कमान्डेंट, 19 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,ठाकुरगंज के दिशा निर्देशन एवं गुप्त सूचना के आधार पर "E" समवाय सुखानी के जवानों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विशेष नाका पार्टी द्वारा भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 119 से लगभग 01 किमी. (भारत की ओर) यमुना रेलवे ब्रिज साबोडांगी के समीप एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ 13 ग्राम पैकेट मिथाइलीन डाइऑक्सा एम्फैटेमन (MDMA) पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की । पूछताछ करने पर तस्कर ने अपना नाम मो० सोयब आलम निक्करबाड़ी सूखानी थाना क्षेत्र का निवासी बताया। मादक पदार्थ तस्करी का यह एक संदिग्ध मामला होने के कारण तस्कर को आवश्यक कागजी कार्रवाई करने के पश्चात प्राप्त मादक पदार्थ और अन्य सामग्री के साथ थाना सुखानी को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सूखानी थानाध्यक्ष धर्मपाल कुमार ने बताया कि मामले को लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में रविवार को जेल भेज दिया गया।



☞ **एसएसबी का आमजनों से अनुरोध :-** आज के अधिकांश युवा किसी न किसी नशे की लत की गिरफ्त में हैं, जिससे उनका भविष्य अंध कार की ओर बढ़ता जा रहा है। सभी को यह समझना आवश्यक है कि किसी भी प्रकार का नशा करने से आप न केवल अपने आप को बल्कि अपने परिवार, रिश्तेदारों को धोखा दे रहे हैं। पढ़े लिखे होने के बावजूद युवा यह भी जानते हैं कि नशा कोई भी हो जानलेवा होता है, फिर भी नशे की ओर खीचें चले जाते हैं। ऐसे में देश के हर एक युवा को यह समझने कि आवश्यकता है कि इस देश के युवा ही देश के भविष्य है। आम जनों से भी अनुरोध किया जाता कि वह अपने आस पास कोई व्यक्ति अवैध गतिविधियां करते हुए प्रतीत हो तो उसके बारे में सशस्त्र सीमा बल को बतायें जिससे कि समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।●

# 99.8 ग्राम संभावित ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

● फरीद अहमद

स्वर्णजीत शर्मा, कमान्डेंट, 19 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज के दिशा निर्देशन एवं गुप्त सूचना के आधार पर "एफ" समवाय पाठामारी की वाह्य सीमा चौकी गणेशटोला के जवानों द्वारा विशेष गश्तीदल के द्वारा भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 117 से लगभग 02 किमी. (भारत की ओर) अंडाबाड़ी गाँव के समीप दो व्यक्तियों की तलाशी के दौरान उनके पास से 99.08 ग्राम संभावित, मोर्फिन (ब्राउन शुगर) प्राप्त किया गया। पूछताछ करने पर तस्कर ने अपना नाम-मुकरम, पिता-मोह. सुल्तान, निवासी ग्राम मेन रोड सत्तल निहालबाग, डाकघर-बहादुरगंज, जिला-किशनगंज तथा नाम-इरशाद आलम, पिता-ताजीमुल रहमान, निवासी ग्रामख्र पदमपुर ,डाकघर- दिघलबैंक ,पुलिस थाना- दिघलबैंक , जिला- किशनगंज बताया। इन तस्करों द्वारा मोर्फिन (ब्राउन शुगर) को अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जाया जा रहा था। मादक पदार्थ



तस्करी का यह एक संदिग्ध मामला होने के कारण तस्करों को प्राप्त मोर्फिन (ब्राउन शुगर) के साथ थाना पाठामारी को अग्रिम कार्यवाई के लिए सौंप दिया गया। एसएसबी कहते ही की आज के अधिकांश युवा किसी न किसी नशे की लत की गिरफ्त में हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकार की ओर बढ़ता जा रहा है। सभी को यह समझना आवश्यक है कि, किसी भी प्रकार का नशा करने से आप न केवल अपने आप को बल्कि अपने परिवार, रिश्तेदारों को धोखा दे रहे हैं। पढ़े लिखे होने के बावजूद युवा यह भी जानते हैं कि नशा कोई भी हो जानलेवा होता है, फिर भी नशे की ओर खीचें चले जाते हैं। ऐसे में देश के हर एक युवा को यह समझने कि आवश्यकता है कि इस देश के युवा ही देश के भविष्य है। आम जनों से भी अनुरोध किया जाता कि वह अपने आस पास कोई व्यक्ति अवैध गतिविधियां करते हुए प्रतीत हो तो उसके बारे में एसएसबी को बतायें, जिससे की समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।●

# मुखिया इकरामुल हक ने थामा जन सुराज का दामन

● फरीद अहमद

ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बंदरझूला के मुखिया इकरामुल हक ने राजद का साथ छोड़कर जन सुराज का दामन थाम लिया है। बताते चले की मुखिया इकरामुल हक राजद प्रखंड अध्यक्ष के पद पर थे उन्होंने जन सुराज से प्रभावित होकर जन सुराज का हाथ थाम लिया है और जन सुराज में युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष का पद मिला है। उन्होंने आज अपने समर्थकों के साथ किशनगंज पहुंचकर जन सुराज का दामन थाम लिया जहां उन्हें युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत करते हुए फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। वही राजद को इससे बहुत बड़ा झटका भी लगा है विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह से प्रखंड अध्यक्ष द्वारा पद को छोड़कर और अपने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर किसी अन्य जगह चला जाना कहीं ना कहीं राजद को ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र से झटका लगा है। मुखिया इकरामुल हक ने बताया कि उनके साथ मुख्य सहयोगी व सलाहकार अल्हाज महमूद जन सुराज के समर्थन में उपस्थित ग्राम पंचायत के अजीमउद्दीन ,मोहम्मद शाहनवाज, साहबउद्दीन , सलाहउद्दीन, अनवर आलम, जिगर आलम, मेराज आलम , तैयब आलम,असीरूद्दीन समाज ,महबूब आलम मोहम्मद हयात, नाजिम, अबुल हयात इत्यादि कार्यकर्ताओं ने आज मंगलवार को कम्युनिटी हाल किशनगंज में उपस्थित हो कर जन सुराज पार्टी द्वारा दिया गया नारा- सही लोग, सही सोच,सामूहिक प्रयास को साकार करने का संकल्प लेते हुए पार्टी को जॉइन किया।●




# श्वान 'जिगर' का निधन, सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार

● फरीद अहमद

जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत 19 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, ठाकुरगंज में तैनात श्वान दस्ता के वीर श्वान जिगर श्वान संख्या-373 का निधन हो गया। जिगर के शहीद से पूरे वाहिनी में शोक की लहर है। बीते दिन को सुबह से ही जिगर को अचानक तेज बुखार और उल्टी की शिकायत हुई। गंभीर स्थिति देखते हुए तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी, सीमांत मुख्यालय सिलीगुड़ी से संपर्क किया गया, और वाहिनी परिसर में पशु चिकित्सक द्वारा ही इलाज का प्रयास किया गया। इसके बावजूद, जिगर की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। स्थिति गंभीर होने पर पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार, जिगर को सिलीगुड़ी के पॉली क्लिनिक अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया गया। दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान जिगर ने दम तोड़ दिया। इस घटना ने पूरे एसएसबी परिवार को गहरे शोक में डाल दिया है। इस बारे में 19 वीं वाहिनी के कमांडेंट स्वर्ण जीत शर्मा ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि जिगर, जो अपने बहादुरी भरे कार्यों और वफादारी के लिए जाना जाता था, कई महत्वपूर्ण अभियानों का हिस्सा रहा। उसकी सेवा और समर्पण हमेशा वाहिनी के इतिहास में अमिट रहेंगे। उसकी यादें और उसकी भूमिका को सम्मान के साथ याद रखा जाएगा। वाहिनी के कमांडेंट स्वर्ण जीत शर्मा, समस्त अधिकारीयों एवं सभी जवानों की उपस्थिति में जिगर के लिए एक विशेष अंतिम संस्कार समारोह आयोजित किया गया। जिगर को पूरे सम्मान के साथ विदाई दी गई, और उसके अद्वितीय सेवा के लिए उसे सलामी दी गई। उसकी बहादुरी और निष्ठा को श्रद्धांजलि देते हुए, जिगर को सम्मानपूर्वक दफनाया गया।●



# तनिष्क लूटकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

● धर्मेन्द्र सिंह

पूर्णया पुलिस को एकबार फिर महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। जिला पुलिस की मुस्तैदी की वजह से ही बहुचर्चित तनिष्क लूटकांड के 11 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है। पूर्णिया पुलिस ने 08 सितंबर को 4 मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पूर्णिया के पुलिस कप्तान उपेंद्र नाथ वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि 4 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। ये चारों 26 जुलाई 2024 को हुए लूटकांड में मुख्य रूप से शामिल थे। अब तक इस लूटकांड में 11 लोंगो की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूर्णिया पुलिस ने अब इस पूरे मामले का खुलासा कर दिया है और 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्णिया पुलिस की इस बड़ी कामयाबी की पूरे जिले में चर्चा हो रही है। गौर करे कि 26 जुलाई 2024 को हुए पूर्णिया तनिष्क शोरूम लूट कांड में बड़ी कामयाबी मिली है। इस लूटकांड में पुलिस ने पहले राहुल श्रीवास्तव, बमबम यादव, अभिमन्यु सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, आनंद झा, कुंदन कुमार और मो. सनिउल शेख को गिरफ्तार किया था। ये सभी इस लूटकांड में मुख्य रूप से सहयोग किए थे और लाइनर की भूमिका में थे। इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस कांड को अंजाम देने वाले जो अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर थे, उनकी गिरफ्तारी के लिए पूर्णिया पुलिस ने जाल बिछा रखा था। पूर्णिया पुलिस की विशेष टीम और एसटीएफ द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में इस लूटकांड को अंजाम देने वाला मुख्य सरगना प्रशांत गौरव की गिरफ्तारी अस्पताल में इलाज कराते वक्त पटना से हुई है, जो अभी पुलिस अभिरक्षा में पटना में इलाजरत है। इसके अलावा इस घटना को अंजाम देने वाला विट्टू कुमार पासवान को मुजफ्फरपुर से और अंकुश उर्फ विष्णु को डेहरी ऑन सोन से एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों को मुजफ्फरपुर और रोहतास पुलिस के सहयोग से हिरासत में लिया गया है। इस घटना को अंजाम देने वाला एक अन्य अपराधी सोनू झा की गिरफ्तारी भी सहरसा पुलिस के सहयोग से की गयी है, जो इस घटना को अंजाम देने में शामिल था। इलाजरत मुख्य सरगना प्रशांत गौरव को पुलिस हिरासत में लेने की सूचना कोर्ट को दी गई है। घटना के बाद अपराधियों को राशि उपलब्ध कराने वाले शम्मी आनंद को पटना से गिरफ्तार किया गया है। उक्त गिरफ्तार अपराधियों द्वारा अपनी संलिप्तता स्वीकार करने के साथ-साथ इस घटना को अंजाम देने वाले अन्य लोगों के साथ मुख्य रूप से जेल में बंद सुबोध सिंह, चंदन उर्फ प्रिंस, पूर्णिया का कुख्यात बिट्टू सिंह, अभिजीत उर्फ प्रिंस, (हाल में पटना के पीएमसीएच से फरार है) और पुल्लू सिंह (समस्तीपुर) और अन्य की संलिप्तता पायी गयी है। ●



✯ **गिरफ्तारी :-**

☞ प्रशांत गौरव, पिता-सुजीत कुमार, राजाराम गोपालपुर, थाना-सकरा, जिला-मुजफ्फरपुर।

☞ सोनू झा, पिता-प्रकाश झा, हेम नगर बलुआ सरसी, थाना- सरसी, जिला पूर्णियां।

☞ बिट्टू कुमार पासवान, पिता- रघुनाथ पासवान, मनियारी मधौर, थाना-मनियारी, जिला-मुजफ्फरपुर।

☞ अंकुश कुमार, पिता-रमेश सिंह, खैराहा डेहरी ऑन सोन, थाना मुफस्सिल, जिला-रोहतास।

☞ शम्मी आनंद, पिता-धर्मेन्द्र कुमार, नेवा ब्लॉक पुनपुन, थाना-पिपरा, जिला-पटना।

✯ **बरामदगी :**

☞ एक कार्बन कंपनी का कीपैड मोबाइल।


☞ एक सैमसंग कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल।

☞ एक PNB बैंक का चेकबुक।

# तस्करी के उद्देश्य से ले जा रही गाय-बैल जप्त

● फरीद अहमद

ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत स्वर्ण जीत शर्मा कमान्डेंट, 19 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज के दिशा निर्देशन एवं गुप्त सूचना के आधार पर 2 सितंबर को "सी" समवाय कुर्लिकोट के जवानों द्वारा विशेष नाका पार्टी के द्वारा गौवंश तस्करी करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 107 /08 से 20 मीटर की दूरी (भारत की ओर) सुबह के समय 18 गौवंश जब्त किया गया। जिसमें गाय 2 संख्या और बैल 16 की संख्या में है। जबकि तस्कर भागने में सफल हो गए। इन गौवंश को नेपाल की ओर ले जाया जा रहा था। जप्त किए गए सभी गौवंशो को आवश्यक कागजी कार्यवाही के साथ पुलिस थाना कुर्लीकोट को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया। ●



# दो भाइयों को अपराधियों ने मारी गोली, एक की मौत दूसरा जख्मी

● गुड्डू कुमार सिंह

सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव में अपराधियों ने दो सगे भाइयों को गोली मार दी है। जिससे एक भाई की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। दुसरा गंभीर रूप से जख्मी बताया जा रहा है। जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पेरहाप निवासी 52 वर्षीय कमलेश राय के रूप में की गई है। वहीं मंनोरंजन राय गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जानकारी के मुताबिक दोनों भाई बाइक से आरा जा रहे थे तभी अपराधियों ने गोली चला दी। वहीं मृतक कमलेश राय पर अप्रैल में भी अपराधियों के द्वारा उनके घर पर गोलीबारी की गई थी। जिसमें वे जख्मी हुए थे तथा उनका पुत्र आदित्य कुमार की मृत्यु हो गई थी। वहीं भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि आज पीरो अनुमंडल अंतर्गत सहार थाना के पेरहाप गांव में चचेरे भतीजे और चचेरे चाचा के बीच संपत्ति विवाद जो पूर्व से चल रहा था। उसी को लेकर चचेरे भतीजे प्रियांशु राय के द्वारा चचेरे चाचा कमलेश राय और मनोरंजन राय के ऊपर गोली चला दी गई। जिसमें कमलेश राय की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा मनोरंजन राय को कंधे पर गोली लगी है। पुलिस के द्वारा अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है, और फिलहाल वह खतरे से बाहर है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना अध्यक्ष के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। तथा एफएसएल की टीम घटना स्थल पर रवाना हो गई है। जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु साक्ष्य का संकलन किया जा सके। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि कमलेश राय के पिताजी तीन भाई थे, और उसमें एक चाचा की कोई संतान नहीं थी। और उनकी लगभग सारी संपत्ति कमलेश राय और उसके भाई ने अपने नाम कर ली थी। जिसके कारण चचेरे भाई प्रियांशु राय और उनके परिवार से विवाद चल रहा था। पूर्व में भी जमीनी विवाद और संपत्ति विवाद में ही दोनों परिवार में आपस में गोली चल चुकी है। पुराने ही एक मामले में आज कमलेश राय और मनोरंजन राय आरा कोर्ट जाने के लिए घर से निकले थे। पास में ही प्रियांशु राय और उसका एक साथी झाड़ी में घात लगाकर छिपे हुए थे। जैसे ही कमलेश राय और मनोरंजन राय घर से बाहर सड़क पर आते हैं। वैसे ही प्रियांशु राय और उसके साथी के द्वारा उनके ऊपर फायरिंग कर दी जाती है। जिसमें की कमलेश राय की घटना स्थल पर मृत्यु हो जाती है। वहीं प्रियांशु राय तथा उसके साथी अपराधी की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर दिया गया है। और पुलिस टीम जगह-जगह अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी आरंभ कर दी है। परिजनों के बयान के आधार पर इस घटना में लाइनर का काम करने महिला अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। और अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम जगह-जगह छापामारी कर रही है।●

# गोलीबारी की घटना का मुख्य अभियुक्त ने न्यायालय में किया आत्म-समर्पण

● गुड्डू कुमार सिंह

वादी जितु कुमार, पे०-स्व० बैजु प्रसाद, सा० आयरणदेवी स्थान, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर एवं उनके अन्य दो साथी राहुल कुमार एवं अमन कुमार दिनांक-22.08.2024 को अपराह्न 07:00 बजे धोबीया गली से जाने के कम में अंशु कुमार, नकुल महतो, सुधीर महतो एवं अज्ञात 3 से 4 व्यक्तियों द्वारा वादी को घेर कर गोली मारने की घटना को कारित किया, जिसमे वादी और उसके एक साथी घायल हो गये। यह घटना 2021 में हुए विवाद से संबंधित बताया जा रहा है। उक्त घटना के संबंध में वादी द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर आरा नगर थाना कांड सं0-530/24, दिनांक-23.08.2024, धारा-191 (2)/191(3)/190/126(2)/109 /118(1)/308(5)/324(4)/61 (2) बी.एन.एस. दर्ज किया गया। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी एवं कांड का उद्‌भेदन हेतु पु०नि० देवराज राय, पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष, आरा नगर के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा आसूचना / तकनीकी आसूचना




के आधार पर उक्त कांड में संलिप्त 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। उल्लेखनीय है कि उक्त कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम के द्वारा निरंतर रेड /छापामारी की जा रही है. पुलिस के लगातार दविस के भय से इस कांड के मुख्य अभियुक्त अंशु कुमार, पिता-शिवजी प्रसाद, सा०-मीरगंज पानी टंकी बिहार कॉलोनी, थाना-आरा नगर, जिला-भोजपुर ने दिनांक-29.08.2024 को आरा माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस आगे इस मामले की जाँच कर रही है। आत्म समर्पण करने वाले अभियुक्त से विधिसम्मत ढंग से रिमांड करके इस घटना के सच्चाई के बारे में पता करेगी तथा इस काण्ड से संबंधित अनुसंधान पूर्ण किया जायेगा।●

# दो लाख का इनामी अपराधी रंजीत चौधरी गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह

बिहार एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। 2 लाख के इनामी कुख्यात अपराधी बालू माफिया रंजीत चौधरी को उत्तराखंड के ऋषिकेश से गिरफ्तार किया है। बालू ठेकेदार पालीगंज निवासी देवराज हत्याकांड में भी रंजीत चौधरी का नाम सामने आया था। भोजपुर, पटना, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, पुलिस पर हमला समेत 27 केस दर्ज है। 6 नवंबर 2023 को कार सवार बदमाशों ने बालू ठेकेदार देवराज यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रानीतालाब थाने के गेट पर ही वारदात को अंजाम दिया गया था। इस दौरान देवराज का निजी बॉडीगार्ड भी लाइसेंसी हथियार के साथ मौजूद था, फिर भी उसकी जान नहीं बच सकी थी। रंजीत चौधरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसे गिरफ्तारी के बाद परिजनों वायरल किया है। रंजीत ने देवराज की हत्या का आरोप पालीगंज के डीएसपी प्रीतम कुमार और रानी तालाब के थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार गहलोत पर लगाया है। उसने कहा कि देवराज के परिवार



की ओर से कहीं भी मेरा नाम नहीं लिया गया था। उसके गांव के लोगों का ही नाम था। इस केस में बेवजह मुझे फंसाया गया है। पालीगंज के तत्कालीन डीएसपी प्रीतम कुमार और केस के आईओ ने मुझे फंसाया है। मैं अपने बच्चों को लेकर उत्तराखंड में रहता हूं। जब मेरा नाम सामने आया तो मैंने डीएसपी साहब से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होता है। सरेंडर करके बेल ले लो। तो मैंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था क्यों बनी है। मैं राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट से बोलना चाहता हूं कि देवराज की हत्या में उसकी पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराया था। पत्नी ने एफआईआर में बताया कि पुलिस को 8 घंटे पहले मैंने सूचना दी थी कि मेरे पति की हत्या हो सकती है। जब 8 घंटे पहले सूचना दी गई तो हत्या कैसे हो गई। हमको कैसे पता था कि देवराज वहां आने वाला है। हमको डीएसपी साहेब और बड़ा बाबू घसीट रहे हैं। अगर मेरा नाम सामने आ रहा है तो ठीक है, मैंने उसकी हत्या कराई है। लेकिन तत्कालीन डीएसपी प्रीतम कुमार के कहने पर। उन्होंने ही मुझे सुपारी दी थी। बोले थे आधा पैसा ले लो। बालू पार्टनरी में जो पैसा आएगा, आधा-आधा पैसा बांट लेंगे। मेरा बस यही कहना है कि अगर देवराज की हत्या मैंने कराई है तो उसमें डीएसपी साहेब भी शामिल हैं। डीएसपी और रानीतालाब थाना प्रभारी जो इस केस के आईओ हैं, उनका डिटेल खंगाला जाए। राष्ट्रपति और सीजेआई से मेरी विनती है कि इसकी जांच अच्छे से करवाई जाए।●

# बबुरा गांव से वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़ा

● गुड्डू कुमार सिंह

भोजपुर जिले के बबुरा गांव से लगभग दस दिनों बाद मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। मगरमच्छ पानी से निकलकर बबुरा बांध के सड़कों पर खुलेआम घूम रहा था। जहां बाइक से जा रहे ग्रामीणों की नजर मगरमच्छ पर पड़ी और फौरन उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दिया। ग्रामीण कई देर तक मगरमच्छ का पीछा किए। थोड़े देर बाद ही मगरमच्छ की सूचना मिलने के बाद भोजपुर वन विभाग की टीम और बगहा वीटीआर के दो सदस्य मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पहुंचे। जिसके बाद कई घंटे तक काफी मशक्कत के बाद उसे पकड़ लिया गया। वहीं मगरमच्छ को देखने के लिए सैकड़ों गांव वालें पहुंच गए। सभी तरफ शोर गुल मच गया। वहीं सुरक्षा के मद्दे पुलिस टीम भी मौजूद रही। वहीं कई घंटो तक मगरमच्छ हाथ नहीं आया। लेकिन जाल और डंडे की मदद से उसे पकड़ लिया गया। वहीं मगरमच्छ को पकड़ने के बाद वन विभाग की टीम ने गांव के इलाके से दूर बबुरा और गंगा के संगम में ले जाकर छोड़ दिया गया। वहीं वन विभाग के मुताबिक मगरमच्छ की



लंबाई करीब 7 फीट बताई गई है। जो लगभग 12 दिनों से बबुरा के जोड़ा मंदिर के समीप पानी से भरे गढ्ढे में आ गया था। वहीं आपको बता दें कि भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बबुरा गांव में बड़ी मां दुर्गा मंदिर के पास 20 अगस्त मंगलवार से ही मगरमच्छ को ग्रामीण इस पानी भरे गढ्ढे में देख रहे थे। उसके बाद 24 अगस्त को आखिरी बार मगरमच्छ को देखा गया था। उसके बाद से मगरमच्छ का दिखना बंद हो गया था। इसी बीच 28 अगस्त की शाम एक बार फिर से उसी पानी भरे गढ्ढे में मगरमच्छ को देखा गया, जिससे पूरे इलाके में दहशत मच गया था। अब 3 सितंबर मंगलवार को वन विभाग के द्वारा पकड़ लिया गया।●



# मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन

● गुड्डू कुमार सिंह

भोजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आयर थानान्तर्गत अवैध हथियार एवं कारतुस की बरामदगी तथा मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए हथियार तस्कर ब्रजेश शर्मा एवं लाचो कुँवर को अवैध हथियार एवं हथियार बनाने में उपयोग किए जाने वाले सामग्री के साथ किया गया गिरफ्तार। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम आयर में अवैध हथियार बनाने का काम किया जा रहा है। ६ उक्त सूचना का सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु पु०अ०नि० राजीव कुमार, थानाध्यक्ष आयर थाना के नेतृत्व में आयर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त गठित विशेष टीम प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ग्राम आयर पहुँचे तो तीन व्यक्ति हथियार बना रहे थे जो पुलिस की टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिसमें से 02 व्यक्ति को सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ा गया। पकड़ाये दोनों व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम व पता 01.



ब्रजेश शर्मा पिता-स्व० रामेश्वर शर्मा 02 लाचो कुँवर पति-स्व० गौरीशंकर पासवान उर्फ लकड़ी पासवान दोनों सा०+थाना-आयर, जिला-भोजपुर बताया।



तत्पश्चात् पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर विधिवत् मिनी गन फैक्ट्री की तलाशी ली गई। तलाशी के कम में देशी कट्टा-01, जिन्दा कारतुस-03 एवं अवैध हथियार बनाने की सामग्री बरामद की गई। झ इस कांड में संलिप्त तीसरे व्यक्ति का नाम-पता का सत्यापन कर लिया गया है जिसके गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा निरंतर छापामारी की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में आयर थाना कांड सं0-55/24 दिनांक-28.08.2024 धारा-25 (1-ए)/25 (1-एए)/25 (1-बी) ए/26 (1) (2)/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया।

**✯ गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम/पता:-**

☞ ब्रजेश शर्मा पिता स्व० रामेश्वर शर्मा सा०+थाना-आयर, जिला-भोजपुर।

☞ लाचो कुँवर, पति-स्व० गौरीशंकर पासवान उर्फ लकड़ी पासवान, सा०+थाना-आयर, जिला-भोजपुर।

**✯ बरामद सामान :-**

☞ देशी कट्टा-01 ।

☞ अद्वनिर्मित मैगजीन-01 ।

☞ अद्वनिर्मित बन्दुक का बॉडी-2 ।

☞ लोहे का चदरा-1 पीस ।

☞ गुणा काटने वाला डाय-1 पीस ।

☞ 20 किलो का बटखरा-1 पीस ।

☞ लोहे के चदरा का अर्द्धनिर्मित बॉडी पार्ट-08 पीस।

☞ अद्वनिर्मित बट का घेरा बनाने वाला लोहे का पार्ट-4 पीस।

☞ जिन्दा कारतुस-03 ।

☞ अद्वनिर्मित बैरल (कारतुस लगा)-1 ।

☞ बड़ा रेती-2 पीस।

☞ लोहे का सरसी-2 पीस।

☞ लोहे काटने वाला ब्लेड-2 पीस।

☞ बड़ा छुरा-3 पीस।●

# अवैध शराब के कारोबार में एक अभियुक्त गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह



पिरो अन्तर्गत अधोहस्तारी के द्वारा पूरे जिले में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। पिरो थानाध्यक्ष, थाना के सशस्त्र बलों के साथ गशती में थे। उसी कम में समय करीब 02:30 बजे (ाड) गुप्ता सूचना मिली कि कुन्दन पटेल वार्ड नं0-13 के मकान में सुधीर कुमार पे० स्व० सुखदेव साह, सा०+थाना-पीरो किराये के मकान में रहकर उस घर से नकली एवं देशी शराब की बिकी कर रहा है। उक्त आसूचना का सत्यापन, अवैध शराब की बरामदगी एवं अपराध कर्मी की गिरफ्घ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पीरो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें अंचल पुलिस निरीक्षक, पीरो थानाध्यक्ष, पीरो एवं थाना के सशस्त्र बल के साथ एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए जैसे हीं कुन्दन पटेल वार्ड नं0-13 के घर के गेट के पास पहुँचे तो देखे कि एक यूवक छत से झांकते देखा। फिर चौकीदार के सहयोग से उक्त घर को खुलवाया गया। फिर युवक से नाम पता पुछने पर अपना नाम सुधीर कुमार पे० स्व० सुखदेव साह, सा० थाना-पीरो, जिला-भोजपुर बताया। फिर उक्त घर का तलाशी लेने पर कुल 08 पीस 180 एम.एल. का अंग्रेजी शराब उनके बेडरूम में रखे एक गोना में झोला से जप्त / बरामद किया गया। उसके बाद अभियुक्त सुधीर कुमार पे० स्व० सुखदेव साह, सा०+थाना-पीरो, जिला-भोजपुर को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में पिरो थाना काण्ड सं0-380/24, दिनांक-09.09.24, धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधि नियम-2018 दर्ज किया गया।●

# देशी पिस्टल, मैगजीन, जिंदा कारतूस एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह



गड़हनी थाना अन्तर्गत बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व 01 अपराध कर्मी को देशी पिस्टल 01, मैगजीन 01, जिन्दा कारतुस 09 एवं मोबाईल 01 के साथ गिरफ्तार। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पूर्व के काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त अवैध हथियार के साथ अगिऑव गड़हनी मोड़ के पास घुम रहे है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना मिलते ही अधोहस्ताक्षरी अपने दिशा-निर्देश में थानाध्यक्ष अगिऑव (गड़हनी) थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर घटना का सत्यापन एवं छापामारी हेतु निर्देशित किया गया। सत्यापन एवं छापामारी के कम में जैसे ही अगिऑव गड़हनी मोड़ के पास पहुँचे तो देखे कि एक व्यक्ति खडा है। फिर घेराबंदी कर 01 व्यक्ति को गिरफ्तार कर, देशी पिस्टल 01, मैगजीन 01, जिन्दा गोली 09 एवं मोबाईल 01 जप्त / बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम(प) दीपक यादव, पिता-दीनदयाल यादव, सा०-नहसी, थाना-अगिऑव (ग०), जिला-भोजपुर। गिरफ्तार दीपक यादव का इस संबंध में अगिऑव (गड़हनी) थाना काण्ड सं0-160/24, दिनांक-03.09.2024, धारा-126(2)/109(1)/352/351 (2)/3 (5) बी. एन.एस-2023 एवं 27 आर्म्स एक्ट।

गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व के कांडों में अपराधिक इतिहास रहा है, जो इस प्रकार है:-

☞ चरपोखरी थाना काण्ड सं0-189/19, धारा-302/307/102 (बी) भा०द०वि० ।

☞ पीरो थाना काण्ड सं0-272/19, दिनांक-05.10.2019, धारा-395 भा०द०वि० ।

☞ आरा नगर थाना काण्ड सं0-298/20, दिनांक-13.06.2020, धारा-42/52 PRISONERS ACT.

☞ उदवंतनगर थाना काण्ड सं0-450/19, दिनांक-14.11.2019, धारा-392 भा०द०वि०।

# अवैध विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह





जगदीशपुर थाना अंतर्गत गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम लीलाटोला में अवैध विदेशी शराब की बिक्री की जाती है।उक्त सूचना का सत्यापन एवं बरामदगी हेतु पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष, बिकाउ राम, जगदीशपुर थाना के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा ग्राम लीलाटोला के मिथलेश कुमार यादव पिता-स्व० सहोदर सिंह के घर का घेराबंदी करते हुए छापामारी करने के कम में छत से एक व्यक्ति कुदकर भाग गया, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति का नाम व पता पुछने पर अपना नाम व पता मिथलेश कुमार यादव, पिता-स्व० सहोदर सिंह, साकिन-लीलाटोला, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर बताया। मिथलेश कुमार यादव के घर का तलाशी लेने के कम में घर के पश्चिम कमरा से 750 एम. एल. का एक काटुन, 375 एम.एल. का चार काटुन एवं 180 एम.एल. का एक्कीस काटुन कुल 1116 पीस अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति मिथलेश कुमार यादव से अवैध शराब के संबंध में कराई से पुछताछ करने पर बताया गया कि मो० दारा मुस्लिम पिता-बलाल खों, ग्राम-दावों, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर द्वारा शराब लाकर मुझे तथा ग्राम दुलौर के रवि कुमार उर्फ कालीचरण यादव को बेचने के लिए दिया जाता है और हम लोग बिकी करते है। पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर ग्राम दुलौर के रवि कुमार उर्फ कालीचरण यादव, पिता-दिनेश यादव, के घर का घेराबंदी करते हुए घर का छापामारी करने के कम में रवि कुमार उर्फ कालीचरण यादव के घर से पीला रंग के प्लास्टिक के बोरा में 180 एम.एल. का 130 पीस अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया।●

# पत्नी का सर काटा और दो बच्चों को किये टुकड़े

● गुड्डू कुमार सिंह



पति ने पत्नी समेत 2 मासूम बच्चों की खंती से काट कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसी से नाराज पति ने पहले पत्नी का सिर धड़ से अलग किया। इसके बाद बेटे और बेटी को टुकड़ों में काट कर मार डाला। घटना अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की है। मृतकों में सीमा देवी, बेटी सौम्या कुमारी (8) और बेटा दीदवंत कुमार (10 माह) शामिल है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी शख्स लालू यादव (35) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हत्यारा पति मानसिक रूप से विक्षिप्त भी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद था। हालांकि, अभी तक ये स्पष्ट नहीं है कि दंपती के बीच झगड़ा किस वजह से हुआ था। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि खंती से हमला कर पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद 2 छोटे मासूम बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, सीनियर पदाधिकारी और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आगे का अनुसंधान और आवश्यक विधि संगत कार्रवाई कर रही है।●

# गोली मारकर हत्या करने वाला दो अभियुक्त गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह





सहार थानान्तर्गत सुबह करीब 08:00 बजे सहार थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि ग्राम-परेहाप में एक व्यक्ति कमलेश राय को गोली मारकर हत्या कर दी गयी है एवं मृतक के भाई मनोरंजन राय को भी अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। इस संबंध में सहार थाना कांड सं0-166/24, दि०-09.09.2024, धारा-61 (2)/103(1)/109 /190/191(1)/191 (3) बी.एन.एस. 2023 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु सहार थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों एवं डी. आई.यू. टीम के साथ विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल ग्राम परेहाप पहुँचकर जख्मी को ईलाज हेतु प्राथमिकी स्वास्थ्य केन्द्र, सहार भेजा गया। इस काण्ड का उद्‌भेदन में वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संग्रह किया गया है। उक्त गठित टीम के द्वारा कांड के अनुसंधान के क्रम में कांड के नामजद अभियुक्त सुरज राय उम्र 23 वर्ष पिता रामाकांत राय एवं कांती देवी उम्र 50 वर्ष पति स्व० मदन राय दोनों ग्राम-परेहाप, थाना-सहार, जिला-भोजपुर को गिरफ्तार किया गया।●

# इटाढ़ी पुलिस की कर्तव्यनिष्ठता के आगे बौना साबित हुआ हाजत

● बिन्ध्याचल सिंह

पुलिस अधीक्षक बक्सर के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार मिनीगन फैक्टरी व कांडो को उद्‌भेदन करने में बक्सर पुलिस सफल हो रही है, वही जिले के अन्य थानाध्यक्ष अपने पोषक क्षेत्र में शांति कायम करने में सफल है। हांलाकि बक्सर जिला अन्तर्गत दो थाना सोनवर्षा ओपी व बगेन थाना पुलिस विहिन थाना है इसको नकारा नही जा सकता। सोनवर्षा थाना के परिसर में जब आप दस्तक देगे तो पायेगे कि थानाध्यक्ष की अनुपस्थिति में कार्यालय में से, संसद में चल रहे बहस की तरह आवाज आयेगी जिसमें भारतीय प्रधानमत्री बदलने व बिहार में भ्रष्टाचार में अंकुश लगाने की बात सुनाई दे रही थी। ऐसी स्थिति में केवल सच प्रतिनिधि ने 21 अगस्त 2024 को करीब तीन बजे, जब थानाध्यक्ष किसी बैठक में उपस्थित होने के लिये थाना के पोषक क्षेत्र से बाहर थे। उर्पयुक्त बात की जानकारी वृक्ष के नीचे चबूतरे पर बैठे दो युवको ने दी, जो अपनी किसी वाहन के कार्य से थानाध्यक्ष से मिलने आये थे। जबकि बगेन थाना में सुशासन बाबु की शराबबंदी की बूॅ आ रही थी, ऐसी सुगन्ध दिनांक 21/08/2024को करीब पॉच बजे झंडोतोलन चबुतरा पर लेटे एक व्यक्ति से प्राप्त हुई हांलाकि वो अपनी मोबाईल पर व्यस्त था। जब उस व्यक्ति से पुछे की पानी की व्यवस्था किधर है उन्होने कहा कि बाजार में जाना पडेगा। यहॉ कोई व्यवस्था नही है। बगेन थाना के पोषक क्षेत्र में आने वाले कुरूथीया और राजपुर गॉव की आम जनता की बात को प्राथमिकता दिया जाय तो बगेन थाना में सेवा दे रही गश्ती वाहन गाडी एक शोभा की वस्तु है जो केवल ब्रहम्मपुर-कोरान सराय मार्ग पर ही दिखाई देती है। वही थानो में ओडी पदाधिकारी केवल ब्रहम्मपुर, इटाढी, राजपुर, नवानगर, आदर्श नगर थाना,बक्सर में उपस्थित मिले। अगर मॉडल थाना बक्सर की बात की जाय तो नगर थानाध्यक्ष आमजनता की बातो को कुछ ज्यादा अहमियत देते है परन्तु न्यायालय की कोई भी आदेश उनके लिये मायने नही रखती है। ये सौ प्रतिशत सत्य है। प्रिय पाठकगण जानकारी के लिये बता दूॅ कि चतुर्थ अपर एवं सत्र न्यायाधीश बक्सर 18/07/2023 की आदेश का आज तक कोई कारवाई नही की गई। जिसकी जानकारी चुडी बाजार के दुकानदारो और जनहित याचिका वाद दायर करने वाले व्यक्तियो से प्राप्त कर सकते है। आपको बताते चले कि बक्सर जिला का ब्रहम्मपुर, नवानगर व इटाढी ऐसे थाना है जहॉ पदस्थापित प्रत्येक पदाधिकारी थानाध्यक्ष की तरह जिम्मेवारी का निर्वहन करते है इसकी जानकारी खतिबा गॉव की जनता कन्हैया राजभर ने केवल सच प्रतिनिधि को जानकारी दी। साथ ही प्रतिनिधि 05/09/2024 को इटाढी थाना परिसर में लगभग नौ बजे दस्तक दिये थे। परन्तु थाना का नजारा ही अपने आप में अलग मायने रखा था। या यूॅ कहे कि महज एक घंटे के अन्तराल में इटाढी थाना के पुलिस बल ने वाहनो में आरोपी गिरफतार कर लाये। जिससे थाना परिसर का हाजत भी कम पडा। गिरफतारी में कुछ मनचले भी शामिल थे। आगे कन्हैया राजभर ने जानकारी दी कि थाना परिसर में प्रत्येक शनिवार के दिन अधिक से अधिक मामला का निष्पादन किया जाता है, जिसमें थानाध्यक्ष की विशेष भूमिका रहती हैं।●

# भ्रष्ट इन्दौर पंचायत के इतिहास में अमर नाम है अमर राम

● बिन्ध्याचल सिंह

बक्सर जिला में भ्रष्टाचार की बात किया जाय तो पहला विभाग भूमि राजस्व विभाग का नाम आता है जिस विभाग में बगैर सेवा शुल्क के दाखिल खारिज नही होता है और उच्च पदाधिकारी बदनाम होते है। जबकि सर्वे-सर्वा हल्का राजस्व कर्मचारी की देन है। वही अंचल कार्यालय से नकल लेने में डाटा ऑपरेटर को 300-350/रू0 देना पडता है। बक्सर जिला के 139 पंचायतो की बात की जाय तो जिले का प्रथम भ्रष्ट पंचायत इन्दौर प्रखण्ड इटाढी है, जिसका इतिहासमें भ्रष्टचार ही भ्रष्टाचार है, विगत मुखिया के कार्यकाल में बाइस लाख रू0/2200000-रू0 का घोटाला की शिकायत की गई थी परन्तु उस घोटाले पर कारवाई नही होने के कारण वर्तमान मुखिया का मनोबल बढ चुका है। उपरोक्त बात की जानकारी इन्दौर पंचायत के वार्ड नम्बर-06 के सम्मानित जनता ने केवल सच प्रतिनिधि को जानकारी दी। 2200000रू0 का घोटाला करने वाले वार्ड नम्बर-06 के रहने वाले शिवदयाल सिंह ने उस जनता को धमकी दे रहे थे क्योकि पंचायत के पिछले कार्यकाल के घोटाले और वर्तमान मुखिया के घोटाले में शिवदयाल सिंह का मुख्य हाथ है। इतना ही श्री सिंह के परिवार के कुल पॉच परिवार का जॉब कार्ड बना है और उनके खाते में सरकारी राशि भी आती है जिसमें प्रथम-श्री रामकुंवर सिंह पिता-स्व0 दमरी सिंह,पत्नी-कौशल्या देवी,पुत्र-शिवदयाल सिंह, पुत्रवधू-मीरा देवी,पुत्र-अवध बिहारी सिंह उपरोक्त नामो का अलग-अलग जॉब कार्ड है। उक्त बात की जानकारी नाम नही छपने की शर्त पर केवल



सच प्रतिनिधि को प्राप्त हुई है। आपको बताते चले कि घोटाले का मास्टरमांइड केवल शिवदयाल सिंह है जिसका पुस्तैनी घर इन्दौर पंचायत के वार्ड नम्बर-06 है। उन्होने कहा कि अगर आपको शिवदयाल सिंह के घर जाना हो तो किसी व्यक्ति से उनके घर जाने की रास्ता पुछने की जरूरत नही है क्योकि आप इन्दौर पंचायत के वार्ड नम्बर-06 में जाइए और जिस गली में मनरेगा के तमाम नेम प्लेट नाली पर बिछाई गई हो तो समझ लेना कि श्री शिवदयाल सिंह का घर, जो इन्दौर पंचायत के भ्रष्टाचारियो का मास्टरमांइड व कुशवाहॉ जाति के नाम पर कलंक है। उन्होंने आगे कहा कि इटाढी प्रखण्ड के इन्दौर पंचायत के इन्दौर गॉव की जिन औरतो का नाम से मनरेगा जॉब कार्ड बना है, और उस औरत का वार्ड नम्बर-06 है तो समझ लिजिएगा वो महिला कुशवाहॉ ही होगी, जिसका जॉब कार्ड शिवदयाल सिंह ने ही बनवाई होगी और उस महिला को जानकारी भी नही होगी। मनरेगा में जिन महिलाओ के नाम से पैसे का निकासी किया गया है वो महिला न तो कार्य की है और न ही उसको जानकारी है। यहॉ तक कि वो महिला इन्दौर गॉव की बहु है जिसकी परिधान व संस्कृति वर्ष 1960-70 की दशक की है। इन्दौर मौजा में कुल अपनी पति के पुस्तैनी जमीन की भी जानकारी नही रखती है फिर भी उसके नाम से मनरेगा में मजदुर दिखा कर राशि की निकासी की गई है। जिसमें अभी दो महिला के नाम का उजागर हुआ है। पहला-पुनम देवी पति-श्री सुरेन्द्र सिंह और दुसरा-चिन्ता देवी पति-श्री बिरेन्द्र कुमार सिंह है। जिस महिला को मजदुर बना राशि की निकासी की गई है उसके बारे में न तो महिला को जानकारी है और न ही उसके पति को। जानकारी के लिये बता दूँ कि पूनम देवी पति-सुरेन्द्र सिंह के जॉब कार्ड संख्या-बी0एच0-48-004-006-03294100/1540 जो 05 अक्टुबर 2017 का निर्गत किया गया है, जबकि चिन्ता देवी पति-श्री बिरेन्द्र कुमार सिंह के जॉब कार्ड संख्या-बी0एच0-48-004-006-03294100/1030 जो 05 मई 2018 का निर्गत किया गया है जरा सोचिये जो कार्ड 2017 में निर्गत किया गया उसका नम्बर-1540 है और जो 2018 में निर्गत हुआ उसका नम्बर-1040 यानि सच्चाई से कोसो दूर और भ्रष्टाचार के बिल्कुल करीब है इन्दौर पंचायत के मुखिया श्री अमर राम की भ्रष्टाचार की इतिहास में नाम रहेगा-''अमर''।●

# पदाधिकारी को बदनाम करते कर्मचारी

● बिन्ध्याचल सिंह

'सारे मांझी पागल हो तो पतवार बदलकर क्या होगा' उध्द्त कहावत निबंधन कार्यालय बक्सर और अनुमण्डल कार्यालय बक्सर पर चरितार्थ होती नजर आती हैं। जहॉ निबंधन सह विवाह कार्यालय में बगैर पदाधिकारी के जानकारी में करीब-करीब सभी क्रेता से सिरिस्ता के नाम पर कुल राशि का 02 प्रतिशत सेवा शुल्क ली जा रही है। वही नकल प्राप्त करने में एक हजार रू0 सेवा शुल्क के नाम पर ली जा रही है। नाम नही छपने शर्त पर एक कातिब ने जानकारी दी कि निबंधन कार्यालय बक्सर दलालो का दलान बन चुका है। पदाधिकारी महोदय की व्यस्तता के कारण अगर किसी अन्य कर्मचारी को जमीन की स्थल जॉच करने के लिये भेजते है तो वह कर्मचारी बगैर जॉच किये अपना जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। जो भ्रष्टाचार का द्योतक है। वही अनुमण्डल कार्यालय बक्सर में अगर कोई आवेदक अपना आवेदन पदाधिकारी महोदय को देता है, तो वह आवेदन उन व्यक्ति तक पहुँच जाती है जिस व्यक्ति के विपक्ष में आवेदन दी जाती है, जिसका खामियाजा आवेदक को भुगतना पडता है। ऐसे ही एक मामला चुडी बाजार रामरेखा घाट बक्सर के साथ घटी। जो जॉच का विषय है। जरा सोचिये:- इसमें पदाधिकारी महोदय का क्या दोष है। ऐसे ही एक मामला जिलाधिकारी बक्सर से वर्ष 1994-96 में गलत कागजात उपलब्ध करा कर फैसला करा लिया गया था। जो प्रखण्ड इटाढी मौजा खातिबा से सम्बन्धी है जिस कागजात के आधार पर जिलाधिकारी महोदय ने अपनी फैसला सुनाया था वो कागजात मौजा-बक्सर और नवानगर से सम्बन्धित था। उस कागजात से मौजा खातिबा से कोई लेना-देना नही है जरा सोचिये:-जिस जिला के कर्मचारी पदाधिकारी को सही बात नही देते तो उस जिले का विकास कितना होगा ये चिन्तनीय तो है ही। उपरोक्त खबर क्रेता-विर्क्रेता व पीडित जनता की जानकारी के आलोक में की गई, जो जॉच का विषय है।●

# सोन हरदेव इन्टरनेशनल स्कूल के बढ़ते कदम

● बिन्ध्याचल सिंह

बक्सर जिला में कुकुरमुते की तरह प्राइवेट विद्यालय की संख्या है जिसमें अधिकतर विद्यालय के निर्देशक अपना व्यवसाय मानकर विद्यालय संचालित करते है तो कुछ निर्देशक परमार्थी सोच के साथ देश व राज्य की विकास के साथ समाज को शिक्षित करना चाहते है। बक्सर जिला के अधिकतर प्राइवेट विद्यालय में कार्यरत शिक्षको की दी जाने वाली मानदेय एक दैनिक मजदुर से भी कम है। जिससे यह साबित होता है कि प्राइवेट विद्यालय के निर्देशक बेरोजगारी का भरपुर लाभ उठाने में कोर कसर नही छोडते है। प्राइवेट विद्यालय में शिक्षको का न्युनतम मानदेय पॉच हजार रू0 है जबकि छात्रो से ली जाने वाली शिक्षण शुल्क तीन सौ रू0 से कम नही है जबकि नामांकन के समय लगभग दस हजार शुल्क देना पडता है, साथ ही पुन: नामांकन प्रत्येक वर्ष है। इतना ही नही,बक्सर जिला के कुछेक विद्यालय को छोडकर लगभगसभी प्राइवेट विद्यालय में कपडा, जुता, कौपी, किताब के विक्रेता भी प्राइवेट विद्यालय के निर्देशक बन चुके हैं। इन्ही बिन्दुओ पर जिला के प्राइवेट विद्यालय की जानकारी, जो सर्वे, आम जनता समाजसेवी, जनप्रतिनिधियो के माध्यम से प्राप्त हुई है उसी के आलोक में:-सोन हरदेव इन्टरनेशनल स्कूल चक्की बक्सर जिला में शिक्षा दे रहे अन्य विद्यालय से कुछ अलग ही उसके नियम व निर्देशक की सोच है जो गुणवतापूर्ण शिक्षा, छात्रो के मानसिक विकास, छात्रो के हित को देखते हुए कई ऐसे नियम है जो अभिभावक को पूर्ण विश्वास रहता है कि हमारे बच्चे का भविष्य सुरक्षित है। सोन हरदेव इन्टरनेशनल स्कूल चक्की के निर्देशक की कई ऐसे अपनी व्यक्तिगत सोच रहती है जिससे बच्चो के सुरक्षा, शिक्षा, मनोरंजन इत्यादि के नियम जिले के अन्य प्राइवेट विद्यालय से अलग है। जैसे:-सोन हरदेव इन्टरनेशनल स्कूल चक्की बक्सर में शिक्षा दे रहे, लगभग सभी शिक्षक प्रशिक्षित है। दुसरे शब्द में:- सभी शिक्षक शिक्षाविद् है। प्राकृत हवाओ के साथ विद्यालय में सभी सुविधाओ की उपलब्ध है। आपको बताते चले कि सोन हरदेव इन्टरनेशल स्कूल चक्की में लगभग 1500/छात्र-छात्रो के साथ विद्याालय परिवार की संख्या लगभग दो हजार है जिसमें चालक भी शामिल है। विद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओ, शिक्षक, गैर शिक्षण कर्मचारी, चालक के साथ सिक्यूरिटी गार्ड का अलग-अलग ड्रेसे है। प्रिय पाठकगण जानकारी के लिये बता दूँ कि सोन हरदेव इन्टरनेशनल स्कूल चक्की का क्षेत्रफल लगभग चार एकड है जबकि स्कूल वाहन खडी करने का अलग स्थान है। बक्सर जिला के अधिकतर प्राइवेट विद्यालय के वाहन पर स्कूल का प्रचार करते हुये आवाज सुनाई देते रहते है परन्तु जिला के सोन हरदेव इन्टरनेशनल स्कूल चक्की, संत जॉन सेकेण्डरी प्लस टू विद्यालय डुमरॉव, फांउण्डेन स्कूल बक्सर, पी एल पब्लिक स्कूल ब्रहम्मपुर के वाहनो पर ऐसा नही पाया जाता है।●

# भारत के प्रसिद्ध शक्ति स्थल के रूप में जानी जाती हैं बिहार के सहरसा की माँ उग्रतारा स्थान महिषी

● अंजु झा

कोशी रेंज की प्रसिद्ध लेखिका/कवियत्री श्रीमती अंजु झा जी ने बताया है की बिहार के सहरसा जिले में स्थित महिषी में माँ उग्रतारा स्थान प्रसिद्ध शक्तिस्थलों मे एक है, मंडन मिश्र की पत्नी विदुषी भारती से आदि गुरु शंकराचार्य का शास्त्रार्थ यही हुआ था!!! इस सिद्धपीठ के बारे में ऐसी मान्यता है कि सती के मृत शरीर को लेकर शिव ब्रह्मांड का चक्कर लगा रहे थे, प्रलय से बचने के लिए भगवान विष्णु ने अपने चक्र से सती के शरीर को 52 भाग में विभक्त किया था सती का जो अंग जहां पर गिरा वह स्थान सिद्ध पीठ के रूप में प्रसिद्ध हो गया ,कहां जाता है कि सती का बायां नेत्र यहां गिरा था,एक मान्यता यह भी है की ऋषि वशिष्ठ ने कठिन तप से मां भगवती को प्रसन्न किया था और सशरीर माता को यहाँ पर लाया था , किंतु शरीर भंग होने पर माँ तारा पाषाण रूप में परिवर्तित हो गई और उग्र रूप धारण कर लिया इसी कारण से इन्हें 'उग्रतारा' कहा जाता है, यहाँ माँ तारा की प्रतिमा का स्वरूप बदलता रहता है, प्रतिमा सुबह अलसायी, दोपहर में रौद्र तथा शाम में सौम्य स्वरूप में दिखती है। उग्रतारा मंदिर में नवरात्रि के दोनों ओर प्रत्येक मंगलवार को यहां लोगों की काफी भीड़ रहती है, माता के पास जो भक्त सच्चे मन से जो मांगता है,माता उसकी मुरादे अवश्य पूरी करती है! माँ तारा की प्रतिमा के दोनों तरफ दो छोटे देवी है ,जिसकी एकजटा और नील सरस्वती के रूप में पूजा की जाती है! माँ उग्रतारा का ये मंदिर बिहार सरकार के न्यास समिति का हिस्सा हैं, यहाँ प्रति वर्ष न्यास समिति द्वारा 'माँ उग्रतारा महोत्सव' धूम-धाम से मनाया जाता हैं, जिसमे भारत के विभिन्न प्रांतो से कलाकार आते हैं!●








# परिवर्तन महारैली में पीएम मोदी की हुंकार

● **गुड्डी साव**

जमशेदपुर के बिस्टुपुर गोपाल मैदान में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची से सड़क मार्ग द्वारा चलकर पहुंचे। इसके पूर्व उन्होंने वंदे भारत ट्रेन सहित कई योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया। बतौर प्रधानमंत्री ,नरेंद्र मोदी ने पहली बार लगभग 130 किलोमीटर की सड़क मार्ग से यात्रा कर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भारी बारिश के बीच हजारों लोग पीएम नरेंद्र मोदी को देखने और सभा में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का प्यार और आशीर्वाद देखते ही बन रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर आते ही पूरा सभास्थल मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पीएम नरेंद्र मोदी का अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि क्रांति और बलिदानों की ये धरती, भगवान बिरसा मुंडा के तप, त्याग और आशीर्वाद की ये धरती को मैं झारखंड की इस महान धरती को प्रणाम करता हूं। बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हो, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है। मैं आपके दर्शन किए बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग से ही आप सबके दर्शन करने पहुंच गया। आज देश के दलित-वंचित, गरीब-आदिवासी और महिलाओं का भरोसा मोदी पर है। आज युवाओं का भरोसा मोदी पर है, मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। आज झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के जरिए पक्के घर भी मिले हैं। इनमें से ज्यादातर घर मेरी माताओं-बहनों के नाम पर हैं। आज आपका ये भाई करमा पर्व के अवसर पर अपनी बहनों को अपने पक्के घर का उपहार देकर धन्य हो गया है। बीते लोकसभा चुनाव में सारा विपक्ष मोदी को हराने के लिए बेचैन था। पूरी जमात, बड़े-बड़े षड्यंत्र, बड़ी-बड़ी साजिशें, झूठ की इतनी बड़ी मशीनरी, देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतें, लेकिन आपका आशीर्वाद उन सब पर भारी पड़ा। मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद के लिए भी आपका धन्यवाद करता हूं। झारखंड और भाजपा का रिश्ता सिर्फ एक राजनीतिक रिश्ता नहीं है। ये रिश्ता दिल का है ये



रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना भाजपा का अपना सपना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिला योजना के जरिए झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता पहली बार किसने की, भाजपा की सरकार ने। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत किसने की, भाजपा की सरकार ने। आज भी भाजपा केंद्र में रहकर झारखंड के विकास के लिए पूरे समर्पण और सेवाभाव से काम कर रही है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप राज्य सरकार में भाजपा को मौका दीजिए। झारखंड के विकास के लिए भाजपा कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं- झामुमो, आरजेडी और कांग्रेस। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी आरजेडी झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही। ये झामुमो वाले जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं। झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल झामुमो का भी हो रहा है। झामुमो और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोटबैंक बनाना चाहते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि यही समय है, हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। इस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है- कांग्रेस पार्टी। इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है- कांग्रेस का परिवार। भ्रष्टाचार की सारी धाराएं वहीं से निकलती हैं। ये झामुमो वाले भी उसी स्कूल से ट्रेनिंग लेते हैं- कांग्रेस स्कूल ऑफ करप्शन। झामुमो ने 5 साल में केवल एक ही काम किया है- झारखंड की लूट और चारों तरफ भ्रष्टाचार। झामुमो सरकार ने जल, जंगल और जमीन सबमें भ्रष्टाचार किया है। खनिज हो, बालू हो, सबमें इस भ्रष्ट सरकार ने चोरी किया



है। मईया योजना में 300 रुपये एवं अबुआ आवास में 25 हजार की घुस ली जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा वादे करना और उसे पूरा करना ये सिर्फ बीजेपी ही करती है। झामुमो ने युवाओं को 5 हजार एवं 7 हजार रुपये भत्ते के रूप में देने की बात कही थी, जो सब झूठ निकली। नौकरी देने में विफल, ये भ्रष्ट सरकार ने आनन फानन में सिपाही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी, जिसमें 15 से अधिक युवाओं की मौत हो गई। उन सभी युवाओं को मैं श्रद्धांजलि देता हूं और मैं वादा करता हूं झारखंड में कुछ महिनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी तो इन सारे मामलों की जांच करवाई की जाएगी। साथियों, वादे करना और उसे पूरा करना यह सिर्फ बीजेपी ही करती है। कहा कि हमने 70 साल और उससे अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को मुफ्त इलाज की गारंटी दी थी। कुछ दिन पहले ही हमारी सरकार ने उस फैसले पर मुहर लगा दी है। साथ ही साथ 400 से ज्यादा एकलव्य स्कूल खोल कर आदिवासियों एवं जनजातीय परिवारों के लिए हमने शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारी बारिश के बीच उमड़े जनसैलाब में मुझे झारखंड का भविष्य साफ नजर आ रहा है। कोल्हान सहित झारखंड की जनता राज्य में परिवर्तन के लिए तैयार है। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इतनी मूसलाधार बारिश में भी आप सभी जनता अपने प्रिय प्रधानमंत्री को देखने एवं सुनने आये है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आपसे मिलने 130 किमी की यात्रा सड़क मार्ग से करके आए है। मैं आपको एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर झुकाकर प्रणाम करता हूँ। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे है संघर्षो का शंखनाद करने एवं युद्ध का बिगुल फूंक कर भ्रष्ट झामुमो–कांग्रेस की हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाने आ रहे है। ये बेईमान सरकार लेन–देन की सरकार हो गयी है। हर चीज यहाँ बिकती है बस खरीदने वाला चाहिए।

शिवराज सिंह ने कहा कि जेएमएम में जे का मतलब जुर्म माफिया, म से मर्डर माफिया एवं म से मनी माफिया। यहाँ की सत्ताधारी नेताओं के यहां से करोड़ों रुपये निकल रहे है और ये जनता का पैसा बेशर्मी से लूटकर खाने वालों की सरकार को उखाड़ फेंकना है। ऐसा कब हुआ है कि 3 महीने के अंदर 40 लाख मकान स्वीकृत कर दिए गए और 3 करोड़ मकान के लिए राशि स्वीकृत कर दी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि अब कोई गरीब कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा। मोदी जी गरीबों को सिर्फ घर नहीं दे रहे बल्कि आत्म सम्मान से जिदंगी जीने का अवसर भी दे रहे हैं। मोदी जी प्रधानमंत्री से पहले आपके परिवार के सदस्य हैं इसीलिए उन्हें सदैव जनता और गरीबों के कल्याण की चिंता रहती है। वहीं, भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भारी बारिश के बीच बिस्टुपुर गोपाल मैदान पहुंचे कोल्हान और लौहनगरी जमशेदपुर की जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने प्रदेश की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को 2 हजार रुपये चूल्हा खर्च, ग्रीन कार्ड से मुफ्त अनाज, युवाओं को साल में 5 लाख नौकरी, नवविवाहिता को सोने का सिक्का, वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को ढाई हजार पेंशन, जैसे तमाम वादे झूठे निकले। शहीद निर्मल महतो की शहादत स्थली से झूठे वादे करने वाले हेमंत सोरेन ने विधानसभा में घोषणा किया था कि ग्रेजुएट को 5000 हजार एवं पोस्ट ग्रेजुएट को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। जल, जंगल एवं जमीन बचाने की बात करने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जल, जंगल एवं जमीन का सबसे अधिक लूट और दोहन किया है। 1951 के जनगणना में 44% जनजातीय आबादी से लेकर 2011 में 28% तक सीमित होती जनजातीय आबादी में 16% की गिरावट आयी है जो हम सभी के लिए चिंता की बात है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसे तमाम घोषणा करके झारखंड की जनता की भावनाओं का दोहन एवं विश्वासघात करने वाली हेमंत सोरेन को उखाड़ फेंकने और परिवर्तन का संकल्प झारखंड की जनता ले चुकी है।

अमर बाउर ने कहा कि हेमन्त सोरेन ने हर बेरोजगार युवाओं को 5 हजार एवं 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी और युवाओं को हर साल 5 लाख नॉकरी देने की बात कही थी अपनी बात को भारी बनाने के लिए आदरणीय शिबू सोरेन जी का भी नाम लेके उनके बेटे होने की बात शहीद निर्मल महतो जी की समाधि स्थली पर जाके घोषणा की थी और पूरा नही होने और राजनीति से सन्यास की घोषणा भी की थी। जेल से जमानत पर बाहर आने पर भी एक सप्ताह भी बिना सत्ता के कारण नही रह पाने के कारण आदरणीय चम्पई दा को अपमानित करके मुख्यमंत्री की कुर्सी हथिया ली। जब से युवा विरोधी हेमन्त सोरेन सत्ता में आई है तब से युवाओं पर लाठी चार्ज , वाटर केनन एवं आँसू गैस की गोली छोड़ने से मन नही भरा तो बिना तैयारी के आनन फानन में सिपाही भर्ती में 15 से अधिक युवाओं की जान ले चुकी है । चुनाव से 100 दिन पहले अपनी नकामी छुपाने के लिए भादो माह की उमस वाली गर्मी में 10 किमो की लंबी दौड़ लगवा कर 15 से ज्यादा युवाओं को मौत की मुँह में धकेल दिया। यही जमशेदपुर के एक युवा की मौत भी इस भर्ती प्रक्रिया में हो गयी है लेकिन ये भ्रष्ट सरकार अपने अंहकार एवं नाकामी को छुपाने के लिए युवाओं की प्राण ले रही है।

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि बंगलादेशी घुसपैठियों से पूरा संथाल सहित कोल्हान एवं



समस्त झारखंड परेशान है और बदले डेमोग्राफी से सभी का भविष्य चिंतित है। घुसपैठिये झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों के संसाधन जल , जंगल एवं जमीन को अपने कब्जे में ले रहा है फिर भी हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी हेमंत सोरेन की सरकार वोट बैंक के लिए आंखों पर पट्टी बांध रखी है एवं संरक्षण देकर वोट के लिए झारखंड में बसा रही है। हिमंता बिस्वा सरमा जब भाषण दे रहे थे, तो उन्होंने लोगों से पूछा कि इसबार कोल्हान की 14 में से कितनी सीटें मिलेंगी। भीड़ का जवाब मिला सभी 14 सीटें भाजपा जीतेगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इतनी भारी बारिश में भी इतनी बड़ी तादाद में आई जनता झामुमो– कांग्रेस के महागठबंधन वाली भ्रष्ट हेमन्त सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एवं परिवर्तन के लिए कृत संकल्पित है। झारखंड की वर्तमान भ्रष्ट एवं निक्कमी दलालों एवं बिचौलियों की सरकार से झारखंड को मुक्त करा कर परिवर्तन लाने का संकल्प हम सभी को यहाँ गोपाल मैदान से लेके जाना है। झारखंड मोदी जी के लिए एक राज्य नही है झारखंड मोदी जी के दिल में बसता है इसलिए ही इतनी लंबी सड़क यात्रा करके मोदी जी हम सभी से मिलने आए। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो झारखंड के आदिवासियों को उचित




मान सम्मान के साथ हक व अधिकार देने का कार्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि अपने पांच साल को झारखंड को लूटने और बर्बाद करने में गंवाने वाली हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ चुनाव और जनता के आक्रोश को देखते हुए चुनावी योजना लायी है। अगर उन्हें वास्तव में गरीब जनता और माताओं–बहनों की चिंता होती तो मात्र 2 महीने के लिए नही बल्कि 1 साल पहले ऐसी योजना लाते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक आदिवासी बेटी को महामहिम द्रौपदी मुर्मू बनाकर सभी जनजातियों का सम्मान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों के हित के लिए नहीं सोचा। झारखंड अलग राज्य में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांग्रेस ने यहां के आदिवासी मूलवासी के सम्मान को कुचला और दबाया है। भाजपा ही झारखंड की आदिवसियों की अस्मिता बचा सकती है। संथाल परगना में बंगलादेशी घुसपैठ का एक बड़ा मुद्दा बन गया है। आदिवसियों के हक और अधिकार को मारा जा रहा है। केवल भारतीय जनता पार्टी ही बंगलादेशी घुसपैठ को खत्म कर सकती है। कहा कि इसलिए मैंने सोचा कि झारखंड के आदिवासियों की अस्तित्व को बचाना है, झारखंड का विकास करना है तो भारतीय जनता पार्टी में ही रहकर यह हो सकता है। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार के आतंक का अंत अब होने वाला है। पिछले पांच साल में कोई ऐसा सगा नही बचा है जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नही है। आज राज्य का युवा, महिला, किसान, मजदूर, बुजुर्ग, दलित, आदिवासी, पिछड़ा समाज सभी लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परिवर्तन महारैली से कोल्हान और झारखंड की जनता ने परिवर्तन का शंखनाद कर दिया है।●

# मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा शरमा दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रांची

● गुड्डी साव

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवम असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शरमा प्रदेश कार्यालय में अनौपचारिक भेंट मुलाकात के बाद वे सीधे ओरमांझी के जिराबर गांव पहुंचे। साथ में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह सहित रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। आसाम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शरमा ने कहा कि हेमंत सरकार संवेदनहीन सरकार है।अबतक किसी परिजन से सरकार के प्रतिनिधि मिलने तक नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के 16 नवजवानों के मौत से दुखी है ।पार्टी इस दुखद क्षण में परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अबतक कोई मुआवजा राशि की घोषणा नही की गई है नौकरी की। कहा कि क्या राज्य सरकार के पास सहायता के लिए फंड का अभाव है जो मंत्रियों के ऊपर उसे फेंक रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही



,अव्यवस्था ,और गलत निर्णय के कारण युवाओं की मौत हुई है। रात भर जागकर युवा लाइन में लगे। गरीब अभ्यर्थी बिना खाए पिए दौड़ में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कोरोना टीकाकरण का बहाना बनाकर राज्य सरकार अपनी जिम्मेवारी से बचना चाह रही। टीकाकरण पूरी दुनिया में हुआ। खुद मुख्यमंत्री ने टीका लिया है। पूरे देश में सिपाही ,सेना की बहाली हुई लेकिन कहीं ऐसी दुखद घटना नहीं घटी। हेमंत सरकार ने नियमो को ताक पर रखते हुए बिना मेडिकल टेस्ट कराए अभ्यर्थियों को दौड़ाया। कहा कि दुखद घटना का राजनीतिकरण हेमंत सरकार कर रही जबकि राज्य सरकार को अविलंब परिजनों को नौकरी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा दुख की बेला में मृतक अभ्यर्थियों के परिजनों के साथ खड़ी है। हर संभव सहायता कर रही।और राज्य में भाजपा सरकार बनते ही परिजनों को नौकरी दी जायेगी। श्री विश्व शरमा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू के कुचू स्थित आवास भी गए।जहां श्री साहू ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता एवम ग्रामीण भी उपस्थित थे।●

# प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन

● **गुड्डी साव**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार तथा कृषि विभाग का उद्देश्य एवं लक्ष्य राज्य में किसान वर्ग को मजबूती प्रदान करना रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड गांवों का प्रदेश है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों का जुड़ाव खेती-बाड़ी के कार्यों से है। विगत 4 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किसान वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन और नीति निर्धारण की गई है जो आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा। उनकी सरकार राज्य के गांवों की जड़ों को मजबूत करने पर लगी है। जब गांव की जड़े मजबूत होगी तब स्थायी तौर पर राज्य भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में उनकी सरकार के गठन के चंद दिनों बाद से ही कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। तमाम चुनौतियों से लड़ते-लड़ते विगत चार वर्षों में राज्य के गरीब, वृद्धजन, महिलाएं, किसान, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सभी वर्गों के उत्थान के लिए उनकी सरकार ने जो लकीर खींची है वह बहुत मजबूत, लम्बी और गाढ़ी लकीर है उसे मिटा पाना असंभव है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने द कार्निवल बैंक्विट हॉल, डिबडीह में आयोजित 'प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन, रांची-2024' के उद्घाटन एवं 236 चलंत पशु चिकित्सालय वाहन के शुभारंभ कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।



☞ **खेती-कृषि की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल :-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। इस देश में किसान वर्ग के लिए जो नीतियां बनाई गई है उसका फलाफल बहुत कारगर साबित नही हुआ है। बड़े पैमाने पर किसान वर्ग के लोग अब खेतीहर मजदूर के रूप में गिने जा रहे है। भौतिकवादी युग में विकास के विभिन्न मापदंड, सही नीति निर्धारण की कमी तथा जलवायु परिवर्तन किसानों को मजदूर बनने पर मजबूर कर रही है। यह एक बहुत गंभीर और चिंतनीय विषय है। उनकी सरकार ने राज्य में किसान वर्गों के लिए खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल दिया है। राज्य सरकार का प्रयास है कि किसान बंधुओं को खेती-कृषि के साथ-साथ पारंपरिक व्यवस्थाओं से जोड़कर आगे बढ़ाया जाए। उन्होने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मछली पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, दुग्ध उत्पादन सहित विभिन्न पशुपालन के माध्यम से जोड़कर कृषकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने हेतु निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कृषकों से अपील किया कि वे पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में परंपरागत खेती-कृषि के साथ-साथ पशुपालन की परंपरा भी रही है। इन सभी परंपराओं का अनुकरण करते हुए हमसभी लोग आज यहां तक पहुंचे हैं।



☞ **राज्य सरकार किसानों के साथ, 2 लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ :-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार सदैव यहां के किसान परिवारों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों के 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफी का निर्णय भी लिया गया है। राज्य सरकार अब कृषि कार्य के लिए किसान परिवारों को बेहतर गुणवत्ता वाले पशु प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई जिसमें कृषकों को प्रदान किए जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है ताकि पशुओं के मरने पर उन्हें बीमा की राशि उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही उन्होने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मछली पालन के व्यवसाय से भी जुड़े हैं। राज्य सरकार यहां विभिन्न पशुपालन योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

☞ **खेत-खलिहान और पशुधन ग्रामीणों का बैंक एवं एटीएम :-** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत-खलिहान और पशुधन होता है। आप इसे यह कह सकते हैं कि किसानों का बैंक और एटीएम कार्ड खेत-खलिहान और पशुधन ही है। ग्रामीण किसान परिवारों की हर जरूरत इसी से पूरी होती है। उनकी सरकार वनोपज को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। ग्रामीणों को वन उपज का सही मूल्य मिल सके इसके लिए भी उनकी सरकार संकल्पित है। खेती-कृषि, विभिन्न पशुपालन तथा वनोपज को एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराई जाए तो आने वाले कई समस्याओं से ग्रामीण किसानों को बचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि देश, समाज और परिवार में कृषक वर्ग का स्थान बहुत महत्व रखता है। इन सभी चीजों को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार द्वारा किसान पाठशाला, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण परिवार इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद श्री सुखदेव भगत, सांसद राज्यसभा श्रीमती महुआ माजी, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।●

# करम पूजा महोत्सव में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री सोरेन

● गुड्डी साव



मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने 14 सितंबर को रांची महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित 'करम पूजा महोत्सव' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अखरा में पूजा-अर्चना की तथा करम डाली को प्रणाम कर झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने आदिवासी पारंपरिक वाद्य मांदर भी बजाया। मौके पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने उपस्थित सभी लोगों को प्राकृतिक पर्व करम पूजा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

☞ **राज्य सरकार का प्रयास देश में आदिवासी समुदाय की हो अलग पहचान :-** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमसभी का यह प्रयास होना चाहिए कि झारखंड की सभ्यता-संस्कृति सदैव आगे बढ़ती रहे। झारखंड के अंदर आदिवासियों की गूंज इतनी मजबूत हो कि सवा सौ करोड़ आबादी वाले इस देश में आदिवासी समुदाय की अलग पहचान बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपसभी के सहयोग से इस परिसर में करम पूजा महोत्सव काफी उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी यह परिकल्पना है कि आदिवासी समुदायों के त्योहारों का एक अलग स्थान बने। त्योहारों की जिम्मेदारी हमसभी लोग अपने कंधों पर उठाएं और आने वाले पीढ़ी को भी अपनी सभ्यता-संस्कृति से जोड़ें ।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि इस परिसर के अंदर राज्य सरकार की तरफ से मैं विशेष कार्य योजना लेकर आऊंगा। मुझे आज यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि आज झारखंड के इस राजधानी में पहले चरण में कल्याण विभाग के माध्यम से छात्र-छात्राओं के लिए मल्टी स्टोरेज हॉस्टल बनाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। यह मल्टी स्टोरेज हॉस्टल लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाएगी। यह हॉस्टल इस राज्य का आदर्श तथा आधुनिक व्यवस्थाओं से लैस होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय के अधिकतर बच्चे-बच्चियां गांव-देहात से आते हैं। ये बच्चे काफी जद्दोजहद करते हुए सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा ग्रहण करते हैं। बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के बच्चे-बच्चियां सरकारी हॉस्टलों में रहकर पढ़ाई करते हैं। जब मैं छात्र राजनीति में था तब मुझे कई कॉलेज तथा छात्रावास में जाने का मौका मिलता था। उस समय मैंने देखा कि हमारे छात्र-छात्राओं में उत्साह और दूरदर्शिता तो रहती थी लेकिन इनके बीच कई सारी बाधाएं इन्हें आगे बढ़ने में रुकावटें पैदा करती थी। आज के समय में भी हमारे आदिवासी समुदाय के छात्र-छात्राएं न्यूनतम चीजों के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। राज्य सरकार इस स्थिति को हर संभव बदलने का प्रयास कर रही है तथा आदिवासी समुदाय के बच्चों को आर्थिक सहयोग भी कर रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उनकी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित सभी छात्रावासों में राज्य सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। अब राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी हॉस्टल्स में रसोईया, राशन तथा सुरक्षा हेतु गेटकीपर उपलब्ध रहेंगे। राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी छात्रावास प्रोफेशनल हॉस्टल की तरह संचालित किए जाएंगे। राज्य सरकार का प्रयास है कि यहां की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाया जा सके। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने सीएम एक्सीलेंस स्कूल की शुरुआत की है। पहले चरण में 80 विद्यालयों को सीएम एक्सीलेंस स्कूल के रूप में अपग्रेड किया जा चुका है। आने वाले समय में राज्य के भीतर



5 हजार सीएम एक्सीलेंस स्कूल संचालित किए जाएंगे। हमारे राज्य के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, किसान सहित सभी वर्ग के बच्चे भी निजी विद्यालयों के तर्ज पर शिक्षा ग्रहण कर सकें इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किये जा रहे हैं। आज का समय प्रतियोगिता परीक्षा का समय है। राज्य सरकार का प्रयास है कि हमारे आदिवासी समुदाय के बच्चे भी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर अच्छे पदों पर पहुंच सके। बच्चों की पढ़ाई में पैसा का अभाव बाधा न बने इसका भी ख्याल राज्य सरकार रख रही है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज करम पूजा महोत्सव के दिन जमकर बारिश हुई है। जब मैं भ्रमण पर रहता हूं तब देखता हूं कि इस वर्ष जमीन खेत हरे-भरे दिख रहे हैं। चारों ओर किसान वर्ग के लोग खेती-बाड़ी में व्यस्त हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग खेतों की हरियाली देखकर खुश है।●

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटि की बैठक

● **गुड्डी साव**




झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में लालगुटुवा बैंक्वेंट हॉल, कटहल मोड़, रॉची में प्रदेश कांग्रेस कमिटी की पूर्ववर्ती विस्तारित बैठक प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव और झारखण्ड के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का(सांसद) और डॉ श्रीबेला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित रहें। बैठक में सभी जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी से आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में फिडबैक लिया गया। साथ ही साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए एक रूपरेखा जल्द तैयार करने का निर्णय लिया गया ताकि पूरी मजबूती के साथ चुनावी समर में उतर सकें। कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव और झारखण्ड के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का(सांसद) ने कहा कि आप की मेहन्त ही आपकी ताकत बनेगी जनता ने लोकसभा के चुनाव में हमें इनता मजबूत कर दिया है कि केन्द्र अब तानासाही नही कर सकती समय कम है। काम ज्यादा है। कमजोर कड़ी को ढुंढना है और उसे मजबूत करना है। कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन की मजबूती की दृष्टिकोण से जो भी विचार यहां रखी गई है उस पर अमल होगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा पुरे देश के लिए था और उस यात्रा ने जनता के दिलों में एक छाप छोड़ी जिसके कारण आज हम एक मजबूत विपक्ष के रूप में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पुरे झारखण्ड में लोकसभा के चुनाव में हमें पिछली बार के मुकाबले 16 लाख मतों की वृधि हुई इसे हमें अपने ताकत के रूप में इस्तेमाल करना है। भाजपा द्वारा सरकार गिराने की कुचक्र से बचते हुए केंद्रीय एजेंसियों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम को जेल भेजने के बावजूद हमने जनहित के सारे काम किये और अभी भी सिलसिला जारी है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हम जनता की उम्मीदों को पुरा कर रहें है। मईया सम्मान योजना के तहत हमने 48 लाख बेटियों को लाभान्वित करने का काम किया है । आज वो आर्थिक रूप से मजबूत हो रहीं हैं। जो हमारे लिए गर्व की बात है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज की बैठक आने वाले विधानसभा चुनाव की आगाज है। हमने आज से आगामी विधानसभा चुनाव की शुरूआत कर दी है हमें पिछले बार से और अच्छे परिणाम देने हैं। क्यूंकि जनता हमारे साथ खड़ी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कहा कि सभी लोग चुनावी समर में पुरी मजबूती के साथ लग जाये क्योकि हमें ऐसी पाटियों से सामना है। जो झुठ, छल और साजिश के बल पे चुनाव लड़ेगी। कार्यसमिति की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि कार्यसमिति में तीन प्रस्ताव पारित किये गये :-

1. जाति जनगणना कराने के लिए राहुल गांधी के द्वारा प्रखरता से आवाज उठाने के लिए कार्यसमिति उन्हें बधाई देती है।

2. कार्यसमिति में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि राज्य सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन किया जाये। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री से कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करेंगी।

3. रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस कमिटी की तर्ज पर झारखण्ड राज्य के वैसे जिले जहां नगर निगम कार्यरत हैं, जैसे जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो चास, गिरिडीह, हजारीबाग, डाल्टनगंज एवं देवघर में महानगर कांग्रेस कमिटी का गठन किया जाए।●



# कोयला एवं खान राज्य मंत्री का सीसीएल दौरा

● **गुड्डी साव**

**को**यला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल, रांची का दौरा किया। रांची आगमन पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरे में मंत्री ने सबसे पहले बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा झारखण्ड तथा देश के महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा, एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं मुंडा जनजाति के लोकनायक को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इसके बाद मंत्रीजी ने सीसीएल के कार्य-कलापों का जायजा लिया जिसमें सीसीएल के सीएमडी, श्री निलेन्दु कुमार सिंह एवं निदेशकगण उपस्थित थे। मंत्रीजी ने सीसीएल के उत्पादन, प्रेषण एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की तथा उचित दिशा निर्देश दिए। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कोयले के उत्पादन एवं प्रेषण में और बढ़ोत्तरी करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने सीसीएल के साथ - साथ सीएमपीडीआई के सीएमडी श्री मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की। इसके बाद श्री दुबे सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने सीसीएल के महत्त्वाकांक्षी परियोजना - 20 मेगावाट क्षमता के एक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस सोलर पावर प्लांट के माध्यम से स्थानीय लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि सोलर पावर यानि सौर ऊर्जा एक अक्षय ऊर्जा स्रोत है। इसका मतलब है कि सूर्य के प्रकाश से ही सौर ऊर्जा उत्पन्न होती है और इसका इस्तेमाल बिजली रहित इलाकों में बिजली पहुंचाने और घरेलू कामों में, जैसे - खाना पकाने इत्यादि में किया जा सकता है। इससे क्षेत्र में वायु प्रदुषण भी कम होगा। ज्ञात हो कि प्रधान मंत्री के दिशानिर्देश पर रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में यह सोलर प्लांट काफी कारगर साबित होगा। इस दौरान उन्होंने वहां के अधिकारियों एवं हितधारकों से मिले। उन्होंने हितधारकों के समुचित विकास हेतु उचित और बहुमूल्य दिशा निर्देश भी दिए।






☞ **सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीएमडी, निदेशकगण एवं अन्य ने किया पौधरोपण :-** 10.09.2024 को सतर्कता जागरूकता अभियान के स्मृति तरु पहल के तहत सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली अध्ययन केंद्र, गांधीनगर में पौधारोपण किया गया। अवसर विशेष पर सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान और मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार द्वारा अध्ययन केंद्र परिसर में फलदार

## कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने सीएमपीडीआई के कार्यों की समीक्षा की



कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री सतीश चन्द्र दूबे ने सीएमपीडीआई एवं सीसीएल की समीक्षा की। सीएमपीडीआई की समीक्षा के दौरान उन्हें सीएमपीडीआई के कार्य-कलापों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सीएमपीडीआई कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया के अतिरिक्त अन्य संस्थानों यथा हिन्दुस्तान कापर लिमिटेड, नाल्को, एनटीपीसी, एनएमडीसी, सेल इत्यादि को भी खनन एवं संबंधित कार्यो हेतु परामर्शी सेवाएं प्रदान करता है। कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री दूबे ने कोयला एवं खनन उद्योग के विकास में सीएमपीडीआई के योगदान की सराहना की एवं भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। समीक्षा बैठक के दौरान सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) श्री अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) श्री सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) श्री अच्युत घटक, महाप्रबंधक (तकनीकी/पीआर) श्री संजय कुमार दुबे उपस्थित थे।

पौधे लगाए गए। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों और सीसीएल के लाल एवं सीसीएल के लाडली के छात्रों ने भी पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। पौधारोपण अभियान के बाद, सीएमडी, सीसीएल श्री सिंह ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें परिणामों के बारे में बहुत अधिक चिंता किए बिना कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ऐसे कई वास्तविक जीवन के उदाहरण साझा किए जिन्होंने असफलता का अनुभव करने के बाद सफलता पाई। छात्रों ने इस दौरान पठन-पाठन और छात्रावास में प्रदान की गई सुविधाओं के बारे में अपने अनुभव और प्रतिक्रिया गणमान्यों के साथ साझा किया। ज्ञात हो कि सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली कंपनी की सीएसआर के तहत चलने वाली एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत सीसीएल के कमान क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को विभिन्न इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस योजना से लाभान्वित कई छात्र आईआईटी, एनआईटी एवं




देश के अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कर्मियों को सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता हेतु जागरूक करते हुए पूरे सीसीएल में अनेक विषयों पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।●

# प्रतिबंधित माओवादी एवं टीपीसी संगठन का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**

लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित माओवादी एवं टीपीसी संगठन के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार नक्सली का नाम भूपेंद्र यादव (उम्र करीब 25 वर्ष) है और पुलिस के द्वारा उसके पास से एक 315 का रेगुलर राइफल एवं 8 एमएम का 10 जिंदा करतूस बरामद किया गया है। बता दे कि नक्सली भूपेंद्र यादव मनिका थाना क्षेत्र के पसांगन गांव का रहने वाला है। पूर्व में वह प्रतिबंधित माओवादी एवं टीपीसी संगठन का सक्रिय सदस्य रहा है एवं लातेहार जिला अंतर्गत विभिन्न थानों में उसका पूर्व का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

☞ **डीएसपी वेंकटेश कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी :-** इस मामले में बरवाडीह डीएसपी वेंकटेश कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि एसपी गौरव कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के पसांगन गांव में नक्सली भूपेंद्र यादव कोई नया संगठन बनाकर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा है। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर डीएसपी वेंकटेश कुमार ने एक छापामारी टीम बनाकर भूपेंद्र यादव और अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए अचानक छापेमारी की।

☞ **हथियार के साथ कारतूस बरामद :-** पुलिस की टीम गांव पहुंचकर जब सर्च अभियान चलाना आरंभ किया तो पुलिस को देखकर भूपेंद्र यादव भागने लगा।परंतु पुलिस ने उसे चारों ओर से घेर कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक रेगुलर राइफल,10 जिंदा कारतूस समेत कई अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया। डीएसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार नक्सली भूपेंद्र यादव पर लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन नक्सली घटना से संबंधित मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में माओवादी और टीएसपीसी नक्सली संगठन में भी सक्रिय रूप से काम कर चुका है। पुलिस को इसकी कई दिनों से तलाश थी। इसी बीच 31 तारिक दिन शनिवार को पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस की टीम ने अचानक से छापेमारी कर नक्सली भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के पास से एक रेगुलर राइफल एवं 10 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उसके पास यह हथियार कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है।



☞ **व्यवसायी वर्ग से रंगदारी वसूलने की थी योजना :-** डीएसपी वेंकटेश कुमार ने अपनी बातों को जारी रखते हुए आगे बताया कि गिरफ्तार नक्सली भूपेंद्र यादव ने एक नया संगठन बनाकर ठेकेदारों और व्यवसायी वर्ग से रंगदारी वसूलने का काम आरंभ किया था। पूछताछ के दौरान नक्सली भूपेंद्र ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है।जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही ।

☞ **छापामारी अभियान में शामिल :-** इस छापेमारी अभियान में बरवाडीह डीएसपी वेंकटेश कुमार,मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, मनोज कुमार दुबे, उपेश कुमार सिंह, कुमार छत्रपाल, उदित कुमार, सुशील कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल रहे।●






# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे ऑस्ट्रेलिया

● गुड्डी साव

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के ऑस्ट्रेलिया प्रवास के प्रथम दिन मेलबॉर्न में स्थित युद्ध स्मारक the Shrine of Remembrance पहुंचे । वहाँ अपने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित किया । इस स्मारक का निर्माण ऑस्ट्रेलिया के लिए किसी भी युद्ध की सेवा देने वाले की स्मृति में किया गया है । वही काउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया के द्वारा मेलबर्न शहर में भारतीयों के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा दूर देश में अपने लोगों से मिलकर अपनत्व् का बोध होता है आप सब ऑस्ट्रेलिया में रहकर अपने कार्यों से भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं सभी भारतीय यहां अपने कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर अपने और अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं। विदेश में भी रहकर आप सबों का भारत के प्रति जो स्नेह है वह अनुकरणीय है यही भारत की ताकत है। आज भारत पूरी दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत तेजी से बदलता हुआ भारत बन रहा है। हमारा भारत अमृतकाल से गुजर रहा है। मैं आप सब भारतवंशियों से यह अनुरोध करता हूं कि भारत के विकास में आप सब अपना योगदान दें। आप सब अपने सुझाव दें। हम सब एक परिवार के सदस्य हैं। एक मां की संतान है वह मां भारत माता है। पूरी दुनिया में हमारी पहचान इसी रूप में होती है। अपनी मां के मान को बढ़ाने के लिए हम सबको साथ-साथ काम करना चाहिए। केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ मेलबर्न स्टेडियम भी गए। 1853 में स्थापित ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भ्रमण किया जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खेल मैदान है।




**☞ रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने भारतीय पवेलियन का किया उद्घाटन :-**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया में लैंड फोर्सेज एक्सपो में इंडियन डिफेंस इंडस्ट्री के पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पहला अवसर है जब लैंड फोर्सेज एक्सपो में भारत भी शामिल हुआ है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय पवेलियन के उद्घाटन के बाद भारतीय रक्षा उद्योग से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के स्टॉल का अवलोकन किया। इस एक्सपो में डीआरडीओ, बीईएमएल, यंत्र इंडिया लिमिटेड सहित कई कम्पनी शामिल हुई। संजय सेठ ने डीआरडीओ के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। एक्सपो में प्रदर्शित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों के बारे में उन्होंने जानकारियां ली। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग को इससे नई गति और शक्ति प्रदान करने में यह एक्सपो सकारात्मक भूमिका निभायेगी। उत्पादन, रोजगार सहित कई क्षेत्रों में नए अवसर सृजित होंगे। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय रक्षा उद्योग को नई ऊंचाई प्राप्त हुई है। आत्मनिर्भर भारत ,मेक इन इंडिया, जैसे मुहिम के माध्यम से दुनिया का आकर्षण बढ़ा है। हम एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं। भारत अब रक्षा उत्पादों में अपनी आत्मनिर्भरता तो बढ़ा ही रहा है, साथ में उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। आज हम दुनिया के प्रमुख रक्षा उत्पादकों में शामिल हो रहे हैं। आने वाले दिनों में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाला है। इस अवसर पर काउंसलेट जनरल डॉ सुशील कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह, बीईएलएम के सीएमडी श्री शांतनु राय मौजूद रहे।●



# हनीट्रैप मामला : न्यूड वीडियो बनाकर वसूले 50 लाख

● **ओम प्रकाश**




रांची पुलिस ने हनीट्रैप कर 50 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक युवती सहित छह को गिरफ्तार किया है। पूरा मामला रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र का है। मुंबई के मल्टी नेशनल कंपनी के बड़े अधिकारी मेहुल शाह को हनीट्रैप में फंसा कर 50 लाख की उगाही कर ली गई। जमशेदपुर की एक युवती ने मेहुल का न्यूड वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर उनसे हवाला के जरिए 50 लाख रुपए वसूल कर लिए। हनी ट्रैप कर कारोबारी को फंसाने वाली युवती का नाम श्वेता पति है। वह जमशेदपुर के कदमा की रहने वाली है। मुंबई में वह मेहुल शाह की कंपनी में काम करती थी। श्वेता पति ने राजस्थान के रहने वाले युवक से प्रेम विवाह किया है। वह वर्तमान में कदमा में ही था। श्वेता ने मेहुल शाह को 26 अगस्त को मुंबई से राँची बुलाया था। मेहुल की अक्सर श्वेता पति से वीडियो चैट होती थी। उसी दौरान श्वेता ने मेहुल का अश्लील वीडियो बनाया। वीडियो बनाने के बाद वह उसे लगातार ब्लैक मेल कर पैसे वसूल कर रही थी। इस बार श्वेता को कुछ ज्यादा लालच आ गया और उसने अपने पति सिद्धार्थ जैफ, तौकीर शेख और बिलास मोहन मांजरेकर, के साथ ज्यादा पैसे ऐंठने की योजना बना डाली और मेहुल को राँची बुला लिया। बताते चले कि मेहुल शाह की दोस्ती जमशेदपुर की युवती श्वेता पति से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। दरअसल, मेहुल शाह को उसी की कंपनी में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने हनी ट्रैप के जरिए फंसाया। उसने वाट्सएप चैट पर वीडियो कॉल पर अपनी अश्लील तस्वीर साझा की। फिर उसी तस्वीर को उसे भेज कर ब्लैक मेल करना शुरू कर दिया। जब कारोबारी पुरी तरह से युवती के जाल में फंस गया तो युवती ने उसे मिलने के लिए राँची बुलाया। कारोबारी के अनुसार राँची पहुँचने पर पहले उसे रेडिशन ब्लू जाना था, लेकिन एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर उसका अपहरण कर लिया गया। युवती ने अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर राँची एयरपोर्ट से उसका अपहरण कर लिया। उसे चाइबासा के गोइलकेरा ले गई। वहां कारोबारी को सभी ने मिलकर धमकाया की उसकी अश्लील तस्वीर को वायरल कर दिया जाएगा, फिर उससे 50 लाख रुपए फिरौती के रूप में मांगे गए। कारोबारी मेहुल शाह ने डर से 50 लाख रुपए मुंबई से हवाला के जरिए मंगाया और अपहरणकर्ताओं को दिए। पैसे लेने के बाद कारोबारी को छोड़ दिया गया। कारोबारी जब वापस मुंबई जाने लगा तो उसने इसकी सूचना एयरपोर्ट थाना को दी। इसके बाद राँची पुलिस अलर्ट हुई और छापेमारी कर चाईबासा के गोइलकेरा से युवती सहित चार को गिरफ्तार किया। गोइलकेरा से ही पुलिस ने फिरौती की आधी रकम बरामद की है। पूरी रकम बरामद करने के लिए पुलिस की पूछताछ और छापेमारी जारी रही।



☞ **मुंबई पुलिस भी सूचना मिलते ही आ गई थी राँची :-** मेहुल शाह मुंबई के चर्चित कारोबारी है।जैसे ही मुंबई पुलिस को इस बात की जानकारी मिली की मेहुल शाह का अपहरण हो गया है, वैसे ही तुरंत मुंबई पुलिस भी राँची आ गई। राँची पुलिस के संपर्क में आने के बाद मुंबई पुलिस को जब पता चला कि मेहुल सकुशल है और अपहरणकर्ताओं के चंगुल से निकल चुके है,फिर इसके बाद मुंबई पुलिस उन्हें अपने साथ वापस ले गई।

☞ **मेहुल की पत्नी ने रांची पहुंचकर दर्ज करायी प्राथमिकी :-** मेहुल शाह मूलरूप से गुजरात के रहने वाले हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद मेहुल की पत्नी रांची पहुंची। इसके बाद पत्नी ने आरोपी समेत अन्य के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी, जिसके बाद राँची पुलिस ने युवती सहित चारों के विरुद्ध केस दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया।

☞ **तीन जिलों की पुलिस ने की छापेमारी,जमशेदपुर पुलिस ने पकड़ कर राँची पुलिस को सौंपा :-** इस मामले की जानकारी मिलने के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने खुद संज्ञान लेकर तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया। इसके बाद राँची, जमशेदपुर और चाईबासा पुलिस ने एक साथ मिलकर छापेमारी अभियान चलाया। टेक्निकल सेल की मदद से अभियुक्तों को गोइलकेरा से पकड़ा गया। पैसा और अपहरण में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया। चाइबासा पुलिस और राँची पुलिस ने चारों को करीब 25

लाख और वाहन के साथ पकड़ा।

☞ **दो और आरोपी गिरफ्तार,वसूले गए 50 लाख रुपये में से करीब 32 लाख बरामद,सभी 6 आरोपी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद :-** मुंबई के कारोबारी मेहुल शाह के अपहरण और 50 लाख कि फिरौती मामले में राँची पुलिस को पूरी सफलता मिल गई है। इस मामले में राँची पुलिस ने कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में श्वेतापति, बिलास मोहन, तौकिर शेख, सिद्धार्थ जैफ, बाबू पिल्ले उर्फ डब्लू और अभिषेक सिंह शामिल है। रांची के सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस घटना का मास्टर माइंड श्वेतापति और उसका पति सिद्धार्थ जैफ है, जो पति पत्नी है। पति पत्नी ने मिलकर रची थी साजिश। कारोबारी का न्यूड वीडियो बनाया फिर पहले मुंबई से राँची बुलाया और फिर उसका अपहरण कर 50 लाख वसूले। इन दोनों ने बाबू पिल्ले और अभिषेक सिंह के साथ मिलकर मेहुल शाह को फंसाने की साजिश रची। इसके लिए पहले मेहुल शाह के साथ श्वेता पति ने अपना अश्लील तस्वीर का वीडियो बनाया। वीडियो बनाने के बाद ही मेहुल शाह को राँची बुलाकर उससे पैसे वसूलने की योजना बनी। सिटी एसपी ने बताया कि इनके पास से मेहुल शाह के परिजनों से फिरौती के रूप में लिए गए 50 लाख रुपए में 31.79 लाख रुपए



बरामद कर लिए गए है। जिसमे से 24.47 लाख रुपए श्वेतापति और उसके एक सहयोगी के पास से और 7.32 लाख रुपए डब्लू और अभिषेक सिंह के पास से बरामद किए गए। इनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल और एक चार पहिया वाहन भी बरामद किया है। सभी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

☞ **श्वेतापति ने अपने पति के साथ मिलकर रची थी साजिश :-** श्वेतापति जमशेदपुर की रहने वाली है जबकि सिद्धार्थ जैफ जयपुर राजस्थान का। दोनों ने प्रेम विवाह किया है। श्वेता पति और उसके पति सिद्धार्थ ने मिलकर बाबू पिल्ले और अभिषेक सिंह के साथ मेहुल शाह को फंसाने की साजिश रची। इसके लिए पहले मेहुल शाह के साथ श्वेता पति ने अपनी अश्लील तस्वीर का वीडियो बनाया। मेहुल को थोड़ा भी पता नहीं था कि श्वेता पति उसी के वीडियो को लेकर उसे ब्लैकमेल करने वाली है। वीडियो की वजह से ही मेहुल श्वेता के कहने पर तुरंत राँची आ गया। इसके बाद श्वेतापति ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मेहुल शाह का अपहरण किया। उसे जमशेदपुर के गोइलकेरा ले गए। फिर उसे छोड़ने के लिए 50 लाख रुपए की मांग की गई। जब मेहुल ने पैसे मुंबई से मंगा कर उन्हें दे दिया तो श्वेता पति ने उसे छोड़ दिया। फिर मेहुल की पत्नी ने रांची पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज करायी।●

# तीन गांजा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची की चुटिया थाना पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में राज सिंह उर्फ बल्लू उम्र 24 वर्ष, मुन्ना भोक्ता उर्फ सानू भोगता उम्र 27 वर्ष और सोनू लोहरा उर्फ गुयु उम्र 23 वर्ष सभी निवासी चुटिया थाना क्षेत्र के शामिल है। पुलिस ने जब इनकी बारी बारी से तलाशी ली तो, राज सिंह उर्फ बल्लू के पास से पुलिस ने 37 पुड़िया ब्राउन शुगर वजन करीब 130 ग्राम, एक लाल रंग का चिलम, एक रियलमी कंपनी का फोन एवं दो सौ रुपया बरामद किया। मुन्ना भोगता की तलाशी लेने पर उसके पास से 107 पुड़िया गांजा वजन 440 ग्राम, एक लाल रंग की चिलम,एक इलेक्ट्रॉनिक वजन करने वाली मशीन, दो बंडल प्लास्टिक की छोटी पन्नी और नगद 8100 रुपए बरामद हुए। वही सोनू लोहरा के पास से छह पुड़िया गांजा वजन करीब 80 ग्राम, एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन और नगद 1610 रुपया बरामद किया गया। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि चुटिया थाना क्षेत्र



के साहू टोला में अवैध गांजा की बिक्री हो रही है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर रांची राज कुमार मेहता की देखरेख में एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर केवी रमन और थाना प्रभारी चुटिया लक्ष्मीकान्त के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साहू टोला चुटिया से तीनों तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया एवं उनके पास से करीब 550 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिनका बाजार मूल्य लगभग लाखों रुपए बताया गया। बता दे कि गिरफ्तार तस्कर सोनू लोहरा का पूर्व का अपराधिक इतिहास है। पूर्व में यह चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

✯ **छापामादी दल के सदस्य :-**

☞ लक्ष्मीकान्त, पु.नि. सह थाना प्रभारी, चुटिया थाना रांची।

☞ शुभम कुमार पुलिस अवर निरीक्षक,चुटिया थाना रांची।

☞ जितेन्द्र कुमार मिश्रा पुलिस अवर निरीक्षक, चुटिया थाना रांची।

☞ उपेन्द्र कुमार दास पुलिस अवर निरीक्षक, चुटिया थाना रांची।

☞ आरक्षी- 1900 विष्णु पाण्डेय चुटिया थाना, रांची एवं चुटिया थाना सशस्त्र बल ।●




# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

# वरीय अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्याएँ

● **ओम प्रकाश**

राज्य सरकार और झारखण्ड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर राज्य के कई जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग शिकायत दर्ज कराने पहुँचे। राज्य के 21 जिलों में अलग अलग जिले में 74 केंद्रों पर 6396 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराया है। सबसे ज्यादा शिकायत गिरिडीह और सबसे कम देवघर जिले में दर्ज हुई है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जमीन से लेकर प्रताड़ना तक के मामले सामने आये हैं। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचे हैं तो कई लोग दहेज प्रताड़ना के मामले तो कई लोग पुलिस की भी शिकायत लेकर पहुंचे। जन शिकायत कार्यक्रम में बेटे के शहीद होने के बाद बहू के द्वारा मां-बाप को प्रताड़ित किए जाने का मामला भी सामने आया है। मामलों को लेकर पुलिस अधिकारी त्वरित कार्रवाई के लिए थाना को निर्देश दिया गया है।

☞ **कौन कहा देख रहे थे मामले :-** झारखण्ड के 21 जिलों में हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में राँची में आईजी मनोज कौशिक, रामगढ़ में आईजी अमोल होमकर, खूंटी में आईजी प्रभात कुमार, सिमडेगा में आईजी असीम विक्रांत मिंज, गुमला में आईजी अखिलेश झा, लोहरदगा में डीआईजी अनूप बीरथरे, बोकारो में आईजी माइकल राज, धनबाद में डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, हजारीबाग में आईजी पंकज कंबोज,चतरा में डीआईजी कार्तिक एस, गिरिडीह में डीआईजी सुनील भास्कर, कोडरमा में डीआईजी पटेल मयूर, लातेहार में आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू में आईजी नरेंद्र कुमार सिंह, गढ़वा में डीआईजी वाईएस रमेश, देवघर में आईजी विजयलक्ष्मी, दुमका में आईजी इंद्रजीत महता, साहिबगंज में आईजी क्रांति कुमार, पाकुड़ में डीआईजी संजीव कुमार और जामताड़ा में आईजी शैलेंद्र कुमार सिंह की देख रेख में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम हुआ है।




☞ **जन शिकायत समाधान में भरोसे के साथ शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित :-** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता के निर्देशानुसार झारखंड के सभी जिलों के थाना अंतर्गत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आईजी ,डीआईजी , एसएसपी, एसपी , डीएसपी सहित थानों में थाना प्रभारी ने आम लोगों की जन समस्याओं को सुना। एफ आईआर दर्ज किया, कुछ त्वरित निष्पादन किया भी किया गया। वहीं रांची जिला में भी इसका व्यापक तरीके से तैयारी की गई थी । पुलिस केंद्र रांची में कैंप लगाकर रांची जिला अंतर्गत लगभग सभी थाने का निष्पादन 10 सितंबर को सुबह 11:00 बजे से शाम करीब 4:30 तक किया गया। यहां उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा, नगर डीएसपी केवी रमन, कोतविली डीएसपी प्रकाश सोय,मुख्यलाय वन डीएसपी अमर पांडेय सहित शहर के लगभग सभी थानेदार मौजूद थे। मुख्य रूप से डेली मार्केट थाना में एक मामला आया, तो वहीं सबसे ज्यादा मांडर थाना क्षेत्र में 107 शिकायतें दर्ज किए गए। ज्यादातर मामला जमीन संबंधित, पारिवारिक विवाद,पति पत्नी विवाद, पैसे के लेनदेन, धोखाधड़ी से ही संबंधित था। वहीं महिला थाना रांची में तीन शिकायतें आई। थाना से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक आम लोगों की शिकायत सुनी गई, उसका आवेदन लिया गया। कुल 824 शिकायतें दर्ज की गई , 35 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया।

☞ **इन थाना क्षेत्रों की आई शिकायतें :-** कोतवाली में 12 शिकायतें दर्ज किए गए , लोअर




बाजार थाना में 16 , हिंदपीढ़ी में 20, लालपुर में 16, महिला थाना में तीन, पंडरा ओपी में 7, गोंदा थाना में 10, सुखदेव नगर में 28, डेली मार्केट थाना में एक, चुटिया में 18, विधि व्यवस्था से संबंधित 31,एस एसपी जन शिकायत में 6, डोरंडा में 15, एयरपोर्ट थाना से तीन और अरगोड़ा से 9 मामलों की शिकायतें दर्ज किये गए, सदर थाना में 27, सुखदेव नगर में 28, नामकुम में 30, जिसमें दो पर एफ आई आर और एक का निष्पादन किया गया। रातू में 32 , खेलगांव 64, बीआईटी 23, बरियातू 11 शिकायतें दर्ज हुई है। ये सब पुलिस केंद्र में लगाये गये कैंप में कुल 294 आए जिसमें से 17 मामले दर्ज किए। वहीं बुंडू अनुमंडल में 80 शिकायतें दर्ज हुए हैं, अनगड़ा में 65 मामले में तीन एफआईआर दर्ज किए गए , खलारी में 80 जिसमें पांच पर एफ आईआरदर्ज किए गए , मांडर में 107 शिकायतें दर्ज किए गए। रातू में 13 बेड़ो में 26 शिकायतें दर्ज किए गए, पिथोरिया, नगडी, कांके इन सभी थानों में 11 और 12 को जन शिकायत समाधान केंद्र का कैंप लगा।

☞ **आम जनों में जागी उम्मीदे :-** दूर दराज से पुलिस केंद्र में आए शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनमें थोड़ा उम्मीद जागी है, क्योंकि थाना में मुंशी, सिपाही, हवलदार आवेदन नहीं लेते हैं, शिकायत दर्ज नहीं करते हैं, और कभी-कभी तो थानेदार भी रसूक वाले के पक्ष में होते हैं , कमजोर पीड़ित का मामला दर्ज नहीं करते हैं, लेकिन जिस तरह से यह शिविर लगाया गया है, शिकायतें ली गई है, अब शिकायत पर कितनी जल्दी करवाई होती है, यह देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है, लेकिन पहल अच्छी है उम्मीदें जागी है।

☞ **उपायुक्त ने कहा :-** रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि हम लोगों का प्रयास है की विधि व्यवस्था बनी रहे, जमीन से संबंधित हो या अन्य किसी से संबंधित मामला हो थाना में तुरंत दर्ज किया जाएगा, यदि कोई थाना में मामला दर्ज नहीं करता है तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

☞ **एसएसपी ने कहा :-** रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि एक अच्छी कोशिश है और उम्मीद करते हैं कि जितनी भी शिकायतें आ रही है, उस पर सभी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मामला अभी रजिस्टर्ड कर लिया गया है, किसी को किसी तरह की परेशानी ना हो यह पुलिस की प्राथमिकता में है।●

# ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री करते पांच युवक गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**

राजधानी राँची के सुखदेवनगर नगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक गली से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। रांची के सिटी एसपी राज कुमार मेहता के निर्देशन में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में सुखदेवनगर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आर्यन कुमार सिंह, गौतम कुमार यादव, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, हर्ष कुमार और हिमांशु को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी के पास से 15.19 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के द्वारा स्वीकार किया गया कि प्लास्टिक के पुड़िया में नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेसवार्ता में बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित अखिल मेमोरियल स्कूल,सेन्ट्रल बैंक गली में अवैध रूप से नशीले पदार्थो की खरीद बिक्री की सूचना मिली थी। जिसके बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम के द्वारा छापामारी की गयी। पुलिस बल को देख भागने के क्रम में हिमांशु यादव उर्फ लालु यादव, आर्यन कुमार सिंह,गौतम कुमार यादव को पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़े गये तीनों आरोपी के द्वारा स्वीकार किया गया कि प्लास्टिक की पुड़िया में नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर है। इन आरोपियों के निशानदेही पर हर्ष कुमार शर्मा के घर पर छापामारी की गयी और वहां से हर्ष और शैलेश को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस पूरे मामले में सुखदेव नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।●





# बीजेपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच भिड़ंत

● **ओम प्रकाश**

राजधानी राँची में युवा आक्रोश रैली के दौरान हजारों बीजेपी कार्यकर्ता शुक्रवार को राँची पहुंचे। राज्य के कई जिले में कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं वाहन रोकने के वाबजूद हजारों की संख्या में मोरहाबादी मैदान भाजपा कार्यकर्ता पहुँचे। इसी बीच सीएम आवास जाने के दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की पुलिस की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और वाटर कैनन से पानी की बौछार की गई। आक्सीजन पार्क के नजदीक और टीओपी के सामने पुलिस और भाजयुमो कार्यकर्ता के बीच झड़प हुई। पुलिस के द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पानी की बौछार किए गए, जिसमें बीजेपी के कई नेता कार्यकर्ता घायल हुए हैं। बीजेपी विधायक सी पी सिंह, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह भी घायल हुए हैं। मोरहाबादी से सीएम आवास घेरने कार्यकर्ता सिद्धो कान्हो पार्क तक पहुंच गए। हेमंत सरकार के खिलाफ आयोजित युवा आक्रोश रैली में भाग लेने आ रहे युवाओं को रोके जाने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि युवाओं का आक्रोश बताता है कि हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली में भाग लेने पहुंचे बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस तरह से युवाओं को जगह-जगह रोका गया है इसके बावजूद इतनी संख्या में युवा पहुंचे हैं उससे साफ जाहिर होता है कि इस सरकार के खिलाफ किस कदर नाराजगी है। मुख्यमंत्री आवास घेरने जाने से पहले मोरहाबादी मैदान में चल रहे युवा आक्रोश रैली के दौरान बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह से कंटीले तार के साथ पुलिस बैरिकेडिंग की गई है वह पहले कभी नहीं हुआ था। इधर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने राज्य सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि चाहे



लाख कोशिश कर ले यह सरकार अब युवा मानने वाले नहीं हैं। पांच लाख नौकरी देने का वादा कर युवाओं को ठगने वाली इस सरकार से राज्य के युवा जवाब मांगना चाहते हैं।

☞ **युवा आक्रोश रैली में भाजपा के बड़े नेता से लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे युवा कार्यकर्ता :-** मोरहाबादी मैदान में चल रहे युवा आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। मंच पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तर के सभी बड़े नेता मौजूद हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह सहित पार्टी के कई विधायक सांसद मौजूद हैं। हेमंत सरकार के अधूरे वादों को याद दिलाने के लिए मोरहाबादी मैदान में भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान पर जमा युवाओं की पुलिस के साथ झड़प हुई है। झड़प



में कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। झारखण्ड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक भानु प्रताप शाही और विधायक नवीन जयसवाल, विधायक समरी लाल समेत कई नेता घायलों का हालचाल जानने रिम्स पहुंचे। बालूमाथ के भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गंगेश्वर यादव को गंभीर चोट आई है। उनका इलाज रिम्स के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। घायलों का हालचाल देखने आए नेताओं ने उनकी स्थिति को देखते हुए फौरन राँची के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट करने की बात कही। गंगेश्वर यादव को भाजपा का वरिष्ठ नेताओं ने भरोसा दिलाया कि पूरी पार्टी उनके साथ है। उनके इलाज में किसी तरह की कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही भाजयुमो के घायल कार्यकर्ता का पैर दबाते हुए और ढाढस बंधाते हुए नजर आए। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि निहत्थे युवाओं का लहू बहाया गया है। आंसू गैस के गोले छोड़े गए हैं। लाठियां चलाई गई है। उन्होंने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने आए थे. इस बार के चुनाव में झारखण्ड के युवा हेमंत सरकार को बंगाल की खाड़ी में बहा देगी। उन्होंने कहा कि आज की घटना ने जनरल डायर की याद दिला दी। पूरे मोरहाबादी मैदान को छावनी में बदल दिया गया था। उन्होंने कहा कि दर्जनों कार्यकर्ता घायल हैं।



मोरहाबादी मैदान में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर आक्रोश रैली निकाली थी और मुख्यमंत्री आवास का घेराव के लिए प्रशासन द्वारा किये गये बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इसी दौरान पुलिस बल उन्हें रोकने की प्रयास करने लगी। तभी पुलिस और भाजयुमो नेता आमने सामने हो गये । देखते ही देखते आंश्रु गैस छोड़े गये, लाठियां भी चली और पत्थरबाजी भी हुई। इसी पत्थरबाजी और लाठी चलने के क्रम में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद के बायी आंख पे चोट लग गई। इसके साथ ही और भी पुलिस कर्मी को चोटें लगी। वहीं भाजयुमों कार्यकर्ता भी घायल हुए। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा सीसीटीवी फुटेज से सभी को चिन्हित कर एफ आई आर दर्ज किये जायेंगे। ●

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

● **ओम प्रकाश**

राजधानी राँची की चुटिया थाना पुलिस ने छिनतई के दो अपराधियों का पीछा कर उन्हे दो किलोमीटर तक खदेड़ कर, गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में किशोरगंज निवासी पवन कुमार मिश्रा और जालान रोड निवासी विकास कुमार सिंह शामिल है। पुलिस ने इनके पास से तीन मोबाइल फोन, दो स्टील का चाकू, एक स्कूटी और चोरी की छुपा कर रखी हुई चार बाइक बरामद किए है।। इस सम्बंध चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि ओवरब्रिज स्टेशन रोड के पास दो बाइक सवार अपराधी एक महिला का मोबाइल फोन छिनकर 13 सितंबर को फरार हो गए थे। जिसकी प्राथमिकी चुटिया थाने में दर्ज हुई थी। सीसीटीवी और टेक्निकल शाखा के सहयोग के अभियुक्तों के बारे में पुलिस को जानकारी मिली थी कि वे ओवरब्रिज से गुजर रहे है। इसी सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोदय रांची के निर्देशानुसार , पुलिस अधीक्षक नगर, रांची के देख-रेख में, पुलिस उपाधीक्षक नगर, रांची के नेतृत्व मे एक छापामारी दल का गठन किया गया। फिर टीम ने दोनों अपराधियों का पीछा करना शुरू किया, तो वे लोग पुलिस को देख कर भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर शहीद चौक के पास पकड़ा। दोनों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उनलोगो ने बताया कि वे मोबाइल छिनतई में शामिल थे। दोनों ने यह भी स्वीकार किया कि वे लोग शहर में अलग अलग इलाकों से बाइक व स्कूटी की भी चोरी किया करते है। जिसका नंबर प्लेट बदल कर वे इस्तेमाल करते है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइक व स्कूटी को भी बरामद किया है। गिरफ्तार पवन कुमार मिश्रा का पूर्व का अपराधिक इतिहास रहा है। वह चोरी और छिनतई मामले में पहले भी जेल जा चुका है एवं बाइक चोर गिरोह का सरगना भी है। इस छापेमारी में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत के अलावे एसआई शुभम कुमार,एसआई विवेक कुमार, एसआई जितेंद्र मिश्र, विष्णु कुमार पांडे एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। ●



# अंतर्राज्यीय छिनतई गिरोह के अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

● **ओम प्रकाश**

राजधानी राँची की मांडर पुलिस ने मांडर थानांतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टांगरबसली ब्रांच के पास हुई छिनतई की घटना का उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त लूट और छिनतई की वारदात को अंजाम देने में माहिर ओडिशा के जाजपुर गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के द्वारा राँची के अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक दर्जन से ज्यादा लूट और छिनतई की वारदातों को अंजाम दिया गया था। ये अपराधी रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों के पास रेकी कर, पैसा निकालकर जाने वाले व्यक्तियों से छिनतई करते थे। अब तक इस तरह की 17 घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस के द्वारा इनके पास से घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल,12,800 रुपए नकद, बैंक पासबुक, डिक्की तोड़ने वाला मास्टर की,चार मोबाइल फोन एवं घटना के समय पहने गए हेलमेट इत्यादि सामान बरामद किया गया है। इस सम्बंध में रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हाल के दिनों में बैंक से पैसे निकाल कर अपने घर लौटने वाले लोगों को इन अपराधियों के द्वारा निशाना बनाया जा रहा था। मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस सादे लिबास में

-: छापामारी दल :-
1. पु० अ० नि० राहुल, थाना प्रभारी माण्डर ।
2. पु० अ० नि० अरविन्द कुमार,
3. पु० अ० नि० रंजीत किशोर
4. स० अ० नि बलेन्द्र कुमार, प्रभारी तकनिकी भाखा, ग्रामीण,
5. हव0/448 कृशणा राम,
6. हव0 / 452 मुकेश राम
7. आ0/1649 दीपक कुमार
8. आ0/3022 मुन्ना कुमार
9. आ0/2600 मंगल किस्कु।
10.आ0/99 मनोज सिंह
11.आ0/765 प्रेम भांकर दुबे
12.आ0/1814 राजीव कुमार
13.आ०/2865 मनोज कुमार
14.आ0/967 जगदीश राम
15.आ0/ 1632 दवेन्द्र उरॉव
16.आ0/2686 पन्नालाल महतो






लगातार बैंकों के सामने संदिग्ध लोगों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान सादे लिबास में तैनात पुलिसकर्मियों को दिनांक-27.08.2024 को सूचना प्राप्त हुई कि मांडर थाना क्षेत्र के ग्राम टांगरबसली बैंक के आस पास कुछ अज्ञात व्यक्ति तीन मोटर साईकिल पर सवार होकर संदिग्ध अवस्था में घुम रहे है। शक होने पर पुलिस की टीम ने तीनों को जब पकड़ना चाहा तो तीनों मोटर साईकिल से बेड़ो की ओर फरार होने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें खदेड़ कर दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर उनके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराधियों में अउला आलोक राव, करण प्रधान, काली कबाड़ी, अउला धर्म राव और अउला तारों शामिल है।


गिरफ्तार सभी अपराधी ओडिशा के जाजपुर के रहने वाले हैं। चोरी, छिनतई और लूट ही इस गिरोह का मुख्य पेशा है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने राँची के आठ थाना क्षेत्र में बैंक से पैसे निकाल कर जाने वाले लोगों के साथ छिनतई करने की बात स्वीकारी है। उन्होंने बताया कि सभी मिलकर विगत सात माह से राँची जिला के मांडर, डोरण्डा, नामकुम, चान्हो, नगड़ी, बेड़ो, बुण्डू, रातु, खलारी, थाना क्षेत्रों मे अवस्थित बैंकों के पास रेकी करते है तथा पैसा निकाल कर जा रहे व्यक्ति का पीछा कर पैसा छिन कर भाग जाते है। जाजपुर गैंग के द्वारा बैंक के बाहर और भीतर पहले रेकी की जाती थी उसके बाद छिनतई की घटना को अंजाम दिया जाता था। ओडिशा का यह शातिर गिरोह राँची के शहरी इलाकों में एक माह के लिए किराये का मकान लेकर ठहरता था तथा वहीं से योजना बनाकर बैंक पहुंच कर, रेकी कर, पैसा निकाल कर जाने वाले व्यक्ति से पैसा छिनकर लूट की घटना को अंजाम देता था। गिरफ्तार अपराधियों के ऊपर दूसरे राज्यों में भी कई मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने स्वीकार किया है कि दिनांक-20.08.2024 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा टांगरबसली से पैसा निकाल कर जा रही महिला से तीस हजार रू०की छिनतई किये थे। साथ ही राँची जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में करीब 17 घटनायों को अंजाम दे चुके है। साथ ही बिहार, उतर प्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड एवं अन्य राज्यों में भी इसी प्रकार एक माह के लिए किराये पर मकान लेकर ठहरते है एवं योजना बनाकर बैंक पर रेकी कर कई छिनतई की घटना को अंजाम दिये है। इसी तरह अगले माह भी दुसरे शहर में जाकर इसी तरह घटना को अंजाम दिया करते है। ●

# नशा मुक्त जागरूकता अभियान को सफल बनाने वाले पुलिस पदाधिकारी होंगे सम्मानित : मुजीब कुरैशी









● **ओम प्रकाश**

किसी भी अपराध के पीछे नशा को ही प्रमुख कारण माना जाता है। जो भी अपराधिक घटनाएं होती हैं ,उसमें ज्यादातर नशा के सेवन के बाद ही की जाती है। नशा एक ऐसा मादक पदार्थ है जो आपकी एकाग्रता नष्ट करती है। नशा स्पष्ट रूप से सोचने समझने की क्षमता, निर्णय, और व्यवहार को प्रभावित करता है।

☞ **नशा मुक्त जागरुकता अभियान में सहयोग देने वाले को करें सम्मानित :-** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने 20 दिसंबर 2019 से लगातार नशा मुक्त जागरूकता अभियान रांची, गुमला लोहरदगा, हजारीबाग, जमशेदपुर, चाईबासा,धनबाद,बोकारो आदि जिले में चला चुके हैं, यह अभियान अब भी जारी है। झारखंड हाई कोर्ट ने भी इस पर संज्ञान लिया है और सरकार को भी निर्देश दिया है। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश 1924- 2024 के सौ साल पूरे होने पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने 18 फरवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्त जागरुकता अभियान को सफल बनाने वाले शख्सियतों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया , ताकि नशा के खिलाफ ये मुहिम आगे भी जारी रहे।


☞ **इनके लिए किया गया अनुशंसा :-** नशा मुक्त जागरुकता अभियान को कानूनी स्तर से भी काफी सहयोग मिला है, इसके लिए तत्कालीन रांची ग्रामीण एसपी रहे, तभी से जुड़े पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक)-सह-बजट मो नौशाद आलम , पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लोअर बाजार दयानंद कुमार, खादगढ़ा टीओपी के सअनि भीम सिंह , झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री मो महताब आलम (अपराध अनुसंधान विभाग में है ), आरक्षी 65 टिंकू राम (रामगढ़) जिला अभी मुख्यालय में हैं ,इन्होंने नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया हैं। इसके लिए झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और निदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता से ऐसे शख्सियतों को सम्मानित करने की अनुशंसा किये हैं।

☞ **झारखंड में तेजी से नष्ट हो रहा है नशे का धंधा :-** नशा से सबसे ज्यादा कम उम्र के युवक, युतियां प्रभावित हो रहें हैं। घर परिवार तबाह हो रहा है, कई परिवार में नशा के कारण जानें भी गई है। कई युवक अस्पताल में रिहैबिलिटेशन केंद्र में भी पड़े मिल जायेंगे। नशा सामाजिक बुराई है , इसे समाज के लोगों की मदद से खत्म किया जा सकता है। इसी नशा की बुराई को खत्म करने के लिए झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में करीब 20 दिसंबर 2019 से रांची जिला सहित झारखंड के करीब सभी जिलों के मुहल्लों में नशा मुक्त जागरूकता अभियान की शुरुआत कर कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जिसका परिणाम सकारात्मक रहा। लोग जुड़ते चले गये और अपने परिवार, बस्ती, स्कूल, कॉलेज आदि में नशा मुक्त जागरुकता अभियान चला रहे हैं। इस बीच कोविड भी आया, लेकिन मुहिम जारी रही। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने पुन:19 अगस्त 2022 को तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाये जो की आज भी जारी है।●

# डीजीपी ने दिए सख्त निर्देश, थाने में दर्ज हो एफआईआर

● **ओम प्रकाश**

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिला के एसएसपी/एसपी को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विभिन्न प्रकार के बहाना बनाकर एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थानेदार को हटाएं। एसएसपी/एसपी को जारी आदेश में डीजीपी ने यह भी कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों से अक्सर जानकारी मिल रही है कि थानेदार और मुंशी समस्या लेकर थाना पहुंचने वाले आम जनता से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। जैसे ही इस तरह की कोई जानकारी मिले, तुरंत थानेदार को थाने से हटाकर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। वहीं थाना पहुंचने वाले आम लोगों से किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करने वाले मुंशी को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करें।



☞ **शिकायत के बाद नहीं देते प्राप्ती रसीद, लगाना पड़ता है थाने का चक्कर :**- अक्सर थाने में शिकायत के बाद पीड़ित को प्राप्ती रसीद नहीं दी जाती। प्राप्ती रसीद लेने के लिए पीड़ित को लगातार थाने का चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसी हरकत किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाने में जो लोग भी लिखित शिकायत करते हैं, तुरंत उन्हें प्राप्ती रसीद देने का निर्देश दिया गया है। प्राप्ती रसीद के लिए शिकायत करने वाले को किसी प्रकार से परेशान नहीं करने की हिदायत दी गई है। ऐसा करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश डीजीपी ने सभी जिला के एसएसपी/एसपी को दिया है।

☞ **एक थाना से दूसरे थाना भेजा तो कार्रवाई तय, आवेदन मिलते ही थानेदार को दर्ज करना होगा प्राथमिकी :**- डीजीपी ने जारी आदेश में यह भी कहा है कि अगर कोई साइबर अपराध, एसटी/एससी, ह्यूमन ट्रैफिकिंग या महिला अपराध से संबंधित केस दर्ज कराने के लिए थाना पहुंचते हैं तो अक्सर उसे साइबर, एसटी/एससी, एएचटीयू या महिला थाना जाने की सलाह दी जाती है, जो पूरी तरह से गलत है। यदि किसी जिले में थाना खुला है तो उसका ये मतलब कतई नहीं है कि जिले के अन्य थानों में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती है। पीड़ित को प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए एक थाना से दूसरे थाना भेजने का कहीं से कोई शिकायत मिलता है तो तुरंत थानेदार को वहां से हटाकर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करें।

☞ **डीआईजी व एसपी को आदेश, वरीय अधिकारियों तक शिकायत दर्ज कराने का बनाएं व्यवस्था :**- राज्य में सभी रेंज के डीआईजी व एसपी को आदेश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र और जिला में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि आम जनता अपनी शिकायत लेकर जोन के आईजी तक पहुंच सके। वैसे डीआईजी और एसपी को विशेष रूप से आगाह किया गया है की जहां के थानेदार थाना पहुंचने वाले की लिखित शिकायत के बाद भी कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं करते। डीआईजी/एसपी को यह भी निर्देश दिया गया है कि भ्रमण के दौरान यह जानकारी जुटाएं कि थाना पहुंचने वाले लोगों के साथ कौन थानेदार व थाने में पदस्थापित कर्मी अच्छा व्यवहार नहीं करते है। ऐसा करने वालों को चिन्हित कर अविलंब उसे थाना से हटाए।●

# लड़की को चाकू दिखाकर छीना मोबाइल, लोगों ने जमकर धुना

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर स्थित श्रीनगर चौक के समीप मंगलवार को एक अपराधी ने दिनदहाड़े चाकू के बल पर लड़की से मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद लड़की ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर अपराधी को पकड़ लिया। लोगों के द्वारा तलाशी लेने पर अपराधी के पास से मोबाइल और चाकू मिला जिसके बाद लोगों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार किया और थाना ले गई। गिरफ्तार अपराधी की पहचान सुजीत कुमार के रूप में हुई है। वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के न्यू मधुकाम का रहने वाला है। पूर्व में भी वह सुखदेव नगर थाना से चोरी के मामले में जेल जा चुका है। बताते चले की लड़की जब मोबाइल से बात करते हुए अपने घर की ओर जा रही थी, तब पीछे से रेकी करता हुआ आरोपी सुजीत अचानक से आया और लड़की के सामने खड़ा हो गया। उसके अचानक से सामने आ जाने पर लड़की बुरी तरह से डर गई।फिर आरोपी ने चाकू के बल पर लड़की डरा कर एवम जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल छीन लिया। मोबाइल छीलने के बाद अपराधी जैसे ही भागने लगा वैसे ही लड़की ने हिम्मत करके शोर मचा दिया। शोर सुनने के बाद बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे पकड़ लिया गया। फिर लडकी ने भी आरोपी को कई थप्पड़ जड़े। पूरे मामले की जांच करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।●





# अभिषेक की भुवनेश्वर में संदेहास्पद मौत

● ओम प्रकाश

डोरंडा निवासी हिनू शुक्ला कॉलोनी के रहने वाले इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक रवि की ओड़िशा के भुवनेश्वर में स्तिथ,ITER BOYS HOSTEL NO 7 KHANDAGIRI, BBSR, DISI- KHURDA, ODISHA में मौत हो गई। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अभिषेक की मौत प्ज्म्त इंजीनियरिंग कॉलेज में सीढ़ी से गिरने हुई है। लेकिन छात्र के घरवालों ने बताया कि किसी अप्रिय घटना की वजह से उसकी जान चली गई है। उन्होंने आशंका जताई है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो किसी ने उसे ऊंची जगह से धक्का देकर नीचे गिरा कर घटना को अंजाम दिया है। घरवालों का कहना है कि अभिषेक रवि जहां से गिरा है, वहां की सीढ़ी की रॉड टूटी हुई पाई गई है। सीढ़ी से गिरने से हुई मौत को साधारण मामला बताकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश हो रही है। अभिषेक के पिता अनूप चंद राम शिक्षक हैं। इस संबंध में अभिषेक के परिवार वालों ने बताया कि जब





अभिषेक ने रैगिंग की शिकायत की थी, तो संबंधित थाना की पुलिस भी वहां जांच करने पहुंची थी। घर वालों का आरोप है कि रैगिंग की शिकायत के बाद उसके साथ कुछ अनहोनी हुई थी। क्योंकि उसके हॉस्टल के कमरे की कुंडी टूटी हुई थी। गिरने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसके पूरे शरीर में चोट थी, लेकिन उसका मोबाइल सही सलामत था। इधर घटना की सूचना मिलने पर अभिषेक रवि की मां और बहन कॉलेज गये थे। घर वालों का कहना है कि यदि अभिषेक ने पुलिस को फोन पर शिकायत की होगी, तो कॉल डिटेल रिकॉर्ड में सारी बातें आ जायेंगी। घरवालों ने जांच की मांग की है। इधर घटना की सूचना मिलने पर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव और रांची के संसद शाह केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री श्री संजय सेठ अभिषेक रवि के परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा उनकी पूरी मदद की जाएगी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। इधर मिली जानकारी के अनुसार बताया गया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट 10 दिन के बाद दी जाएगी।●

# निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का हुआ आयोजन

● ओम प्रकाश

मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष विनीत सिंघानिया के नेतृत्व निशुल्क कैंसर जाँच शिविर 08.09.2024 दिन रविवार को संपन्न हुआ। यह शिविर हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया गया। शिविर में रांची के कई जाने माने लोग उपस्थित रहे। जिसमें सौजन्य कर्ता के रूप में श्रीमती स्वाति सिंघानिया, साथी ट्रेड फ्रेंड के ओनर प्रदीप चाचा जी की उपस्थिति रही। उद्घाटन करता के रूप में सिविल सर्जन सदर अस्पताल से श्री प्रभात कुमार जी उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक श्री नौशाद आलम जी उपस्थित रहे। शिविर में कई सामाजिक बंधुओ की भी उपस्थित रही। कार्यक्रम मे मंच द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधा देखकर सम्मानित किया गया।



यह कार्यक्रम सदर हॉस्पिटल के मेडिकल टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस महानिरीक्षक श्री नौशाद आलम जी ने कहा कि कैंसर को दूर भगाने के लिए हमें सही खान-पान की आवश्यकता है। साथी उन्होंने रांची समर्पण शाखा के इस कार्य की सराहना की और कैंसर एक बहुत ही जान लेवा बीमारी है एवं शुरुवाती समय पे इसका पता लगाना इसके इलाज के लिए सबसे अधिक लाभदायक है। इसमें सदस्य के रूप में आए सभी डॉक्टरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथी रिबन काटकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शिविर मे 70 से भी अधिक लोगों ने निशुल्क जाँच सेवा का लाभ उठाया। इसमें 50 महिलाओं के मैमोग्राफी टेस्ट भी किए गए। 60 से ज्यादा लोगों ने पेप्स में टेस्ट




भी कराया। कार्यक्रम को श्रीमती ज्योति अग्रवाल जी, कृष्ण अग्रवाल जी और प्रीति अग्रवाल जी ने बहुत ही अच्छी तरह से आयोजित किया। कार्यक्रम मे प्रांत मुख्यालय उपाध्यक्ष श्री विशाल पड़िया जी की भी उपस्थिति रही। उन्हें शाखा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विनीत सिंघानिया जी पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ जी, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला जी, शुभा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल , कृष्ण अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, कोमल पोद्दार, रितु पोद्दार ,पूजा लहरिया, चंद्रकला आशा सराफ, उपस्थित रहे।●

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

● ओम प्रकाश




राजधानी रांची की ओरमांझी थाना पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में साजीद अंसारी उम्र 32 वर्ष, हारुण अंसारी उम्र 38 वर्ष, आलम अंसारी उम्र 40 वर्ष, आफताब अंसारी उम्र 22 वर्ष, कलीम अंसारी उम्र 30 वर्ष और आजाद असारी उम्र 32 वर्ष सभी बडकी कन्दरु थाना जिला रामगढ के रहने वाले है। पुलिस ने इनके पास के अलग-अलग कंपनियों के आठ मोटरसाइकिल और दो मास्टर ाइल घ्छ्य बरामद किया हैं। बता दे इन सभी का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। सभी किसी न किसी मामले में जेल जा चुके हैं। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सूचना मिली की रामगढ़ की ओर से कुछ अपराधकर्मी अपराध करने के नीयत से ओरमांझी की ओर आ रहे है।जिसका सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में पुलिस उपाधीषक सिल्ली के नेतृत्व एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम कें द्वारा सशस्त्र बल के साथ उकरीद मोड पर वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। रात के करीब आठ बजे रामगढ की ओर से दो मोटरसाईकिल पर सवार छः व्यक्ति आ रहे थे। जिन्हें चेकिंग दल के द्वारा रुकने का इशारा किया गया, लेकिन आरोपियो ने पुलिस को देखते ही मोटरसाईकिल मोड़ कर भागने का प्रयास किया। मोटरसाईकिल पर पीछे



बैठा व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गया और दोनो मोटरसाईकिल चालक पकडे गये, पकडाये व्यक्ति से पुछ-ताछ करने पर इनके द्वारा अपना नाम साजीद अंसारी और हारूण अंसारी बताया गया। इनके स्वीकारोक्ति ब्यान एवं निशान देही के आधार पर ग्राम बड़की कुन्दरु एंव महुआ टोंगरी जिला रामगढ में छापामारी करके चोरी के छः और मोटरसाईकिल बरामद की गई तथा इनके साथी आलम, अफताब, कलीम एवं आजाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के सामने यह स्वीकार किया है कि वे लोग राँची के अलग-अलग इलाकों से बाइक चोरी किया करते थे और फिर फर्जी कागजात बनाकर उन्हें सस्ते दाम पर बेच दिया करते थे। एसएसपी ने आगे बताया कि राँची में सक्रिय एक बड़े बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए 6 बाइक चोरों को गिरफ्तार किया गया है, उनके पास से चोरी के 8 बाइक भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ राँची के कई थानों में पूर्व से मामले भी दर्ज है।

☞ **छापामारी दल में शमिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी** :- 1. आलोक सिंह, पुवनि0-सह- थाना प्रभारी, ओरमांझी। पु०अनिव जय प्रकाश पासवान 2. 3, पु०अ०नि0 नितिश कुमार 4. आ0/ 567 रघुवश यादव आ0/1342 सुरश कुमार यादव 6. आ0/50 दुलाल सोरेन तथा अन्य सशस्त्र बल के जवान।●

## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेलः- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**

# लालपुर थाने में दो युवकों ने पुलिस अधिकारी को पीटा





● ओम प्रकाश

राजधानी राँची के लालपुर थाने में एक पुलिस अधिकारी के पिटाई का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति थाने में ही एक पुलिस वाले की जमकर धुनाई कर रहा है। कई लोग और थाने में बैठे हुए हैं, लेकिन उनमें से किसी ने भी आगे आकर पुलिस वाले को बचाने की कोशिश नहीं की। थोड़ी देर बाद एक दूसरा पुलिस वाला भी जब अपने साथी के पास जाता है तो उसके साथ भी वह युवक धक्का मुक्की करता है और मारपीट करने लगता है।बड़ी मुश्किलों के बाद जब अतिरिक्त पुलिस बल थाने में पहुंचता है, तब दोनों युवकों को काबू में किया जाता है और उन्हें हाजत में बंद किया जाता है। हाजत में बंद करने के बावजूद दोनों युवक पुलिसकर्मियों को वर्दी उतवराने की धमकी देते रहें। पूरे मामले को लेकर लालपुर थाने में पदस्थापित एएसआई सुनील मुर्मू के बयान पर दोनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।सुनील मुर्मू के अनुसार 6 सितंबर की रात 10:00 बजे से वे रात्रि गस्ती ड्यूटी में थे।रात के करीब 1:00 बजे एक सफेद रंग की कार काफी तेज और लापरवाही के साथ लालपुर चौक की तरफ जा रही थी, जिसे चेकिंग के क्रम में रोका गया। कार के नंबर प्लेट के ऊपर भाजपा पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का बोर्ड भी लगा हुआ था पुलिसकर्मियों के द्वारा जब कर चालक से कागजात मांगे गए तब वह मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से अभद्र भाषा में बातचीत करने लगा।अपने आप को राजनीतिक पार्टी का कार्यकर्ता होने का हवाला देकर गाली गलौज और 2 मिनट के अंदर वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगा। बाद में अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कार सवार दोनों युवकों को काबू कर थाने लाया गया।थाने के अंदर आने के बाद दोनों युवक हंगामा करने लगे और कई कागजात फाड़ डालें।मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी जब दोनों युवकों को काबू में करने की कोशिश करने लगे तब उसने पुलिस वाले के छाती, पीठ और चेहरे पर मुक्का चलाना शुरू कर दिया।एक बार तो एक युवक ने पुलिस वाले को दीवार में भी जोरदार पटक दिया। इस मारपीट में लालपुर थाने के ओडी पदाधिकारी बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। मारपीट करने वाले युवकों की पहचान रवि रंजन लकड़ा और विनोद लकड़ा के रूप में हुई है। पुलिस के काम में बाधा पहुंचाने, पुलिस के साथ मारपीट, गाली गलौज के आरोप में एफआईआर दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मारपीट का जो वीडियो बना है उसे भी पुलिस ने सबूत के तौर पर रखा है। लालपुर थाना के एक पुलिस अधाकारी से मारपीट करने के आरोप में जिन दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है, दरअसल वो किसी भी राजनीतिक पार्टी से ताल्लुक नहीं रखते हैं। लालपुर पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि वे लोग फर्जी रूप से गाड़ी में एक राजनीतिक पार्टी का बोर्ड लगाकर चल रहे थे। इस मामले को लेकर भी एफआईआर दर्ज किया गया है।●






# पुलिस का आईना होते हैं ट्रैफिक पुलिस : अनूप बिरथरे

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची शहर में पिछले डेढ़ सालों में यातायात व्यवस्था सुगम हुई है। जब मैं यहां आया था तब लालपुर, कोकर, कांटा टोली चौक में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती थी, लेकिन अब इसमें सुधार हुआ है । जरूरत है बेहतर काम करने की। उक्त बातें रांची जोन के पुलिस उप निरीक्षक अनूप बिरथरे ने यातायात प्रबंधन प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र के समापन समारोह के दौरान जैप के सौर्य सभागार में प्रशिक्षित यातायात जवानों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पुलिस का आईना होते है, ट्रैफिक पुलिस के जवान क्योंकि आप शहर के बीचों बीच हर यातायात पोस्ट में पर तैनात होते हैं। आम जनता से लेकर वीवीआईपी तक की नजर आप पर टिकी होती है, इसलिए ऐसा कोई काम ना करें , जिससे पुलिस का चेहरा या उनकी छवि खराब हो। आप विनम्र और दृढ़ बने। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग कभी ना करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंग में लगे वाहन को प्रत्येक दिन, काम से काम तीन वाहन जरूर जब्त करें। उसमें पोस्टर चिपकाए, ऑनलाइन जुर्माना काटे। इसके अलावा ड्रंक एण्ड ड्राइव अभयन रोजाना चलाएं, क्यों न प्रत्येक दिन दो ही पकड़े जाएं, लेकिन अभियान जारी रखें। दिन भर की गतिविधियों की प्रेस विज्ञप्ति बनवाकर प्रत्येक दिन जारी करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी होमगार्ड के 148 जवानों को प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें 50 महिलाएं हैं। यह काबिले तारीफ है। साथ ही सभी महिलाओं को सप्ताह में एक दिन छुट्टी देने का भी निर्णय लिया गया, जो भी स्वागत योग्य है। वहीं यातायात एसपी डॉ कैलाश करमाली ने कहा कि होमगार्ड के जवान विभिन्न विभागों में किसी न किसी तरह से काम करते थे, अब उनसे यातायात व्यवस्था में सेवा दी जा रही है। उम्मीद है कि हमारे जो 148 जवान द्वितीय सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं , वह बेहतर काम करेंगे। इससे पहले 146 होमगार्ड जवानों को हम लोगो ने प्रशिक्षण दिया था ,जो की अभी सभी पोस्ट पर काम कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महिला यातायात पुलिस के लिए व्यवस्था जारी किया जा रहा है, कि जो जिस एरिया में उसका परिवार है, घर है , इस एरिया के पोस्ट पे उसकी पोस्टिंग की जाएगी। इस मौके पर यातायात डीएसपी प्रथम प्रमोद केसरी, द्वितीय शिव प्रसाद , लालपुर थाना प्रभारी इम्तियाज आलम, गोदा यातायात थाना प्रभारी रवि, कोतवाली कैलाश एवं सभी यातायात थाना प्रभारी सहित 148 प्रशिक्षित यातायात जवान मौजूद थे। वहीं मंच का संचालन यातायात के मेजर अजीत चौबे ने किया।●


## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेल:- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**

# कैश से भरा कंटेनर लेकर चोर हुए फरार

● ओम प्रकाश

राजधानी राँची में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। अबकी बार चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया हाजी चौक में एक बड़ी घटना को अंजाम देते हुए 20 तारिक शुक्रवार की रात्रि में, थाना से डेढ़ किमी की दूरी पर अवस्थित केनरा बैंक के एटीएम को काटकर 6 लाख 72 हजार 500 रुपये उड़ा लिए। घटना की जानकारी मिलते ही रातू पुलिस के होश उड़ गए, क्योंकि कुछ माह पहले भी एटीएम काटकर चोरी और एटीएम जलाने का मामला इसी थाना क्षेत्र में सामने आया था। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात्रि आधा दर्जन की संख्या में आए अपराधियों ने चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए बैंक के एटीएम का कैश कंटेनर ही काटकर अपने साथ लेकर चलते बने। पैसा कैश कंटेनर में ही डाले जाते हैं। एटीएम में हुई चोरी को लेकर पुलिस की टीम राँची जिले के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है। बता दे कि अपराधी दो कार में सवार होकर आये थे। इसमें एक स्कार्पियो रेकी कर रहा था और पूरी गतिविधि पर नजर रखे हुए था। मामले को लेकर पंडरा ओपी के हेहल काजू बागान, आनंद नगर में रहने वाले ईपीएस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी कुमार रितेश की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं फिंगर प्रिंट दस्ते की मदद ली जा रही है। इसमें तकनीकी सेल की भी मदद ली जा रही है। एटीएम में हुई चोरी को लेकर पुलिस की टीम राँची जिले के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है।



एटीएम से होकर निकलने वाले रास्तों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।●

# दीवार छेदकर लाखों जेवर की चोरी कर चोर फरार

● ओम प्रकाश

राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत सिदरौल जोड़ा मंदिर स्थित कनक कॉम्प्लेक्स के माँ भवानी ज्वेलर्स में चोरों ने सेंध मारी कर लाखों के जेवर चोरी कर लिए।चोर दुकान के पीछे की दीवार छेदकर अंदर प्रवेश किए एवं सारा सामान लेकर फरार हो गए। मामले में दुकान के संचालक टाटीसिलवे निवासी गुड्डू सोनी ने 100 ग्राम सोना एवं 4.5 किलो चांदी के नए, पुराने एवं ग्राहक के आभूषण चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दुकान मालिक के अनुसार बुधवार की रात आठ बजे। दुकान बंद कर वे घर चले गये थे।गुरुवार की सुबह 9 बजे दुकान खोल तो देखा काउंटर पर कुर्सी रखा है। अंदर जाकर देखा तो पीछे का दीवार एवं लॉकर का ताला टूटा हुआ था। दुकान में रखे सारे गहने गायब थे। दुकान मालिक ने तुरन्त इसकी सूचना नामकुम थाना को दी।सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुँचे और पूरे मामले की छानबीन की।उसके बाद पुलिस ने मौके पर डॉग स्क्वायड एवं फोरेंसिक जांच की टीम को भी बुलाया। टीम ने आवश्यक जांच कर सेंपल लिया। वहीं पुलिस ने दुकान के पीछे कुछ दूरी से चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किया है।दुकान मालिक गुड्डू के अनुसार लगभग 10.5 लाख के सामान की चोरी हुई है।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी गई है। इधर घटना की सूचना, क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है।उन्होंने पुलिस की गश्त बढ़ाने एवं थाना क्षेत्र में हो रहे अड्डा बाजी पर अंकुश लगाने की मांग की। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद सोना चांदी व्यवसाय संघ के सदस्य घटनास्थल पर पहुँचे एवं थाना प्रभारी से मुलाकात की। संघ के जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में संघ के सदस्यों ने जल्द जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए चोरी हुए सामान की रिकवरी की मांग की है। संघ से गोपाल सोनी, शंभू सोनी, महेश जी, नवीन सोनी, मुन्ना वर्मा आदि मौजूद थे।●









# होम्योपैथी में है हेपाटाइटिस बी से बचाव का दवा

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

भाजपा समर्थक मंच के तहत मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता अनील कुमार शर्मा भाजपा नगर के उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, भाजपा जिला मंत्री। आजकल अखबारों में हेपाटाइटिस बी की चर्चा जोरों पर है। हेपेटाइटिस का अर्थ है लीवर की सूजन और बी शब्द का एक प्रकार के विषाणु (वायरस) की केटेगरी है, इस रोग की पुष्टि एक परीक्षण से होती है। हेपाटाइटिस की अन्य श्रेणियां भी है जैसे ए सी डी ई इत्यादि। यह वर्गीकरण वायरस की कैटेगरी के आधार पर किया जाता है हेपेटाइटिस बी के वायरस द्वारा संक्रमित लीवर की इस बीमारी में यदि रोग शीघ्र पकड़ में आ जाए तो ठीक होने की संभावना अधिक रहती है, किंतु रोग बहुत गहरा हो जाने पर इसकी तुलना एड्स से भी अधिक घातक बताई जाती है ,यही कारण है कि इस रोग से बचाव के लिए अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। आजकल एलोपैथी में इस रोग से बचाव के लिए महंगे महंगे इंजेक्शन की वैक्सीन लगवाने के दौड़ खूब जोरों पर चल रहा है इसके साथ साथ-साथ संक्रामक बीमारी होने के कारण अन्य उपायों पर भी बहुत ध्यान दिया जा रहा है जैसे दूषित पानी, दूषित खाद्य पदार्थ का सेवन न करें ,साफ सफाई का भरपूर ख्याल रखें आदि -आदि। हेपेटाइटिस बी से ग्रसित होने पर प्रारंभ में रोग लक्षण बिल्कुल स्पष्ट नहीं होते। नवजात शिशु में तो और भी मुश्किल है, फिर भी लीवर की सूजन संबंधी रोग है, इसलिए लीवर के अन्य रोगों के समतुल्य इस रोग के लक्षण होते हैं ,भूख न लगना अत्यधिक थकावट प्रकट होना, ठंड लगना, हल्का बुखार, शरीर में दर्द और बाद में पीलिया या पीलिया जैसे लक्षण होना। दस्त लगना ,दाहिने तरफ की पसली में भारीपन और दर्द , मिचली आदि अलग-अलग किस्म के सहायक लक्षण उपसर्ग जैसे वजन घटना आदि प्रकट होते हैं। इस रोग की गंभीर अवस्था में रोगी का लीवर बहुत खराब हो जाता है इसके कारण लीवर में सूजन ,पेट में पानी भर जाना तथा बेहोशी ,मुर्छा,पेशाब में रक्त,सांस रुकना अंत में मृत्यु के शिकार तक हो सकते हैं। घ्घ रोगग्रस्त हो जाने पर होम्योपैथी से रोगी के शारीरिक, मानसिक और व्यक्तिगत लक्षणों और अनुभूतियों में साथ-साथ अन्य सहकारी उपसर्ग व अन्य दावों को माध्यम से रखकर अपेक्षित औषधि का चयन किया जाता है।इस रोग में लक्षणों के आधार पर ब्रायोनिया, चिलीडोनियम,मेजस, आर्सेनिक एल्बम, लाइकोपोडियम, फास्फोरस ,नेट्रम सल्फ , मर्क सोलल आदि।





होम्योपैथी के माध्यम से हेपाटाइटिस बी से बचाव के लिए निम्नांकित तीन दवाइयां का सेवन आगे बताएं निर्देशानुसार कम खर्चे में प्राप्त कर सकते हैं। यह तीन दवाइयां इस प्रकार है :-

☞ पहले दवा नक्स वोमिका 1एम
☞ चायना आफिसिलेस 1 एम
☞ काली म्यूर 1 एम

**✯ सेवन करने का विधि :-**

☞ सर्वप्रथम नक्श वोमिका एक एम,एक बार रोज पांच दिन तक लें।

☞ छठे दिन चायना एक एम एक बार रोज पांच दिन तक लें।

☞ दसवें दिन काली म्यूर 1 एम एक बार रोज लें

इसी प्रकार से एक माह में औषधीय का तीन चक्र चलाकर छोड़ दें। यह दबाव प्रतिरोधक का काम करेगा। कोई भी दवा चिकित्सा के सलाह से इस्तेमाल करें। इस अवसर पर रेखा शर्मा पूजा कुमारी, मनीषा कुमारी, अनीता पाटनी, रश्मि पटेल, उषा दुबे, टीपू सिंह, जितेंद्र मिस्त्री, संजू देवी, शोभा पटेल,ममता पटेल, अनामिका पटेल, अनामिका पांडे आदि मौजूद थे।●



# 18 सितम्बर से शुरू होगा पितृपक्षारम्भ, 2 अक्टूबर को होगा समाप्त

● निलेन्दु झा

ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान, डॉ रहमान चौक,सहरसा के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया है, की वर्ष 2024 में 18 सितंबर से शुरू होगा पितृपक्ष,02 अक्टूबर बुधवार को होगा समाप्त! ब्रह्म पुराण के श्राद्ध प्रकाश में श्राद्ध पक्ष के महत्व का वर्णन मिलता है जिसमें कहा गया है कि जो उचित काल,पात्र एवं स्थान के अनुसार, शास्त्रोचित विधि से पितरों को लक्ष्य करके श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दिया जाता है, वह श्राद्ध है,हिंदू ग्रंथ ऋग्वेद में पितृगण तीन श्रेणियों के बताए गए हैं निम्न, मध्यम और उच्च तो वहीं तीन तैतरीय ब्राह्मण में इस बात का उल्लेख है कि पितर लोग जिस लोक में निवास करते हैं, वह भू-लोक और अंतरिक्ष के बाद है। ज्योतिषाचार्य प. तरुण झा जी ने बताया की पितरों के लिए हम जो कुछ भी श्रद्धापूर्वक अर्पण करते हैं, उसे अग्नि देवता उनके पास पहुंचा देते हैं, इसी कारण सूर्यास्त के बाद यह अनुष्ठान नहीं किया जाता, बौधायन धर्मसूत्र में के अनुसार जो व्यक्ति पितृ कर्म करता है, उसे लंबी आयु, स्वर्ग, यश और समृद्धि की प्राप्ति होती है,भारत में कई तीर्थ ऐसे हैं जहां श्राद्ध, पिण्डदान करने का कार्य किया जाता है, लेकिन उनमें गया को सबसे उत्तम माना गया है,वशिष्ठ धर्मसूत्र में इस बात को स्पष्टता के साथ कहा गया है कि जैसे एक किसान अच्छी बारिश से प्रसन्न होता है, वैसे ही गया में पिण्डदान से पितर प्रसन्न होते हैं, नारद पुराण के उत्तर भाग में वर्णन है कि जो पितृ कर्म का अधिकार रखता हो, गया के दर्शन व वहां श्राद्ध करने से ब्रह्मलोक पा जाता है। श्राद्ध के दिन हम तर्पण करके अपने पूर्वजों का स्मरण करते हैं और ब्राह्मणों या जरूरतमंद लोगों को भोजन और दक्षिणा अर्पित करते है।



☞ **श्राद्ध से जुड़ी पौराणिक कथा :-** जब महाभारत युद्ध में महान दाता कर्ण की मृत्यु हुई, तो उसकी आत्मा स्वर्ग चली गई, जहां उसे भोजन के रूप में सोना और रत्न चढ़ाए गए। हालांकि, कर्ण को खाने के लिए वास्तविक भोजन की आवश्यकता थी और स्वर्ग के स्वामी इंद्र से भोजन के रूप में सोने परोसने का कारण पूछा। इंद्र ने कर्ण से कहा कि उसने जीवन भर सोना दान किया था, लेकिन श्राद्ध में अपने पूर्वजों को कभी भोजन नहीं दिया था। कर्ण ने कहा कि चूंकि वह अपने पूर्वजों से अनभिज्ञ था, इसलिए उसने कभी भी उसकी याद में कुछ भी दान नहीं किया। संशोधन करने के लिए, कर्ण को 15 दिनों की अवधि के लिए पृथ्वी पर लौटने की अनुमति दी गई, ताकि वह श्राद्ध कर सके और उनकी स्मृति में भोजन और पानी का दान कर सके,इस काल को अब पितृ पक्ष के नाम से जाना जाता है।

☞ **तर्पण पितामह को जल देने का मंत्र :-** जल देते समय ध्यान करें और वसु रूप में मेरे पिता जल ग्रहण करके तृप्त हों. इसके बाद जल दें, साथ ही अपने गोत्र का नाम लेकर बोलें, गोत्रे अस्मत्पितामह (पितामह का नाम) वसुरूपत् तृप्यतमिदं तिलोदकम गंगा जलं वा तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः. इस मंत्र से पितामह को भी 3 बार जल दें! ●

# आपका राशिफल

**पंडित तरुण झा**

**ज्योतिषचार्य**

**( ज्योतिष, वास्तु एवं रत्न विशेषज्ञ )**

**ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान**

**प्रताप चौक, सहरसा-852201,**

**( बिहार )**

**मो० :- 9470480168**





**मेष राशि :-** मेष राशि के जातकों का लम्बे समय से रुके हुए कार्य इस महीने पूरे होने की संभावना है, जो जातक टेक्निकल क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें बहुत कुछ अच्छा सिखने को मिलेगा,अपनी सफलता की राह में किसी बाहरी व्यक्ति को बीच में न आने दें,कार्यक्षेत्र में सभी तरह की चुनौतियों से सामना करने के लिये तैयार रहें,आर्थिक मामलों को लेकर किसी व्यक्ति से मुलाकात होगी।



**वृषभ राशि :-** वृषभ राशि के जातक परिवारवालों के साथ समय व्यतीत करेंगे, जैसे-जैसे समय बीतेगा, वैसे ही सभी काम असानी से पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति में लाभ की सम्भावना बन रही है, शिक्षा ग्रहण कर रहे जातकों के मन में कई तरह के विचार आयेंगे, पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, परिवार में चल रही कोई पुरानी समस्या हल हो सकती है, माहौल खुशनुमा रहेगा।



**मिथुन राशि :-** मिथुन राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र में रुके हुए सभी कार्य अच्छी तरह और आसानी से पूरे होंगे,घर में बड़े बुजुर्गो से बातचीत करने से आपको उनका सहयोग प्राप्त होगा, घर में सभी के साथ तालमेल बनाए रखें!



**कर्क राशि :-** कर्क राशि के जातकों जो वकालत के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं,इस महीने उनका समाज में नाम होगा,किसी दोस्त के जरिए आपको धनलाभ होने की संभावना है, परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे, जिस कारण आपके बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे, आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं!



**सिंह राशि :-** सिंह राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र में प्रमोशन या सम्मान के वो बहुत नजदीक हैं तो,इस महीने आपको अपनी मेहनत में थोड़ा इजाफा करने की आवश्यकता है, शिक्षा ग्रहण कर रहे जातकों को आज शांत होकर विचार करना होगा और अपने काम के प्रति एकाग्रता लानी होगी, मेहनत करते रहें परिणाम अच्छा मिलेगा, विवाहित जातक आपने जीवनसाथी पर विश्वास बनायें रखें , रिश्ते में मधुरता आएगी और रिश्ता मजबूत रहेगा।



**कन्या राशि :-** कन्या राशि के जातकों का मिलने वाले ज्यादातर समाचार आपके पक्ष में रहेंगे,कार्यक्षेत्र में सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर बहस हो सकती है, इधर उधर की बातों से बचने की कोशिश करें, आवश्यकता पड़ने पर ही बोलें।



**तुला राशि :-** तुला राशि के जातकों के लिए जीवनसाथी द्वारा अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है,घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। परिवार के साथ धार्मिक कार्यो में शामिल हो सकते हैं, किसी पुराने दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है। व्यापार करने वाले जातकों को आज व्यापार में अत्यधिक लाभ होगा। शिक्षा ग्रहण कर रहे जातकों को ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है। लंबे समय से रुके सभी कार्य पूर्ण होंगे।



**वृश्चिक राशि :-** वृश्चिक राशि के जातकों का आज का दिन उत्तम रहने वाला है, अगर आप अपने लिए कुछ खास करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। नौकरी कर रहे जातकों को आज कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप बखूबी निभाएंगे,राजनीति के क्षेत्र में किस्मत आजमा रहे जातकों का आज सामाजिक क्षेत्र में मान सम्मान बड़ेगा। परिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे, घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। माता पिता की सलाह अपके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगी।



**धनु राशि :-** धनु राशि के जातकों के बहुत महत्वपूर्ण है, व्यापार कर रहे जातक अपने व्यापार संबंधित किसी कार्य में बडों की मदद लेंगे, किसी नए प्रोजेक्ट में हाथ डालने से पहले उसकी अच्छे से जानकारी लें, अन्यथा भविष्य में नुकसान उठाना पड़ सकता है, शारीरिक दृष्टि से स्वास्थ्य फिट रहेगा, परिवार के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।



**मकर राशि :-**मकर राशि के जातक जो नौकरी कर रहे हैं और कोई भी बड़ा फैसला लेना चाहते हैं तो उसमे सावधानी बरतें,शिक्षा ग्रहण कर रहे जातकों के लिए समय अनुकूल है, सफलता जरूर मिलेगी। राजनीति कर रहे जातकों को थोड़ी-सी मेहनत और करनी होगी, जिससे आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। व्यापार करने वाले जातकों को अत्यधिक लाभ होता दिखाई दे रहा है।



**कुंभ राशि :-** कुंभ राशि के जातक को जो नौकरी कर रहे हैं, कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त होगी, साथ ही आपका प्रदर्शन उम्मीद से अच्छा रहेगा। रहन सहन में बदलाव करने की आवश्यकता है, परिवार के साथ किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन आप अपनी समझदारी से इसे सुलझाने में सफल रहेंगे, व्यापार के क्षेत्र में किस्मत आजमा रहे जातकों को आज किसी बड़े कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है।



**मीन राशि :-** मीन राशि के जातकों का मन में सकारात्मक विचार बनाए रखेने की जरुरत हैं,किसी भी प्रकार की बहस और वाद विवाद में पड़ने से बचें, जिससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है,शिक्षा ग्रहण कर रहे जातक अच्छे से मेहनत करेंगे तो सकारात्मक परिणाम मिलेगा,परिवार का माहौल खुशनुमा रहने वाला है।

**✯ अगर कोई नेता अपने भाषण से विभिन्न जातियों एवं धर्मों के लोगों के बीच नफरत पैदा करने वाला कोई बयान या भाषण देता है तो उसके लिए उन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 के कानून में किस प्रकार के सजा का प्रावधान किया गया है ?**

यदि कोई व्यक्ति चाहे वह नेता हो या आम पब्लिक हो या किसी भी क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्ति हो वह धर्म मूल वंश जन्म स्थान निवास स्थान भाषा इत्यादि के आधारों पर समाज के विभिन्न जाति वर्गो या समूहों के बीच शत्रुता या नफरत एवं सौहार्द के वातावरण को खराब करने के उद्देश्य से अगर कार्य करते हैं तो उनके लिए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 196 में बहुत कड़ी सजा का प्रावधान है भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 196 में जो वर्णन है उसके अनुसार कोई व्यक्ति जो बोले गए या लिखे गए शब्दों द्वारा या संकेतों द्वारा या दृश्य रूपों द्वारा या अन्यथा विभिन्न धार्मिक मूल्य वंशीय या भाषाई या प्रादेशिक समूह जातियों या समुदायों के बीच सौहार्द, शत्रुता ,घृणा या वह मनुष्य की भावनाएं धर्म मूल वंश जन्म स्थान निवास स्थान भाषा जाति या समुदाय के आधारों पर या अन्य किसी भी आधार पर लोगों को भड़काने या उकसाने का प्रयास करेगा या कोई ऐसा कार्य करेगा जो विभिन्न धार्मिक मूल भाषाई या प्रादेशिक समूह या जातियों या समुदायों के बीच सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है और जो लोग शांति में विघ्न डालता है या जिससे कार्य से विघ्न होना संभव हो अथवा कोई ऐसा प्रयास आंदोलन कवायद या अन्य वैसा ही क्रियाकलाप इस आशय से करेगा कि ऐसे क्रियाकलाप में भाग लेने वाले व्यक्ति किसी धार्मिक मूल वंशीय भाषाई या प्रादेशिक समूह या जाति या समुदाय के विभिन्न आपराधिक बल या हिंसा का प्रयोग करेंगे या प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षित किए जाएंगे या यह जानते हुए संचालित करेगा कि ऐसे क्रियाकलाप में भाग लेने वाले व्यक्ति किसी धार्मिक मूल वंशीय भाषा प्रादेशिक समूह या जाति या समुदाय के विरुद्ध अपराध इकबालिया हिंसा का प्रयोग करेंगे या प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षित किए जाएंगे जिससे समाज में असुरक्षा डर भय की भावना उत्पन्न होती है तो ऐसे दोषी व्यक्ति को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 196 (1) के अनुसार 3 वर्ष तक की कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है द्यचुनाव के वक्त चुनाव आयोग खासकर यह दिशा निर्देश सभी राजनीतिक पार्टियों को देती है कि वह अपने उम्मीदवारों को यह सख्त हिदायत दें कि वह चुनाव प्रचार में ऐसी कोई बात जनता के सामने उनके भावनाओं को भड़काने वाली बात नहीं करेंगे अगर वह ऐसा करते हुए पाए जाते हैं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और उन पर जनप्रतिनिधि अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 में जो अपराध के लिए धाराएं हैं उनके अनुसार उन पर मुकदमा चलेगा और उन्हें दोषी पाए जाने पर दंड का भागीदार भी बनना पड़ेगा।

**✯ दहेज देने या लेने के लिए या दहेज के लिए प्रताड़ित करने की अपराध के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023 में कितने वर्षों की सजा का प्रावधान किया गया है?**

यदि कोई व्यक्ति दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के प्रावधान लागू होने के पश्चात दहेज देगा या लेगा अथवा दहेज देने या लेने के लिए दुषप्रेरित करेगा तो उसे 5 वर्षों तक की सजा और कम से कम 15,000/- रुपये तक का जुर्माना या ऐसे दहेज के मूल्य तक की राशि इनमें से जो भी अधिक हो की सजा दी जा सकती है इसकी व्यवस्था दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 में किया गया है साथ ही अगर कोई व्यक्ति दहेज के लिए या किसी अन्य बातों के लिए अपनी पत्नी के प्रति क्रूरता का व्यवहार करता है या क्रूरता करता है तो इसके लिए दंड की व्यवस्था भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85 में किया गया है जिसके तहत दोषी व्यक्ति को

शिवानंद गिरि
( अधिवक्ता )
Ph.- 9308454485
7004408851
E-mail :-shivanandgiri5@gmail.com




3 वर्षों तक के लिए कारावास और जुर्माना हो सकता है यह एक संगेय अपराध माना जाता है साथ ही यह अजमानतीय भी होता है ,इसका विचारण फर्स्ट क्लास जुडिशल मजिस्ट्रेट करते हैं।

**✯ क्या किसी मुकदमे को लड़ने से वकील मना कर सकता है?**

सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता समुदाय को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया था कि वकील या उनके संगठन किसी अभियुक्त की ओर से न्यायालय में पेश होने से इंकार नहीं कर सकते हैं भले ही वह आतंकी बलात्कारी हत्यारा या कोई अन्य क्यों ना हो ,इस तरह का कोई भी इनकार संविधान का बार काउंसिल के मानकों का और भगवत गीता के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। न्यायाधीश मार्कंडेय काटजू और ज्ञान सुधा मिश्रा की पीठ ने अपने एक आदेश में इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि देशभर में बार एसोसिएशन और वकीलों द्वारा किसी न किसी कारण से अभियुक्तों की ओर से न्यायालय में पेश नहीं होने का चलन बढ़ रहा है ।न्यायमूर्ति कि उक्त खंडपीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि पेशेवर आचार नीति की मांग है कि यदि मुदालय फीस देने को तैयार है तो वकील बहस करने से इनकार नहीं कर सकता है इसलिए बार एसोसिएशन का इस तरह का प्रस्ताव कि उनका कोई भी साथी किसी खास अभियुक्त के मामले में न्यायालय में पेश नहीं होगा संविधान कानून और पेशेवर आचार नीति के सभी मानदंडों के विरुद्ध तथा बार एसोसिएशन की महान परंपरा के भी विरुद्ध है जो हमेशा किसी अपराध के लिए अपराधी का बचाव करने के लिए तत्पर रहती है ।वर्ष 2007 में एक आंदोलन के दौरान पुलिसकर्मियों और कोयंबटूर के वकीलों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध दार आपराधिक मामलों को खारिज करते हुए खंडपीठ ने उपर्युक्त निर्णय दिया था।


**✯ क्या पुलिस किसी अपराधी की गिरफ्तारी करते समय गिरफ्तारी का विरोध करने पर उसकी हत्या भी कर सकती है?**

यदि कोई व्यक्ति गिरफ्तारी का बलपूर्वक विरोध करता है तो पुलिस अधिकारी हत्या के अभियुक्त व्यक्ति की मृत्यु कारित कर सकता है द्य भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 43( 4 ) से यह स्पष्ट होता है कि यदि मृत्यु या आजीवन कारावास से दंडनीय अपराध का अभियुक्त अपनी गिरफ्तारी का बलपूर्वक विरोध करता है तो पुलिस अधिकारी उसकी मृत्यु कारित कर सकता है या अगर खतरनाक अपराधी जिस पर हत्या का आरोप हो वह कैद से फरार हो रहा हो तो उसकी हत्या पुलिस कर सकती है या सेल्फ डिफेंस में भी पुलिस वैसे मुदालय की हत्या कर सकती है। पुलिस द्वारा फर्जी एनकाउंटर के मामले भी काफी चर्चा में इन दिनों रहे हैं खासकर उत्तर प्रदेश राज्य में कई फर्जी एनकाउंटर की बातें मीडिया में सुनने को मिली है जब भी कोई एनकाउंटर का विरोध होता है तो सरकार उसे सीबीआई के हवाले जांच करने के लिए भेज देती है ताकि उनके सरकार की फजीहत ना हो।













केवल सच पत्रिका परिवार की ओर से समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं पत्रकारों सहित देशवासियों को नवरात्र (दशहरा) की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.
## (Serving nation since 1990)




WESTOCITRON
WESTOCLAV
WESTOFERON
WESTOPLEX
QNEMIC




AOJ
AZIWEST
DAULER
MUCULENT
AOJ-D
BESTARYL-M
GAS-40
MUCULENT-D







SEVIPROT
WESTOMOL
WESTO ENZYME
ZEBRIL

WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.
WD
Dispersing Happiness

**WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.**
Industrial area, Fatuha-803201
E-mail- westerlindrugsprivatelimited@gmail.com
Phone No.:0162-3500233/2950008